ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 07 ● विक्रम संवत 2080 ● सोमवार, 04 दिसंबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 298 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

'एनिमल' में खलनायक का किरदार निभाने के ... पेज 12 पर



## एक नजर

### शीतकालीन सत्र की रणनीति पर इंडिया गठबंधन का मंथन आज

**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियों के नेता सोमवार सुबह बैठक करेंगे, जिसमें संसद के शीतकालीन सत्र के लिए रणनीति बनाने पर चर्चा करेंगे। कांग्रेस के एक नेता ने बताया कि इंडिया गठबंधन संसदीय नेताओं की बैठक सोमवार सुबह 10 बजे राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में होगी। शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है और 22 दिसंबर तक चलेगा। इंडिया गठबंधन के नेता सत्र के दौरान संसद में उठाए जाने वाले कई मुद्दों पर निर्णय लेंगे, पैसे लेकर सवाल पूछने के कथित मामले में संसद की आचार समिति भी तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। सत्र के दौरान औपनिवेशिक काल के आपराधिक कानूनों को बदलने वाले तीन विधेयकों पर भी चर्चा होगी। इस सत्र के दौरान अस्थायी रूप से 19 विधायी और दो वित्तीय विधेयक पेश किए जाने की संभावना है।

### कांग्रेस गठबंधन में बड़े भाई की तरह शर्तें थोपना बंद करे

**कोलकाता।** राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि समय आ गया है कि देश की सबसे पुरानी राष्ट्रीय पार्टी अब इंडिया गठबंधन में बड़े भाई तरह अपनी शर्तें थोपना बंद कर दे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव के नतीजों पर हालांकि कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, लेकिन राज्य में पार्टी के कुछ प्रवक्ताओं ने कांग्रेस पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। सबसे पहले राज्य तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की विफलता को इंडिया गठबंधन की विफलता के रूप में नहीं देखा जा सकता। उन्होंने रविवार की दोपहर में कहा, "यह भाजपा की सफलता से ज्यादा कांग्रेस की विफलता है।

### देश की सबसे बड़ी बुद्ध प्रतिमा का बोधगया में हुआ अनावरण

**गया।** देश की सबसे बड़ी बुद्ध प्रतिमा का रविवार को बिहार के बोधगया स्थित बुद्धा वेलफेयर मिशन के प्रांगण में भव्य तरीके से अनावरण किया गया। विभिन्न देशों के बौद्ध शीर्ष धर्म गुरुओं ने संयुक्त रूप से प्रतिमा का अनावरण किया। सैकड़ों की संख्या में बौद्ध भिक्षु उपस्थित थे, जिन्होंने धार्मिक मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह प्रतिमा 100 फीट की है, जो भगवान बुद्ध के शयन मुद्रा में स्थापित की गई है। इस मौके पर बुद्धा वेलफेयर मिशन के फाउंडर सेक्रेटरी भंते आर्यपाल ने बताया कि बोधगया अवस्थित बुद्धा वेलफेयर मिशन के परिसर में स्थापित इस प्रतिमा के निर्माण में 2 साल लगे हैं।

# तीन राज्यों में भाजपा का खिला कमल


■ तेलंगाना में कांग्रेस को मिला स्पष्ट बहुमत ■ मिजोरम में मतगणना आज सुबह आठ बजे से



**एजेंसी। नई दिल्ली**

2024 के लोकसभा चुनाव के पूर्व सेमी फाइनल कहे जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में रविवार को चार राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व तेलंगना का परिणाम आ गया। इसमें भाजपा को पहले तीन राज्यों में शानदार जीत मिली जबकि तेलंगाना में कांग्रेस को बहुमत मिला है। मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती सोमवार सुबह शुरू होगी जिसके लिए सभी 11 जिलों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एच. लियानजेला ने कहा कि महिलाओं सहित चार हजार से अधिक अधिकारियों को लगाया गया है जो रविवार सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती के लिए राज्य भर के 13 केंद्रों पर तैनात रहेंगे। चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार, रात 8 बजे तक मध्य प्रदेश में भाजपा 128 सीटों पर जीत दर्ज कर बहुमत का आंकड़ा पार कर चुकी है। वहीं कांग्रेस 38 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है। राज्य की 168 सीटों पर मतगणना पूरी हो चुकी है और 62 सीटों पर अभी भी मतगणना चल रही है। जीत और निर्णायक बढ़त के अनुसार यहां भाजपा को 163 सीट मिल रही है जबकि कांग्रेस को 66 सीट। राजस्थान में भाजपा 115 सीटों पर जीत दर्ज कर बहुमत का आंकड़ा पार कर चुकी है। वहीं कांग्रेस 68 सीटों पर जीत चुकी है। वहीं बसपा को 2 सीटों पर जीत मिली है। राजस्थान में 198 सीटों पर मतगणना पूरी हो चुकी है और सिर्फ एक सीट पर मतगणना बाकी है। छत्तीसगढ़ में भाजपा 34 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है। 20 पर निर्णायक बढ़त बनाए हुए है। इस तरह यहां आंकड़ा 54 पहुंच रहा है वहीं कांग्रेस के पाले में 36 सीटें आ रही हैं। तेलंगाना में कांग्रेस 64 सीटों पर जीत दर्ज कर बहुमत हासिल कर चुकी है। वहीं बीआरएस को 39 सीटों पर जीत मिली है।

## तीन राज्यों में भगवा लहर तेलंगाना में कांग्रेस



| | भाजपा | कांग्रेस | अन्य | बहुमत/सीटें |
|---|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | 163 | 66 | 01 | 116/230 |
| राजस्थान | 115 | 69 | 05 | 100/199 |
| छत्तीसगढ़ | 54 | 36 | 00 | 46/90 |

| तेलंगाना (सीटें : 119, बहुमत : 60) | कांग्रेस | बीआरएस | भाजपा | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| | 64 | 39 | 08 | 08 |

**भाजपा कार्यालय में चुनावी नतीजों पर बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

# आज की हैट्रिक ने 24 के हैट्रिक की गारंटी दे दी है

### चुनाव के दौरान देश को जातियों में बांटने की भरपूर हुई कोशिश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों में मिली जीत का जश्न मनाने के लिए रविवार की शाम भाजपा केंद्रीय कार्यालय-विस्तार पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव का एजेंडा सेट हो गया है। जातीय जनगणना एवं ओबीसी आरक्षण की मांग कर रहे राहुल गांधी एवं अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इन चुनावों में देश को जातियों में बांटने की भरपूर कोशिश हुई।



लेकिन वह लगातार कहते रहे कि उनके लिए सबसे बड़ी जाति गरीब, युवा, महिलाएं और किसान हैं और इन चारों जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित भारत बनाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव की यह हैट्रिक ने 2024 लोकसभा चुनाव के हैट्रिक की गारंटी दे दी है। ये चुनाव नतीजे भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का जनसमर्थन है। उन्होंने कहा, ये नतीजे कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन के लिए भी एक सबक है। जनता ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों को बता दिया है कि सुधर जाइए, नहीं तो जनता इसी तरह से साफ कर देगी।

मोदी ने भाजपा की जीत को सुशासन और विकास की जीत बताते हुए कहा कि आज देश की चारों जाति- गरीब, युवा, महिलाएं और किसान भाजपा की जीत को अपनी जीत मान रहा है। देश का युवा सिर्फ विकास चाहता है और डबल इंजन की सरकार का मैसेज जनता तक पहुंच गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हर एक फर्स्ट टाइम वोटर गर्व से कह रहा है कि वो खुद जीता है। इस जीत में हर महिला अपनी जीत देख रही है। इस जीत में बेहतर भविष्य का सपना देखने वाला हर युवा अपनी जीत देख रहा है। हर वो नागरिक इसे अपनी सफलता समझ रहा है, जो 2047 में भारत को एक विकसित राष्ट्र देखना चाहता है।

उन्होंने कहा, आज हर गरीब कह रहा है- वो खुद जीता है। आज हर वंचित के मन में भावना है- वो खुद जीता है। आज हर किसान यही सोच रहा है- वो खुद जीता है। आज हर आदिवासी भाई-बहन ये सोचकर खुश है कि वो खुद जीता है। दुनिया देख रही है कि जनता सोच-समझकर पूर्ण बहुमत वाली सरकार के लिए वोट कर रही है। मोदी ने कहा, शेष पृष्ठ 11 पर

### जारी रहेगी विचारधारा की लड़ाई : राहुल



मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में हार पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वह इन राज्यों में हार को स्वीकर करते है।

### खड़गे ने तेलंगाना के लोगों को दी बधाई



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जीत के लिए तेलंगाना की जनता का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'मैं तेलंगाना के लोगों को उनसे मिले जनादेश के लिए धन्यवाद देता हूं।

### इंडिया की बैठक में हार की होगी समीक्षा



चुनावी नतीजों के बीच एनसीपी नेता शरद पवार ने कहा, 'ये नतीजे अपेक्षित थे, 6 तारीख को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक होगी।

## मप्र बन गया सर्वोच्च मॉडल

**संघ की योजना अब उप्र को सुपर मॉडल बनाने की**

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

भाजपा की जननी, संघ ने अपनी क्षमता दिखा दी। मप्र में पूरी शक्ति से अपने को झोंक दिया। शिवराज से कह दिया -अपने किये कार्यों पर,आगे करने के वादों पर पूरा दम लगाते हुए चुनाव मैदान में आगे बढ़ो, संघ पूरी तरह साथ है। जब भाजपा की जननी से ही यह संबल व साथ चट्टान की तरह मिल गया, तब शिवराज ने अपने को पूरी तरह से प्रचार में झोंक दिया। और उसमें केवल अपने किये कार्यों और अगली बार आएंगे तो क्या करेंगे, बताने लगे। यह भी कहना शुरू कर दिया कि यदि वह सत्ता में नहीं आएंगे, तो ये सारी योजनाएं बंद हो जाएंगी। इसी क्रम में बहनों के लिए लाडली योजना को और प्रभावी व ज्यादा लाभ वाली बनाने की बात कही। इस दौरान यह भी हुआ कि केन्द्रीय कार्यालय से सोशल मीडिया पर जो प्रचार मप्र के चुनाव के मद्देनजर किया जा रहा था, वह बंद हो गया। शिवराज ने जब आग्रह किया कि सोशल मीडिया पर केंद्रीय टीम जो प्रचार मप्र के लिए कर, करा रही है, उसे बंद नहीं किया जाए, जारी रखा जाए। लेकिन संदेश मिला कि राज्य में सोशल मीडिया से प्रचार राज्य की यूनिट करेगी। संघ से जुड़े कार्यकर्ता जो मप्र में लगे हुए थे, उनने देखा कि केन्द्रीय कार्यालय टीम से राजस्थान, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना का तो सोशल मीडिया पर प्रचार कराया जा रहा है, मप्र का नहीं। उसके बाद योजना के तहत संघ व शिवराज की टीम ने मप्र में सोशल मीडिया पर प्रचार की कमान संभाली। और उसे बहुत ही आक्रामक तरीके शेष पृष्ठ 11 पर

# राज्यपाल ने केसीआर को नई सरकार के गठन तक पद पर बने रहने को कहा

**हैदराबाद।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत के बाद तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने रविवार को राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन को अपना इस्तीफा भेज दिया। राजभवन से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, राज्यपाल को मुख्यमंत्री का इस्तीफा मिल गया है। विज्ञप्ति में कहा गया, राज्यपाल ने



उनका त्यागपत्र स्वीकार कर लिया और नई सरकार के गठन तक उनसे पद पर बने रहने का अनुरोध किया। इससे पहले, जब यह स्पष्ट हो गया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सत्ता बरकरार नहीं रखेगी, तो केसीआर ने एक अधिकारी के माध्यम से राजभवन को अपना इस्तीफा भेज दिया। बताया गया है कि मुख्यमंत्री केसीआर मेडक जिले के एर्रावल्ली गांव स्थित अपने फार्महाउस के लिए रवाना हो गए हैं।

# गैंगस्टर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या

### पुलिस छावनी में तब्दील हुआ धनबाद जेल

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

झारखंड के धनबाद मंडल कारा में गैंगवार की घटना में गैंगस्टर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या की दी गई। अमन सिंह को 6 गोली लगी है। चार गोली उसके पेट में लगी और दो गोली सिर में लगी है। जिससे अमन सिंह की मौत हो गई है। घटना के बाद धनबाद मंडल कारा में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पूरे मंडल कारा में इमर्जेंसी बेल बजने लगी, सूचना मिलते ही डीसी वरुण रंजन और एसएसपी संजीव कुमार मंडल कारा पहुंचे हैं। उनके साथ एसडीएम उदय रजक, सीटी एसपी, डीएसपी समेत दर्जनों अधिकारी पहुंचे हुए हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है, पूरे जेल को पुलिस छावनी बना दिया गया है। सैकड़ों



**उठते सवाल**

जेल के अंदर आखिर पिस्टल कहां से आया?

जेल प्रशासन में ऐसा कौन था जिसमें पिस्टल अंदर पहुंचाया।

नीरज सिंह के हत्यारोपी अमन सिंह को गोली किसने मारी?

पुलिस जवानों को जेल में तैनात किया गया है। वहीं जेल में दिन दहाड़े गोलीमार कर की गई हत्या के बाद शहर के लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। जेल प्रबंधन पर कई तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं। हर कोई सवाल कर रहा है कि जेल के अंदर पिस्टल और गोली कैसे पहुंची। क्या जेल प्रशासन की इसमें मिलीभगत है। वहीं अमन को गोली मारकर हत्या करने वाले को लेकर भी लोग सवाल पूछ रहे हैं। लेकिन खबर लिखे जाने तक हत्यारे के विषय में कोई जानकारी नहीं मिली है। मालूम हो कि कुछ दिनों पहले जेल के अंदर ही सिंह मेंशन समर्थकों व वाशेपुर गैंग के सदस्यों के बीच मारपीट हुई थी। इसमें सिंह मेंशन समर्थकों ने वाशेपुर गैंग के लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा था।

बताया जा रहा है कि धनबाद जेल में गोली लगने के बाद आनन-फानन में अमन सिंह को एसएनएमएमएच में लाया गया। अस्पताल को भी पूरी तरीके से छावनी में बदला गया है, वहां किसी को जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है। वहीं जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी धनबाद मंडल कारा में कैंप किए हुए हैं। वे पूरे जेल की छानबीन कर रहे हैं और पता लगाने की कोशिश कर शेष पृष्ठ 11 पर

### शूटर अमन के हत्यारे की हुई पहचान

जेल के भीतर कुख्यात अपराधी की एक दो नहीं, बल्कि छह गोलियां मार कर हत्या कर दी जाती है, वो भी दिनदहाड़े। रविवार की दोपहर करीब तीन बजे पूर्व मेयर नीरज सिंह हत्याकांड के मुख्य आरोपित और शूटर अमन सिंह जिसके खिलाफ धनबाद के विभिन्न थानों में हत्या और रंगदारी के दर्जनों मामले दर्ज है, उसकी अज्ञात अपराधियों द्वारा जेल की चहारदीवारी के भीतर गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस संबंध में घंटों धनबाद जेल में तफ्तीश कर बाहर निकले उपायुक्त वरुण रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संजीव कुमार ने कहा कि गोली चलाने वाले कि पहचान कर ली गई है। इससे लगातार पूछताछ जारी है।

# मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में कौन बनेगा सीएम!



सुनील बादल

**मध्य प्रदेश**, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विजयश्री के बाद बीजेपी के लिए इन राज्यों में मुख्यमंत्री चुनना किसी चुनौती से कम नहीं है। शिवराज सिंह, वसुंधरा राजे, रमन सिंह का अपने अपने प्रदेश में वर्चस्व है, आगामी लोकसभा चुनाव में अंदरूनी ध्रुवीकरण रोकने के लिए पार्टी फिर से इन्हें सीएम घोषित करेगी या फिर नए चेहरों को मौका देगी देखना दिलचस्प होगा।

मध्य प्रदेश में बीजेपी ने सीएम शिवराज सिंह चौहान के चेहरे की बजाय सामूहिक नेतृत्व में लड़ने का फैसला किया और नया प्रयोग करते हुए कई सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को चुनाव में उतारा था।

**बीजेपी की असली लड़ाई शुरू हुई अब**



बीजेपी के ज्यादातर दिग्गज चुनाव जीत चुके हैं। बीजेपी की जीत में मोदी फैक्टर के साथ-साथ शिवराज सरकार की लाडली बहना योजना का भी श्रेय माना जा रहा है। शिवराज की लोकप्रियता ने भी बीजेपी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है जो कमलनाथ के नव हिन्दू चेहरे पर भारी पड़े हैं।

शिवराज सिंह चौहान कांग्रेस की गारंटी कार्ड के काउंटर में लोकलुभावन वादे करके चुनावी बयार को बीजेपी के पक्ष में मोड़ने में काफी हद तक सफल रहे हैं। इसलिए शिवराज सिंह चौहान को अब सीएम पद की रेस से बाहर करना बीजेपी के लिए आसान नहीं होगा। भाजपा के अन्य नेताओं को समझाना थोड़ा आसान भी होगा क्योंकि क्योंकि उनका प्रभाव सीमित है इसलिए 'मामा' शिवराज सिंह चौहान को पार्टी वर्तमान का नेता मान रही है, लेकिन भविष्य के नेता के तौर पर सर्वमान्य नया चेहरा भी तलाशना होगा। महिलाओं के बीच शिवराज का अपना प्रभाव है और उसे ध्यान में रखना होगा ।

विकल्प के रूप में कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद सिंह पटेल, राकेश सिंह का भाग्य चमक सकता है। युवा ज्योतिरादित्य सिंधिया भी सीएम पद के दावेदारों में एक माने जा रहे हैं। एमपी सिंधिया के सीएम बनने की राजनीतिक महत्वाकांक्षा जगजाहिर है। असम में कांग्रेस से आए हेमंत बिस्वा सरमा को बीजेपी ने सीएम बनाया है, उसी तरह से सिंधिया के समर्थक भी आस लगाए बैठे हैं।

### राजस्थान में कौन पड़ेगा भारी?

हर चुनाव के बाद सत्ता बदलने की परंपरा निभाते राजस्थान ने बीजेपी को प्रचंड बहुमत दी है। बीजेपी ने किसी भी चेहरे को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया था जबकि इससे पहले चार चुनाव में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे को ही आगे कर चुनाव लड़ती रही थी। अब बड़ा सवाल यह है कि पार्टी किसे राजस्थान का मुख्यमंत्री बनाएगी?

वसुंधरा राजे राजस्थान की सबसे कद्दावर नेताओं में से एक हैं और उनका प्रभाव पूरे प्रदेश में है। इसके चलते वसुंधरा राजे का नाम सीएम की रेस में सबसे आगे नजर आ रहा है, लेकिन शीर्ष नेतृत्व के साथ उनके रिश्ते बहुत मधुर नहीं रहे हैं। ऐसे में वसुंधरा राजे को पार्टी फिर से मुख्यमंत्री बनाएगी इस पर संदेह है, पर जिस तरह से वसुंधरा गुट के सभी नेता जीतकर आए हैं, उससे चलते उन्हें सिरे से नकारना भी आसान नहीं है।

वसुंधरा राजे का विकल्प तलाशना आसान नहीं है, लेकिन बाबा बालकनाथ, दीया कुमारी और गजेंद्र सिंह शेखावत जैसे नेता भी दौड़ में समझे जा रहे हैं। बालकनाथ और दिया कुमारी को बीजेपी ने सांसद रहते हुए विधानसभा का चुनाव लड़ाया और दोनों ही नेता जीतकर आए हैं। दिया कुमारी राज परिवार से हैं, महिला हैं और राजपूत समुदाय से ही आती हैं इसलिए राजस्थान की राजनीति में फिट बैठ रही हैं और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ भी बेहतर तालमेल हैं, लेकिन राज घराने से होना शेष पृष्ठ 11 पर

# भाजपा के 3 सांसदों व राजेंदर को करना पड़ा हार का सामना

**एजेंसी। हैदराबाद**

भाजपा के सभी तीन सांसदों और उसके प्रमुख नेता एटाला राजेंदर को तेलंगाना विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और करीमनगर के सांसद बंदी संजय करीमनगर निर्वाचन क्षेत्र में बीआरएस उम्मीदवार और नागरिक आपूर्ति मंत्री गंगुला कमलाकर से 4,000 से अधिक वोटों से हार गए। बंदी संजय को कुछ महीने पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था और उनकी जगह केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी को नियुक्त किया गया था। किशन रेड्डी को छोड़कर भाजपा ने अपने सभी सांसदों को विधानसभा चुनाव में उतारा था। निजामाबाद के सांसद अरविंद धरमपुरी, जिन्होंने 2019 में निजामाबाद लोकसभा क्षेत्र में केसीआर की बेटी के. कविता को हराया था, कोराटला निर्वाचन क्षेत्र में बीआरएस के कल्वकुंतल संजय से 10,000 से अधिक मतों से हार गए। आदिलाबाद के सांसद सोयम बापू राव बोथ निर्वाचन क्षेत्र में बीआरएस के अनिल जाधव से 22,800 वोटों से हार गए। हालांकि, भाजपा ने 2018 में अपनी संख्या एक से बढ़ाकर आठ कर ली, लेकिन उसे बड़े झटके भी लगे। इसने अपने दो मौजूदा विधायकों को खो दिया, जो उपचुनाव में चुने गए थे। पूर्व मंत्री और मौजूदा विधायक एटाला राजेंदर हुजूराबाद की सीट बरकरार रखने में असफल रहे, वह बीआरएस के पी. कौशिक रेड्डी से 16,873 वोटों से हार गए। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य और पार्टी की चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र को भी गजवेल में हार का सामना करना पड़ा।

# विधानसभा चुनाव | भाजपा के नेता, नीति और नीयत की हुई जीत : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष सहित केंद्रीय एवं प्रदेशों के नेतृत्व को बधाई देते हुए चुनाव परिणामों पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान एवं तेलंगाना की जनता का आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा को मिला स्पष्ट और मजबूत जनादेश ने भारत की राजनीति को नई दिशा दी है। मरांडी ने कहा कि यह भाजपा के नेता, नीति और नीयत की जीत है। उन्होंने कहा कि यह जीत विकास के राजनीति की जीत है। यह सबका साथ,सबका विकास और सबका विश्वास की जीत है। यह जीत गरीब कल्याण की जीत है। महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और सनातन की जीत है। उन्होंने कहा कि जनता ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जनादेश दिया है। सनातन विरोधियों को सबक सिखाई है।

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है। उन्होंने कहा कि पार्टी के समर्पित और सेवाभावी करोड़ों कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों कार्यक्रमों को जनता के बीच ले जाने में अथक परिश्रम किया। मोदी की गारंटी को जन जन तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि जनता ने डबल इंजन की सरकार के लिए भरोसा जताया है। जनता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की दिशा में अपना संदेश दे दिया है।

जीत की बधाई देने वालों में सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित प्रदेश पदाधिकारी शामिल रहे। प्रदेश कार्यालय में दिनभर उत्सव का माहौल रहा। बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में शाम को खुशियां मनाई गई। ढोल-बाजे पर खूब झूमे नेता-कार्यकर्ता, फोड़े पटाखे, एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया, मिठाइयां बांटी।

इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, रविन्द्र राय, गंगोत्री कुजूर, सीपी सिंह, राकेश प्रसाद, सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, हेमन्त दास, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक, प्रेम मित्तल, अशोक बड़ाईक, तारिक इमरान, प्रदीप सिन्हा, प्रतुल शाहदेव, सरोज सिंह, अविनेश सिंह, आरती कुजूर, किसलय तिवारी, अनवर हयात, नीरज पासवान, अजय मारू, उमा शंकर केडिया, सीमा शर्मा, उषा पांडेय, संजय पोद्दार, सतीश सिन्हा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।





## जीत के बाद अर्जुन मुंडा ने जनता का दिया धन्यवाद



जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने विधानसभा चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चार राज्यों में से तीन राज्यों में भाजपा की जीत से यह स्पष्ट है कि लोगों ने कांग्रेस को रिजेक्ट कर दिया है। लोगों को मोदी जी की गारंटी पर विश्वास है और लोग समझ चुके हैं कि कांग्रेस झूठे वादे करती है। मोदी जी के विकास और गरीब कल्याण में विश्वास रखते हैं। कांग्रेस की गारंटियां फेल हो गईं। अर्जुन मुंडा ने इस जीत के लिए जनता का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में पार्टी पर लोगों ने भरोसा जताया है, इसके लिए सभी लोगों का धन्यवाद।

## पीएम मोदी की गारंटी पर देश की जनता का भरोसा : संजय सेठ



भाजपा के सांसद संजय सेठ ने तीन राज्यों के प्रचंड जीत पर बधाई दी है। सांसद सेठ ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर अपना विश्वास जताया है। सांसद ने इस जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा के सभी कार्यकर्ता और तीनों राज्य की जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कुशल नेतृत्व में भाजपा ने तीनों राज्य में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की। सांसद ने छत्तीसगढ़ के सूरजपुर संभाग के तीनों विधानसभा के प्रभारी के रूप में काम किया। तीनों विधानसभा में भाजपा के उम्मीदवार भटगांव विधानसभा प्रेम नगर प्रतापपुर में प्रचंड बहुमत के साथ जीत हासिल की। इस जीत के लिए संसद ने तीनों उम्मीदवार को बधाई दी और सूरजपुर संभाग के जनता, वहां के भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया है।

## तीनों राज्यों की जनता ने कांग्रेस के मुद्दों को नकारा : सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी



गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने छत्तीसगढ़, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में एनडीए की अगुवाई वाली भाजपा को बहुमत मिलने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि तीनों राज्य की जनता ने सूझबूझ व समझदारी से सही निर्णय सुना दिया है और इसका असर आने वाले समय में देश भर में दिखेगा। उन्होंने कहा कि जनता ने कांग्रेस के मुद्दे को पूरी तरह नकार दिया है। एक तरह से जनता ने कांग्रेस की सोच को पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया है।

## उड़ गए हैं गैर एनडीए दलों के होश : डॉ लंबोदर



गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान में भाजपा को मिली बड़ी जीत पर खुशी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से चुनाव परिणाम आया उससे गैर एनडीए दलों के होश उड़ गए हैं। कांग्रेस की तीन राज्य की जनता ने एक नहीं सुनी। कांग्रेस पर से लोगों का भरोसा और विश्वास पूरी तरह से उठ गया है। लोगों ने उसकी नीति और मुद्दे को नकार कर अपनी मंशा को जाहिर कर दिया है। इसका असर आने वाले लोकसभा और झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन के आगे इंडिया गठबंधन की एक नहीं चलेगी।

## तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर तोरपा में जमकर हुई आतिशबाजी

**खूंटी।** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनावों में भाजपा को मिली जीत पर तोरपा में रविवार की शाम को ब्लॉक गेट के सामने भाजपा कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर जीत का जश्न मनाया। मौके पर विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि तीन राज्य में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पीएम मोदी, अमित शाह और नड्डा के कुशल नेतृत्व और भाजपा द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का परिणाम है। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों के चुनाव परिणाम ने साबित कर दिया है कि भाजपा के निकट भी कोई नहीं है। विधायक ने कहा कि तीन राज्यों का चुनाव परिणाम 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव का ट्रेलर है।

### सैयद अमीर हुसैन रिजवी की चेहल्लुम पर मजलिस-ए-जिक्र इमाम हुसैन का आयोजन, बोले जैदी

# मोहब्बत से दुश्मन भी कमजोर हो जाता है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




मस्जिद जाफरिया रांची में रविवार को को प्रख्यात सीनियर पत्रकार व मर्सिया निगार, शायर सैयद अमीर हुसैन रिजवी के चेहल्लुम के मौके पर एक मजलिस जिक्र इमामे हुसैन का आयोजन किया गया। मजलिस का आगाज तिलावत कुरान ए पाक से हुआ। इस मौके पर नज्म ताजीयत हिंदुस्तान के मशहूर शायर मौलाना जहीन हैदर दिलकश गाजीपुर ने पढ़ा। सोज ख्वानी सैयद अता इमाम रिजवी ने किया। कलाम पेश करने वालों में कासिम अली, आमोद अब्बास, बाकर राजा, सैयद निहाल हुसैन सरियावी ने किया। कार्यक्रम का संचालन ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के अध्यक्ष व मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम खतीब हजरत मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने की। इस मजलिस को दिल्ली से आए हुए मेहमान खतीब हजरत मौलाना सैयद इमाम हैदर जैदी ने संबोधित करते हुए कहा के इस्लाम मजहब लोगों को अमन व शांति का पैगाम देता है। एक दूसरे का एहतराम(इज्जत) करो ताकि तुम्हारा भी एहतराम किया जाए। मोहब्बत में वह ताकत है जिससे दुश्मन भी कमजोर हो जाता है। मजलूमों के साथी बानो, जुल्म करने वालो से नफरत करो, जुल्म सिर्फ नफरत के मोहब्बत नहीं फैलाता। नफरत को बढ़ावा बदगुमानी से होता है। आज जमाने को और जिम्मेदारान को चाहिए कि वह किरदार ए मोला अली को अपने जिंदगी के लिए नमूना बनाएं। नफरत दूर हो जाएगी और मोहब्बत आम हो जाएगी। इससे पूर्व शनिवार रात्रि को एक मजलिस सैयद अमीर हुसैन रिजवी की पत्नी की बरसी मजलिस को मौलाना सैयद तस्लीम रजा नकवी ने संबोधित करते हुए कहा के माता-पिता के लिए औलाद जिंदगी में क्या करें और मरने के बाद क्या करें। इस सिलसिले में कुरान मस्जिद की सूरह मरियम, सूरह इब्राहिम और सूरह नूह के जरिए पैगाम देते हुए कहा के जिंदगी में हम सिर्फ बेटा बनकर दिखाएं और मरने के बाद कुछ नहीं कर सकते तो कम से कम मगफिरत की दुआ करें। मजलिस को संबोधित करते हुए हजरत मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा की यह मजलिस सैयद अमीर हुसैन रिजवी की चेहल्लुम की मजलिस है। वो एस एच रिजवी जिसे झारखंड रांची कभी भुला नहीं सकती। जिनको कौम व मिल्लत की फिक्र थी। वो एक शख्स नहीं शख्सियत थे। जिन्होंने उर्दू की लड़ाई इतनी खामुशी से लड़ी। वहीं बनारस के मौलाना जहीन हैदर ने पढ़ा की, शब्बीर ने सर देकर दुनिया को बताया, हम ने कभी कुफ्र की बैय्यत नहीं करते।

### आईएसएम के 98वें स्थापना दिवस व 43वें दीक्षांत समारोह की तैयारी जोरों पर

# उप राष्ट्रपति शामिल होने 10 को पहुंचेंगे धनबाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राज्य के धनबाद स्थित आईआईटी (आईएसएम) के 98वें स्थापना दिवस और 43वें दीक्षांत समारोह की तैयारी जोरों पर हैं। स्थापना दिवस समारोह नौ दिसंबर को है जबकि दीक्षांत समारोह 10 दिसंबर को है। दीक्षांत समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। उप राष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर डीसी वरुण रंजन, एसएसपी संजीव कुमार समेत अन्य अधिकारी रविवार को बरवाअड्डा स्थित एयरपोर्ट का निरीक्षण किया और विशेष निर्देश दिए। डीसी वरुण रंजन ने पत्रकारों को बताया कि उप राष्ट्रपति हवाई मार्ग से बरवाअड्डा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। उनका हेलीकॉप्टर यहीं उतरेगा। इसके बाद वह सड़क मार्ग से आईआईटी आईएसएम के लिए रवाना होंगे। वह आईएसएम में दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। एयरपोर्ट से आईएसएम तक जाने वाली सड़क का निरीक्षण किया गया है। दीक्षांत समारोह खत्म होने के बाद वह सड़क मार्ग से दुर्गापुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। उप राष्ट्रपति के रूट लाइन का निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश दे दिये गये हैं। एसएसपी संजीव कुमार ने बताया कि सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये जा रहे हैं।

उप राष्ट्रपति की सुरक्षा में कोई चूक न हो इसका खास ख्याल रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस को सड़क पर बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं। उनके आगमन के समय रूट निर्धारित करने का भी ख्याल रखा जा रहा है ताकि वह समारोह में बेहतर तरीके से भाग ले सकें। साथ ही सड़क पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये जा रहे हैं।समारोह की समाप्ति के बाद वह आईएसएम से दुर्गापुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे।

## एक नजर

### ग्रील चोरी करते हुए तीन गिरफ्तार

**रांची।** धुर्वा थाने की पुलिस ने ग्रील चोरी करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मनीष लोहरा, अंकित कुमार और रोहित कुमार शामिल है। बताया जा रहा है कि शनिवार को स्मार्ट सिटी में लगे लोहे की ग्रील को चोरी कर रहे थे। इसी क्रम में तैनात सिक्यूरिटी ने तीनों घेर कर पकड़ लिया। इसके बाद उसे धुर्वा पुलिस के हवाले कर दिया।

### अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त



**चान्हो।** चान्हो पुलिस ने अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। स्थानीय नदी से उठाकर बालू कालाबाजारी के लिए रांची ले जाया जा रहा था, खनन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

### महिला ने युवक पर चापड़ से की हमला, जख्मी

**तुपुदाना।** तुपुदाना ओपी क्षेत्र के एंसलरी एरिया के रहने वाले कुंदन कुमार को चापड़ से मारकर जख्मी कर दिया गया है। इस संबंध में कुंदन ने अंजली देवी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है।

### भारत बंद का समर्थन करेगी सरना समिति

**खूंटी।** सरना धर्म समन्वय समिति खूंटी के सदस्यों की रविवार को डाक बंगला परिसर में सरना कोड संबंधी विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से 30 दिसंबर को सरना धर्म की मांग को लेकर प्रस्तावित भारत बंद तथा रेल रोड चक्का जाम का समर्थन करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर पड़हा राजा सोमा मुंडा ने कहा कि सरना धर्म कोड भारत के लाखों प्रकृति पुजकों के अस्तित्व, पहचान, हिस्सेदारी की जीवनरेखा है।

### परमवीर के प्रखंड में एक भी डॉक्टर नहीं

# 'ईलाज के लिए 60 किमी दूर गुमला जाना पड़ता है'



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के गांव जारी स्थित समाधि स्थल पर पूर्व टीएसी सदस्य रतन तिर्की और परमवीर अल्बर्ट एक्का प्रखंड जारी की अंचल अधिकारी सुश्री रेशमा मिंज ने श्रद्धांजलि दी और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इससे पहले परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा और समाधि स्थल में परमवीर अल्बर्ट एक्का को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर जारी गांव के ग्रामीणों और जारी आईटीआई की छात्राओं ने भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समाधि स्थल श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रतन तिर्की ने कहा कि परमवीर अल्बर्ट एक्का समाधि स्थल आज भी उपेक्षित है। आज पुण्यतिथि है लेकिन समाधि स्थल की सफाई तक नहीं की गई और न घेराबंदी का रंग रोगन ही किया गया था। रतन तिर्की ने कहा कि परमवीर अल्बर्ट एक्का प्रखंड में स्वास्थ्य सेवा आज तक बहाल नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि दो चार नर्स के अलावा कोई भी सुविधा नहीं है। एक भी चिकित्सक नहीं हैं। उन्होने मांग की कि प्रखंड में जल्द ही डॉक्टरों का पदस्थापन किया जाना चाहिए क्योंकि डॉक्टर नहीं होने के कारण मरीजों को 15 किमी दूर चैनपुर या 60 किमी दूर गुमला जिला जाना पड़ता है। रतन तिर्की ने परमवीर अल्बर्ट एक्का प्रखंड में बीडीओ को भी पदस्थापित करने की मांग करते हुए कहा कि प्रखंड में 15 साल से एक अर्धनिर्मित अस्पताल बनकर तैयार है। उन्होंने कहा कि अस्पताल को पूरा कर स्वास्थ्य सेवा बहाल की जाये। इससे पहले परमवीर के पुत्र भिन्सेन्ट एक्का ने अपनी पत्नी, बेटी संग श्रद्धांजलि श्रद्धा सुमनअर्पित किया। सामाजिक कार्यकर्ता जोय बाखला, दिलीप बड़ाइक, भलेन मिंज, सोनू लकड़ा, आशीष कुजूर एवं जारी स्कूल कालेज के छात्र-छात्राओं ने परमवीर अल्बर्ट एक्का को श्रद्धांजलि श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# जनता के सरोकार से जुड़कर काम करना ही सच्ची राजनीति : सुदेश

### विभिन्न कार्यक्रमों में सैकड़ों लोगों ने थामा आजसू का दामन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि जनता के सरोकार से जुड़कर काम करना ही सच्ची राजनीति है। राजनीति का मकसद सिर्फ चुनाव लड़ना नहीं है। आजसू पार्टी ने हमेशा जनहित में काम करना चुना है। इसलिए एक-एक कार्यकर्ता अपनी जवाबदेही सुनिश्चित करें। रांची जिले में 10 हजार पिलर मेंबर खड़े करने का है। सभी साथी मिलकर पार्टी को और अधिक मजबूत करने का काम करें।

राजाउलातु में रविवार को आयोजित रांची जिला समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि गांव के निचले इकाई को मजबूत करना हमारा मूल कर्तव्य है। संगठन विस्तार के लिए सभी पूरी निष्ठा से जुड़ें और जो जिम्मेदारी दी गई है उसके प्रति ईमानदारी से काम करें। हमें जनता के बीच रहकर उनके सुख दुःख का साथी बनना है और उनकी आवाज को सड़क से लेकर सदन तक बुलंद करने का काम करना है। सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में कुशवाहा भवन, बुंडू में, गागी मोड, कांके में तथा 5, कांके रोड, रांची आवास में हेमंत सिंह, योगेंद्र उरांव तथा वरिष्ठ नेता रोशनलाल चौधरी के अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में रांची जिला के सभी केंद्रीय समिति के पदाधिकारी, अनुषांगिक इकाई के सदस्य, जिला समिति के सदस्य एवं महिला इकाई, जिला परिषद के सभी सदस्य, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रमुख, उप प्रमुख, प्रखंड समिति के अध्यक्ष और सचिव मौजूद रहे।

**इन्होंने ली सदस्यता**

गागी मोड, कांके में बंधन उरांव, बेनी लोहरा, बबलू उरांव, विशेश्वर उरांव, राजू केरकेट्टा, अमित उरांव, राजेन्द्र उरांव, संजय मुंडा, बासुदेव गंझू, बैजू गोप, विक्रम लोहरा, कृष्णा नायक, राजा नायक, रंजीत राज, रामा नायक, कालीचरण महतो, कार्तिक उरांव, अनुज कुमार, गोविंदा करमाली, सोमनाथ गंझू, नंदू गंझू, उर्मिला देवी, नमन लोहरा, अमित उरांव, प्रदीप मुंडा, विक्रम लोहरा।

## गागर में सागर

### विधायक को सहायक अध्यापकों ने मांग पत्र सौंपा

**रांची।** झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के रांची जिला अध्यक्ष, शकील के नेतृत्व में रविवार को सहायक अध्यापकों ने खीजरी के कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें वर्तमान सरकार को उसके चुनावी घोषणा पत्र में वेतनमान देने के वादा को याद दिलाय गया। मो.शकील ने विधायक से कहा कि सरकार यदि वेतनमान देना चाहे तो कुछ नियम को शिथिल करते हुए वेतनमान दिया जा सकता है लेकिन सरकार की शायद मंशा ही वेतनमान देने की नहीं है। इस पर माननीयने कहा कि हम आप सबों की बात को विधानसभा में रखेंगे लेकिन उन्होंने बजट का रोना भी रोया, फिर भी उन्होंने कहा कि हम विधानसभा सत्र में आप लोगों के बात को मजबूती से रखेंगे। इस दौरान नामकुम प्रखंड अध्यक्ष अमर कुमार महतो, दुखन मुंडा, उमेश बड़ाइक, भुनेश्वर महतो,बुधराम स्वांशी, विजय लकड़ा, सरिता कुजूर, अनय नायक, मदन मुंडा, किसनाथ मुंडा, रमेश मुंडा, मादिराम होरो, खुदिया मुंडा,तीर्थणाथ मुंडा, दिगंबर उरांव, अनगड़ा ब्लॉक से करम लाल महतो, कंदरू मुंडा, सुखदेव महतो, एवं बुंडू प्रखंड से-आनंद कुमार स्वांशि, किशुन पाहन, रायसिंह मुंडा, शोषण टूटी आदि मौजूद थे।

### बेड़ो में दो दिनों से जलापूर्ति ठप

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय में तकनीकी खराबी के कारण पिछले दो दिनों से जलापूर्ति ठप हो गया है। बेड़ो के लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। जिससे लोग काफी परेशान हैं। लोगों का कहना है कि नियमित रूप से सप्लाई का पानी कभी नहीं मिल पाता है। ग्रामीणों ने कहा कि विभाग के उदासीन रवैये के कारण मुख्यालय के दर्जनों घरों में दो दिनों से पानी नहीं मिल रहा है। पानी के लिए लोगों को काफी परेशानी उठाना पड़ रहा है। सुबह से ही लोग पानी की जुगाड़ में डिब्बा व बाल्टी लेकर भटकते रहे। पेयजल के आपूर्ति के अभाव में लोगों को पानी खरीद कर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। पेयजल की परेशानी बेड़ो वासियों के दिनचर्या में शामिल हो गयी है। जलापूर्ति की आस में लोग सुबह उठते जरूर हैं, मगर इंतजार के बाद विभाग को कोसते नहीं थकते हैं। कभी दो दिन तो कभी तीन दिन के बाद जलापूर्ति बंद हो जाती है। वहीं लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। जबकि ग्रामीण अंचलों में घर-घर जल पहुंचाने की सरकार महत्वाकांक्षी योजना चल रही है। फिर भी ग्रामीणों के हलक सूखे हुए हैं। इधर इस संदर्भ में विभागीय जेई विजय मिंज ने कहा की मेन पाइप लाइन क्रेक कर गया है। इस समस्या को शीघ्र ही दूर कर सोमवार से जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

### 'गांवों की समस्या दूर करना हमारा पहली प्राथमिकता'

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत झारखंड सरकार पथ निर्माण विभाग प्रमंडल रांची ग्रामीणअंतर्गत रामपुर हलमाद पथ 9.70 किलोमीटर राईडिंग क्वालिटी में सुधार मजबूतीकरण कार्य का शिलान्यास झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो के द्वारा शीला पाठ अनावरण कर किया गया। इस मौके पर विधायक सुदेश कुमार महतो ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पथ का निर्माण बहुत ही दिनों से मांग था जिसे ग्रामीणों का सुविधा को देखते हुए इस पद का शिलान्यास किया गया अब इस रास्ते से ग्रामीणों के आने-जाने में परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। बहुत ही जल्द सिल्ली के लोगों को बहुत बड़ी खुशखबरी मिलने वाली है इस क्षेत्र में फोर लाइन का काम जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा जिससे लोगों को जाम के परेशानी से निजात मिलेगी। हमारा हमेशा प्रयास रहा है कि सिल्ली क्षेत्र का नाम विदेश तक रोशन करना साथी साथ इस क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीण की समस्या को दूर करना हमारा प्राथमिकता रहा है हम चाहेंगे कि कोई भी समस्या है तो ग्रामीण हमसे मिलकर अवगत करवा। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक, उप प्रमुख आरती देवी, पूर्व जीप सदस्य सुशील महतो, मुखिया हरिपद माझी, सांसद प्रतिनिधि विनोद कुमार साहू, संपत साहू, भिखू साहू, झूम सिंह, बलराम साहू, विजय साहू आदि लोग उपस्थित थे।

## दिव्यांगजन दिवस | दिव्यांग मतदाताओं के लिए राज्यभर में हुए कई कार्यक्रम

# सक्षम मोबाइल एप बहुत उपयोगी : रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर रविवार को राज्य के सभी जिलों में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर कई जागरुकता अभियान चलाए गए। इस दौरान दिव्यांग मतदाताओं तक पहुंच कर अधिकारियों ने न केवल उनका सम्मान किया, बल्कि मतदाता सूची में उनका नाम सुनिश्चित करने के लिए अपने स्तर से जरूरी उपाय किये। कुछ जिलों में इस संबंध में विशेष कैंप भी लगाए गए। अभियान के दौरान सक्षम मोबाइल एप को लेकर भी जागरुकता फैलाई गयी। भारत निर्वाचन आयोग का मोबाइल एप दिव्यांग मतदाताओं की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया गया है। हजारीबाग जिले के जिला स्तरीय आयोजन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार प्रमुख रूप से मौजूद थे। यहां उन्होंने उपायुक्त तथा अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में दिव्यांग मतदाताओं से संवाद किया तथा निर्वाचन संबंधी उनकी आवश्यकताओं को जाना। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को समावेशी बनाने के लिए दिव्यांग जनों की सहभागिता भी शत प्रतिशत करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। दिव्यांग मतदाताओं की जरूरतों के लिए 'सक्षम एप' बहुत उपयोगी है। इसलिए ऐसे मतदाता इस एप को गूगल प्ले स्टोर से जरूर डाउनलोड कर लें। संथाल परगना में मुख्यालय के प्रतिनिधि के रूप में गीता चौबे, लातेहार में देवदास दत्ता, रांची जिले में संजय कुमार ने विभिन्न मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

## एक नजर

### लापता छात्र का आठ दिनों बाद भी कोई सुराग नहीं



**रांची।** नगड़ी थाना क्षेत्र के जीएमएस स्कूल के लापता छात्र रोहन कुमार (12) का आठ दिनों बाद भी पुलिस को सुराग नहीं मिल पाया है। इस संबंध में लापता छात्र के पिता शम्भू महतो ने रविवार को बताया कि 25 नवम्बर को उनका पुत्र स्कूल गया था। लेकिन स्कूल से वह वापस नहीं आया। इस संबंध में नगड़ी थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि उन्हें संदेह है कि किसी ने उनके बच्चे को फुसला कर कहीं लेकर फरार हो गया है। अनहोनी की आशंका से पूरे परिवार के लोग परेशान हैं। नगड़ी थाना प्रभारी रोहित सिंह ने बताया कि बच्चे का सीसीटीवी फुटेज मिला है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### संत जेवियर जयंती पर विशेष मिस्सा

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में रविवार को संत जेवियर दिवस के अवसर पर विशेष मिस्सा समारोह का आयोजन कालेज आडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम मुख्य अनुष्ठाता फा. आंनद डेविड खलखो की अगुवाई में हुई। अपने संदेश उन्होंने सभी से अपने अच्छे आचरण एवं जीवन से दूसरों के लिए उदाहरण पेश करने के लिए आह्वान किया। समारोह में फा. रेक्टर अलेक्स एक्का, प्राचार्य फा. नाबोर लकड़ा, फा. प्रदीप कुजूर, फा. अजय मिंज, फा. अजय तिर्की अन्य पुरोहित, सिस्टर्स, विद्यार्थी, कालेज के स्टाफ, अभिभावक, अन्य अतिथि उपस्थित थे।

### अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया

**रांची।** स्वामी सदानंद महाराज की ओर से संचालित श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट व स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रविवार को अन्नापूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में पुंदाग में आयोजित कार्यक्रम में डुंगरमल अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी व अन्नापूर्णा भंडारे के संयोजक ओमप्रकाश सरावगी की देखरेख में हुआ। इसके तहत श्रद्धालुओ, जरूरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच भंडारे का वितरण किया।

### जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया गया वितरण

**रांची।** गुरु नानक सेवक जत्था की ओर से विगत शनिवार को रिम्स और रेलवे स्टेशन में ठंड से ठिठुर रहे लोगों को कंबल उपलब्ध कराया गया। जत्था के सदस्यों ने रात 11:00 बजे से मध्य रात्रि 2:00 बजे तक ठंड से सिकुड़ रहे रिम्स में मरीज के परिजनों एवं रांची रेलवे स्टेशन में जरूरतमंद कुल पचास लोगों को स्वयं कंबल ओढ़ाया।

# मटका खेलाने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, कई सामान बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सुखदेव नगर थाना पुलिस ने मटका खेलाने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में अमरजीत डे और सुभाजित चटर्जी शामिल है। इनके पास से 128 पीस उजला रंग का रोल पेपर, पांच पीस एचपी कंपनी सीपीयू, दो पीस एचपी कंपनी का डेक्सटॉप, दो पीस चिराग कंपनी का डेक्सटॉप, चार पीस थर्मल प्रिंटर , तीन पीस की-बोर्ड, आठ पीस माउस, पांच पीस यूएसबी टू पोर्टल , तीन पीस एसी एडप्टर, चार पीस कंप्यूटर केबल, एक पीस वाईफाई राउटर, छह पीस पावर एडप्टर, दो पीस ल्यूमिनस कंपनी का इंवटर, एक वीबो कंपनी का 5 जी फोन, रेडमी नोट फोन, रियलमी कंपनी का एक टैब सहित अन्य बरामद किया गया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि विद्यानगर पुल के पास बने एक पक्का मकान में कुछ लोगों की ओर से धोखाधड़ी करने के नियत से कंप्यूटर से मटका खेलाने का काम किया जा रहा है, जहां पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होता है। साथ ही अत्यधिक पैसा का लालच देकर आस पास के लोगों से पैसा धोखाधड़ी कर रहे हैं। सूचना के बाद एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने इस दौरान दो व्यक्तियों को पकड़ा। पूछताछ करने पर गिरफ्तार आरोपितों ने बताया कि दोनों किराये के कमरा लेकर लोगों को पैसा कमाने का लालच



देते हुए उनलोगों के साथ धोखाधड़ी करने के नियत से कंप्यूटर से मटका का खेल चलाते हैं। इस खेल में इनलोगों की ओर से आस पास के लोगों को विश्वास में लेकर कम पैसा में अमीर बनने का आसान रास्ता बताया जाता है। लेकिन ऐसा होता नहीं है। इस खेल में कुछ ही लोगों को मुनाफा होता है बाकि का लोगों का पैसा हमलोगों की ओर से धोखाधड़ी कर हड़प लिया जाता है ।दोनो की निशानदेही पर ऑन लाईन मटका खेलाने के लिए घर के विभिन्न कमरों में लगाये गये कंप्यूटर में अवैध दो लॉटरी का ऐप , कैसिनो किंग, स्मार्ट विन कैसिनो भी पाया गया।

# झारखंड नेवी यूनिट एनसीसी ने मनाया नौसेना दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य की एकमात्र भारतीय नौसेना इकाई झारखंड नेवी यूनिट एनसीसी ने रविवार को भारतीय नौसेना दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह दस बजे मोरहाबादी मैदान से मोटर रैली को हरी झंडी दिखाने के साथ हुई। रैली में 70 बाइक, एक जिप्सी, दो बोलेरो, दो ट्रक और 240 नेवी एनसीसी कैडेट शामिल थे। रोड शो में नौसेना के रक्षा कर्मियों और सेवानिवृत्त नौसेना कर्मियों ने भी हिस्सा लिया। रैली खेलगांव हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में यूनिट स्थान पर समाप्त हुई। नौसेना इकाई के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट एसके अवस्थी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से कैडेटों ने जनता को नौसेना दिवस के महत्व के बारे में बताया और एनसीसी के आदर्श वाक्य 'एकता और अनुशासन' को बरकरार रखा। झारखंड नेवी



एनसीसी वरिष्ठ कैडेटों के लिए खुले नामांकन की नीति का पालन करती है और भाग लेने वाले कैडेट झारखंड के विभिन्न जिलों के विभिन्न कॉलेजों से थे। खेलगांव में कक्षा एक से 10 तक के विद्यार्थियों और कैडेटों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय देशभक्ति था। एनसीसी कैडेटों के लिए रस्साकसी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें एनसीसी प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की टीमों ने भाग लिया। चित्रकला एवं रस्साकसी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरित किये गये।

### उपायुक्त ने चेशायर होम के दिव्यांगजनों से की मतदान करने की अपील



**रांची।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा रविवार को बारियातु रांची स्थित चेशायर होम पहुंचे। उपायुक्त ने विश्व विकलांग दिवस पर वहां रहने वाले दिव्यांगजनों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आप सभी जीवन में आगे बढ़े, देश की तरक्की में आप सभी योगदान देने के काबिल बनें ,सब मिल कर आप सभी की सहभागिता से ही एक नए भारत का निर्माण होगा। आप सभी का योगदान भारत निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आप सभी खूब तरक्की करें। उपायुक्त ने वहां सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक-एक वोट भारत निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उपायुक्त ने सभी लोगों से पूछा कि आप सभी का नाम मतदाता सूची में दर्ज है, की नही जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नही है, उनका नाम मतदाता सूची तुरंत दर्ज कराने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया गया। उपायुक्त वहां रहने वालें दिव्यांगजनों से कहा की देश की तरक्की में आप सभी योगदान देने के काबिल बनें। सब मिल कर और आप सभी की सहभागिता से ही एक नए भारत का निर्माण होगा। उपायुक्त ने सम्बंधित सभी अधिकारी को विशेष रूप से निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी योग्य व्यक्ति मतदान करने से छूटे नहीं। इसके लिए उन सभी का नाम मतदाता सूची में आवश्यक रूप से दर्ज हो यह सभी सम्बंधित अधिकारी-पदाधिकारी सुनिश्चित करें। यह सबकी दृढ़ता है, जिसका पालन सभी को करना है।

### रांची ट्रैफिक पुलिस ने चलाया ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान, छह चालक पकड़े गए



**रांची।** राजधानी ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार देर रात ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान चांदनी चौक, बिरसा चौक, मुंडा चौक और लालपुर चौक के पास ड्रिंक एंड ड्राइव का चेकिंग अभियान चलाया गया। शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए छह वाहन चालकों के खिलाफ न्यायालय में अभियोजन समर्पित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने रविवार को बताया कि ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान छह लोगों को शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा गया है। सभी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि शराब पीकर वाहन नहीं चलायें। पकड़े जाने पर ट्रैफिक पुलिस वाहन जब्त करते हुए न्यायालय में अभियोजन समर्पित करेगी। साथ ही एमवी एक्ट की धारा 185 के तहत प्रथम अपराध पर 10 हजार रुपये जुमार्ना और छह माह का कारावास की सजा है। इसके बाद 15 हजार रुपये जुमार्ना और दो वर्ष का कारावास का प्रावधान है। इसके अलावा ड्राइविंग लाइसेन्स निलंबन का भी नियम है।

### राम जन्मभूमि नूतन मंदिर का चित्र और विवरण पत्रक का लोकार्पण

**रांची।** राजधानी के हरमू रोड स्थित विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत कार्यालय में रविवार को श्रीराम जन्मभूमि के नूतन मंदिर का चित्र और विवरण पत्रक का लोकार्पण हुआ। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से समस्त सनातनियों के घर-घर में दी जाने वाली श्रीराम जन्मभूमि नूतन मंदिर का चित्र, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर विवरण पत्रक और विश्व के रामभक्तों के लिए निवेदन पत्र का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विहिप के प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से कहा गया है कि 22 जनवरी, 2024 के शुभ दिन प्रभु श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भूतल के गर्भगृह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस अवसर पर अयोध्या में अभूतपूर्व आनंद का वातावरण होगा। उन्होंने कहा कि इस पुण्य काल के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने निवेदन किया है कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न समस्त सनातनी समाज अपने ग्राम, मोहल्ले, कॉलोनी में स्थित किसी मंदिर में आस -पड़ोस के रामभक्त एकत्रित होकर भजन- कीर्तन करें।

# रिम्स से कुख्यात स्नैचर देवा को गोद में उठाकर ले भागी बीवी

**रांची। वरीय संवाददाता**

रांची के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में तैनात पुलिसकर्मियों की सुरक्षा में सेंध लगा है। रांची का कुख्यात स्नैचर घायल शाकिब उर्फ देवा रिम्स अस्पताल से फरार हो गया। घटना रविवार की है। बताया जा रहा है कि रविवार दिन के एक बजे देवा की पत्नी ने पुलिस को चकमा देकर एक अन्य की सहायता से देवा को गोद में उठाया और साथ लेकर फरार हो गई। रिम्स में मौजूद गई लोगों ने देवा को उसकी पत्नी के द्वारा एक दूसरे व्यक्ति की मदद से उठा कर ले जाते देखा था। उस समय उन्हें यह लगा कि उसका एक्स रे करवाने के लिए ले जाया जा रहा है ,लेकिन पूरी योजना फरार होने की थी। दोपहर दो बजे तक जब देवा को बेड पर नहीं लाया गया तो तैनात पुलिसकर्मियों



ने खोजबीन शुरू की। एक्स रे वार्ड में भी जाकर खोजा, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। सूचना मिलने के बाद दिन के तीन बजे बरियातू पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने रिम्स परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरा से फुटेज निकाला। जिसमें देवा को उसकी पत्नी एक अन्य व्यक्ति के सहयोग से लेकर भागते हुए देखा गया है। पुलिस ने आसपास में उसकी खोजबीन की।

**दो सौ से अधिक स्नैचिंग का दर्ज है मामला**

शाकिब उर्फ देवा रांची का कुख्यात स्नैचर में गिना जाता है। उस पर रांची और आसपास के ग्रामीण इलाकों में दो सौ से अधिक स्नैचिंग का मामला दर्ज है। कई बार पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भी भेज चुकी है। जेल से छूटने के बाद वह फिर से स्नैचिंग करने में लग जाता था।

मगर उसका कुछ पता नहीं चला। मामले में जवान के बयान पर बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस जांच में जुट गई है।

**एक्स-रे का बहाना बनाकर ले गयी पत्नी :** पुलिस के अनुसार देवा का पैर टूटा हुआ था। इस वजह से तैनात पुलिसकर्मियों ने उसे बेड में हथकड़ी नहीं लगाकर रखा था। देवा की सुरक्षा में दो पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। रविवार की दोपहर उसकी पत्नी एक व्यक्ति के साथ देवा से मिलने पहुंची। तैनात जवानों से कहा कि उसके पति देवा का पैर का एक्सरे कराना है। इसलिए उसे ले जाना होगा। इसके बाद पत्नी ने पहले स्ट्रेचर खोजा, मगर नहीं मिला तो फिर पत्नी नेहा अपने एक सहयोगी के साथ देवा को गोद में उठायी और लेकर भाग निकली।

**26 नवंबर को पुलिस ने किया था गिरफ्तार :** अरगोड़ा थाने की पुलिस ने चेन स्नैचिंग कर भाग रहे देवा को 26 नवंबर को गिरफ्तार किया था। बताया जा रहा है कि जब पुलिस ने उसकी घेराबंदी की तो देवा भागने के क्रम में सड़क पर गिर गया था।

**रांची में खून की कमी को देखते हुए जगह-जगह लगाए गए ब्लड डोनेशन कैंप**

# किसी की जान बचाना सबसे बड़ा पुण्य : भैरव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** राजधानी के सेवा सदन और डोरंडा के रिसालदार बाबा मैदान के पास सामाजिक कार्यकर्ता भैरव सिंह और नदीम खान की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सैकड़ों लोगों ने शिविर में आकर रक्तदान किया। सेवा सदन में लगाए गए रक्तदान शिविर के संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता भैरव सिंह ने कहा कि 3 दिसंबर को दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। इन्हीं दिव्यांगों के सम्मान में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता भैरव सिंह ने कहा कि जो खूब के बिना जिंदगी और मौत से लड़ रहे लोगों के लिए खून उपलब्ध करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। इससे बढ़कर कोई भी समाज सेवा नहीं होता।

**असहाय लोगों के लिए लगाया गया कैंप:** भैरव सिंह ने कहा कि आज भी दिव्यांगों को स्वास्थ्य लाभ के लिए दर-दर भटकना पड़ता है।



इसीलिए शारीरिक रूप से असहाय और बीमार लोगों के लिए रक्तदान शिविर लगाया गया है। जिसमें करीब 400 यूनिट रक्त एकत्रित कर सरकारी ब्लड बैंक में जमा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि निजी ब्लड बैंकों में खून के लिए लोगों को कीमत चुकानी पड़ती है। इसे देखते हुए फैसला लिया गया है कि सरकारी ब्लड बैंकों में खून जमा कराया जाए ताकि लोगों को मुफ्त में खून मिल सके।अमिताभ चौधरी की याद में रक्तदानः रांची के डोरंडा में रक्तदान शिविर लगाकर रक्तदान कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता नदीम खान ने बताया कि रविवार को पूर्वी झारखंड में सामाजिक कार्यकर्ता सह आईपीएस अधिकारी अमिताभ चौधरी की याद में उनकी संस्था लहू बोलेगा के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जो भी लोग आ रहे हैं वे स्वेच्छा से रक्तदान कर रहे हैं ताकि गरीबों और असहायों को समय पर रक्त मिल सके। रक्तदान शिविर में रक्तदान करने आए लोगों ने कहा कि रक्तदान महादान है और हर व्यक्ति को इसे समय-समय पर करना चाहिए।

### मजदूरों और परिजनों से मिलने सुबोधकांत पहुंचे खीराबेड़ा

**रांची/ ओरमांझी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी टनल निर्माण में फंसे ओरमांझी खीराबेड़ा के तीन मजदूर अनिल बेदिया,राजेन्द्र बेदिया व सुखराम बेदिया और खीराबेड़ा गांव से उत्तराखंड से घर लौटने वाले अन्य 5 मजदूरों और परिजनों से मिलने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय रविवार को खीराबेड़ा पहुँचे। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने टनल में फंसे तीन मजदूरों और खीरबेड़ा से मजदूरी करने गए टोटल आठ मजदूरों को शॉल उड़ा कर व मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दिया। और कहा कि उत्तरकाशी के टनल निर्माण में फंसे झारखंड के वीर पहलवान चट्टानों को तोडने वाले योद्धाओं के जज्बों को सलाम, जिन्होंने 17 दिनों तक मौत के साये में जीवन गुजारा। मजदूरों ने जिंदगी और मौत की जंग लड़कर घर वापस लौटे हैं। सरकार को चाहिए यहाँ के मजदूरों के लिये दुर्गयामी सोंच रहते हुए।

**डीपीएस रांची में वार्षिकोत्सव का आयोजन**

# विद्यार्थियों ने विविधतापूर्ण प्रस्तुति से लोगों का मन मोहा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची के विवेकानंद प्रेक्षागृह में शनिवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव को 'सुहाना सफर' का नाम दिया गया। इसके अंतर्गत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका आनंद बड़ी संख्या में उपस्थित अतिथि, अभिभावक, शिक्षक व विद्यार्थियों ने लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागतगान व विभिन्न वाद्य यंत्रों का सामूहिक जुगलबंदी व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कृपानंद झा (आईएएस) सचिव महिला एवं बाल विकास व सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार व विशिष्ट अतिथि एस कार्तिक (आईपीएस) एसपी,सीआईडी रांची मौजूद थे। वार्षिकोत्सव के अवसर पर कक्षा-तीन, चार और पांच के आठ सौ



विद्यार्थियों ने अपनी कला और अभिनय का प्रदर्शन किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों को नैतिक मूल्य आधारित शिक्षा देने में विश्वास रखता है। आजकल शिक्षा क्षेत्र में चुनौती और स्पर्धा बहुत ज्यादा होने के कारण हमारा विद्यालय बच्चों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध करा रहा है ताकि आने वाले समय में ये बच्चे पूरी मजबूती के साथ सभी चुनौतियों का डटकर सामना कर सकें। उन्होंने बच्चों द्वारा किए गए सफल प्रयासों की प्रशंसा की और विद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने और अपने पसंद का कार्य क्षेत्र निर्धारित करने की क्षमता को वर्णित किया। इसके बाद कक्षा 5 के विद्यार्थियों द्वारा 'पंचतत्व' नामक नृत्य नाटिका से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज हुआ। कक्षा तीन के छात्रों ने संग्रहालय की काल्पनिक व अनोखी दुनिया से दर्शकों को परिचय करवाते हुए ईमानदारी एक अनमोल धन है का संदेश दिया।

**झारखंड के 11 विश्वविद्यालयों में खाली हैं अनेक पद**

# जेपीएससी की ओर से 2404 असिस्टेंट प्रोफेसर की चल रही है नियुक्ति प्रक्रिया

**राज्य के प्रमुख विश्वविद्यालयों में होगी नियुक्तियां**







**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के विश्विविद्यालयों में शिक्षक और कर्मियों की घोर कमी है। इनमें असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड लोक सेवा आयोग की ओर से 2404 असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की तैयारी की जा रही है। हालांकि, राजभवन इसको लेकर आपत्ति जता चुका है। जेपीएससी के माध्यम से सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए पिछले दिनों अभियान भी चलाया था इसके बाबजूद कई विभागों में आज भी प्रोफेसर से लेकर सहायक प्रोफेसर की भारी कमी है। रांची विश्वविद्यालय में 1,032 स्वीकृत पदों में 688 शिक्षकों के पद खाली हैं। इसी तरह का हाल हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय का है, जहां स्वीकृत 597 पदों में से 326 खाली हैं। कोल्हन विश्वविद्यालय में 994 स्वीकृत पद हैं, जिसमें करीब 675 खाली हैं। इसी तरह रांची विश्वविद्यालय रांची,कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा, विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग, सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय पलामू, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी रांची, झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय रांची, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची, नेशनल लॉ युनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ रांची, झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी रांची और बिनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय कोयलांचल। एक तरफ जहां राज्य के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों की भारी कमी है, वहीं दूसरी ओर इन खाली पड़े पदों भरने के लिए कभी भी ईमानदारी से प्रयास नहीं किया गया है। शायद यही वजह है कि राज्य गठन के 23 वर्षों में सिर्फ एक बार झारखंड पात्रता परीक्षा यानी जेट का आयोजन हुआ है। राज्य में 15 अक्टूबर 2006 को पात्रता परीक्षा हुई थी उसके बाद से एक भी पात्रता परीक्षा आयोजित नहीं हो सकी है। सहायक अध्यापकों की नियुक्ति में नेट की तरह जेट की भी मान्यता है। हालांकि, सरकार जेट परीक्षा आयोजित करने को लेकर नियमावली बनाने में जुटी है और संभावना व्यक्त की जा रही है कि आने वाले कुछ महीनों में सारी वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इन सबके बीच राज्य सरकार के द्वारा 2404 असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की जा रही है। राजभवन के दबाव के बाद झारखंड लोक सेवा आयोग के द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की जानी है, जिसके लिए प्रक्रिया शुरू होने वाला है।

### ढाई आखर प्रेम के विषय पर बच्चों ने उकेरा कागज पर चित्र

**रांची।** ढाई आखर प्रेम झारखंड समिति की ओर से यूनियन क्लब रांची में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी, इसमें कई नन्हे-मुन्हे बच्चों और युवाओं ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों को दो समूहों में बांटा गया था। ग्रुप ए में एलीना सरकार को प्रथम, श्रीका अग्रवाल को द्वितीय तथा दिव्यांश अग्रवाल को तृतीय पुरस्कार मिला। ग्रुप बी में श्रेयोशी पॉल को पहला, प्राची कुमारी को दूसरा और सबा को तीसरा स्थान मिला। विजेताओं को साथी सुबीर लाहिड़ी ने सम्मानित किया। आप सब अवगत होंगे कि इप्टा के राष्ट्रीय पहल पर विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों के साथ मिलकर हम सब एक सांस्कृतिक पैदल यात्रा समता, बंधुता और एकता के नाम निकाल रहे हैं, जिसका नाम है ढाई आखर प्रेम। 28 सितंबर 23 से शुरू हुई यह यात्रा 6 राज्यों के सैकड़ों गांव, कस्बों और चौराहों से होते हुए 8 दिसंबर से 12 दिसंबर तक अपने झारखंड में रहेगी।

# मिशन कर्मयोगी के माध्यम से अधिकारियों व कर्मियों को मिलेगी ऑनलाइन ट्रेनिंग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के अधिकारियों- कर्मियों को मिशन कर्मयोगी के माध्यम से सरकार की योजनाओं-नीतियों को धरातल पर उतारने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो ने इस संबंध में सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, विभागाध्यक्ष, प्रमंडलीय आयुक्त, उपायुक्तों को पत्र लिखा है। मिशन कर्मयोगी के जरिये अधिकारियों- कर्मियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जायेगा। कैपासिटी बिल्डिंग कमीशन नई दिल्ली एवं कर्मयोगी भारत, स्पेशल पपर्स वेह्किल नई दिल्ली के साथ झारखंड सरकार ने एमओयू किया है। साथ ही इस संबंध में कार्मिक के अधीन श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान को नोडल कार्यालय नामित किया है। मिशन कर्मयोगी के तहत विभिन्न विभागों, कार्यलयों में कार्यरत पदाधिकारियों को आइजीओटी पोर्टल के माध्यम




से ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जायेगा। सभी विभागों को कहा गया है कि वे एक नोडल पदाधिकारी इसके लिए नामित करें। एडमिन नंबर बनाया जायेगा। कंप्यूटर-मोबाइल में एप को डाउनलोड किया जायेगा। इससे संबंधित विभाग अपने अधीनस्थ अधिकारियों- कर्मियों को इसके माध्यम से किसी विशेष विषय में ट्रेनिंग दिला सकेंगे। ट्रेनिग अधिकारियों के गोपनीय अभ्युक्तियों में दर्ज होगा, जिसके आधार पर उन्हें प्रमोशन दिया जायेगा।

# चार साइबर अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

## स्क्रीन रिकॉर्डिंग वीडियो भेजकर करते थे ब्लैकमेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने गांडेय और बेंगाबाद से साइबर क्राइम में शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है. ये सभी व्हाट्सप्प चैट एवं विडियों कॉलिंग के माध्यम से न्यूड विडियों कॉल कर उसका स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर ब्लैकमेल करते हुए पैसा की ठगी करते थे. साथ ही गर्भवती महिलाओं के मोबाइल पर कॉल कर उन्हें मातृत्व लाभ दिलाने का झांसा देकर रिमोर्ट एक्सेस ऐप आदि का लिंक भेजकर इंस्टॉल करवा कर ठगी करते थे. गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से मिली गुप्त सूचना के बाद निमियाघाट, बिरनी, डुमरी एवं बेंगाबाद थाना क्षेत्र साइबर डीएसपी संदीप सुमन के नेतृत्व में छापेमारी कर कुल चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है. साथ ही एक साइबर अपराधी को नामजद अभियुक्त बनाया गया है. इस संदर्भ में साइबर थाना में दो दिसंबर को कांड सं0-36/2023 के तहत मामला दर्ज किया गया है. छापेमारी टीम में थाना प्रभारी साइबर अजय कुमार, श्याम बाबू राठौर, सरीज मंडल, गौरव कुमार, संजय मुखियार, साकेत वर्मा, जितेन्द्र नाथ महतो ने संयुक्त रूप से डुमरी के नवाडीह कुरटों से पवन मंडल व कपिलदेव मंडल, बिरनी के राजेन्द्र नगर से पंकज वर्मा, जमुआ के सियाटांड़ से सूरज तिवारी को गिरफ्तार किया गया है. साथ ही बेंगाबाद के रहने वाले लक्ष्मण मंडल को नामजद अभियुक्त बनाया गया है. बताया कि अपराधियों के पास से आठ मोबाईल फोन सेट, 10 सिमकार्ड, 10 एटीएम, 7 पासबुक व एक बाइक बरामद किया गया है.

# उपराष्ट्रपति के धनबाद आगमन के लिए प्रशासन अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** उपराष्ट्रपति के धनबाद आगमन को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है. विधि व्यवस्था सहित अन्य पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है. इसी क्रम में रविवार को डीसी वरुण रंजन और एसएसपी संजीव कुमार ने बरवाअड्डा एयरपोर्ट का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को डीसी ने कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. मौके पर उप विकास आयुक्त, सिटी एसपी, जिला परिवहन पदाधिकारी, नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, ट्रैफिक डीएसपी, डीएसपी अमर पांडे, धनबाद थाना प्रभारी, बरवाअड्डा थाना प्रभारी, पथ निर्माण विभाग सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे. डीसी वरुण रंजन और एसएसपी संजीव कुमार ने बताया कि उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और तैयारी का जायजा लिया जा रहा है. अवैध कट और सड़क की बारिकियों सहित अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है. पथ निर्माण विभाग, निगम सहित सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं. कमोबेश तैयारी पूरी कर ली गई है. मैथन तक सड़कों का निरीक्षण किया जाएगा और उसके बाद सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य पहलुओं की जांच की जाएगी. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दुगार्पुर डीएम से भी वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया गया है. एनएच के अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं. बता दें कि 10 दिसंबर को आईआईटी आईएसएम में होने वाले कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शिरकत करने वाले हैं. उसके बाद राष्ट्रीय राज मार्ग से दुगार्पुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे. इसी को लेकर जिला प्रशासन निरीक्षण कर तैयारी का जायजा ले रहा है. पूर्व में भी हजारीबाग कमिश्नर का दौरा आईआईटी आईएसएम में हुआ था और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे.

**डीसी ने अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश**



# आदिवासी सेंगेल अभियान का 30 दिसंबर को भारत बंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने 30 दिसंबर को भारत बंद का आह्वान किया है. रविवार 3 दिसंबर को धनबाद के सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता में उन्होंने यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि आदिवासी सेंगेल अभियान की ओर से सरना धर्म कोड की मान्यता को लेकर 30 दिसंबर को सांकेतिक भारत बंद और रेल- रोड चक्का जाम का आह्वान किया है. इससे पूर्व 10 दिसंबर को मधुबन, गिरिडीह में मरांग बुरु बचाओ सेंगेल यात्रा और 22 दिसंबर को दुमका में हासा- भाषा विजय दिवस का आयोजन किया गया है. उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड भारत के प्रकृति पूजक लगभग 15 करोड़ आदिवासियों के अस्तित्व की पहचान और हिस्सेदारी की जीवन रेखा है. आदिवासियों को मौलिक अधिकार से वंचित करना संवैधानिक अपराध है. सरना धर्म कोड की मान्यता मानवता और प्रकृति- पर्यावरण की रक्षार्थ है.

## ठेका मजदूरों की हड़ताल अस्पताल में नहीं बना मरीजों का खाना

**चाईबासा।** रविवार को संयुक्त यूनियन के बैनर तले सभी ठेका श्रमिक एक दिवसीय हड़ताल पर चले गए. ठेका मजदूरों की हड़ताल से गुवा सेल अस्पताल में मरीजों के लिए खाना नहीं बना. विभिन्न कॉलोनी सहित अस्पताल में साफ सफाई भी नहीं हुई. इसको देखते हुए गुवा सेल अस्पताल के मुख्य चिकित्सा प्रभारी सीके मंडल ने मरीजों के लिए खाने की व्यवस्था बाहर से करवाई है. सुबह में सभी मरीजों को फल, जूस, ब्रेड केला पैकेट बना कर दिया गया. साथ ही दोपहर के खाने के लिए अलग से खाना बनवाया जा रहा है, ताकि ठेका मजदूरों की हड़ताल से मरीजों को कोई परेशानी न हो.

# एमपीएल कामगार यूनियन की नई कमेटी का गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** निरसा गुरुदास भवन मासस कार्यालय में रविवार को एमपीएल कामगार यूनियन की बैठक महेश मंडल की अध्यक्षता में हुई. बैठक में निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी मुख्य रूप से उपस्थित थे. बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया. बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व विधायक अरूप चटर्जी को कमेटी का अध्यक्ष, इसके अलावा सचिव महेश मंडल, सह सचिव चिरंजीत मंडल, कोषाध्यक्ष चंदन मंडल, सह कोषाध्यक्ष दिगंबर तिवारी बनाये गये. सभी एमपीएल कामगार यूनियन के सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर अभिनंदन किया. मौके पर पूर्व विधायक सह यूनियन के अध्यक्ष अरूप चटर्जी ने कहा कि आज एमपीएल कामगार यूनियन में नई चेहरे एवं नई जोश के साथ कमेटी का गठन किया गया है. आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि एमपीएल कामगार यूनियन जिस तरह से मजदूरों की हर एक समस्या पर लड़ाई लड़ती आयी है, उसे नई कमेटी और आगे बढ़ाएगी.

## एक नजर

### बरोरा से 300 टन अवैध कोयला जब्त

**धनबाद।** धनबाद एसडीएम ने शनिवार देर रात बरोरा थाना क्षेत्र स्थित मुराईडीह ओल्ड वर्किंग खदान में छापेमारी की. इस दौरान खदान से करीब 300 टन अवैध कोयला जब्त किये हैं. सभी कोयले बोरियो में भरकर रखे गये थे. छापेमारी दल ने जब्त कोयले को स्थानीय पुलिस व सीआईएसएफ को सौंपा दिया. इसके बाद रविवार की सुबह कोयले को बीसीसीएल को सुपुर्द करने की प्रक्रिया शुरू की गयी. औचक छापेमारी ले कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया है. इधर पुलिस मामले की छानबीन कर कोयला तस्करों को चिन्हित कर कार्रवाई करने में जुटी है. एतियातन के तौर पर छापेमारी स्थल पर भारी संख्या में सीआईएसएफ व पुलिस जवानों की तैनाती की गयी है.

### एमजीएम अस्पताल के ओपीडी में चोरी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल के ओपीडी में चोरों ने हाथ साफ कर दिया. चोरों ने ओपीडी में लगे एसी और अन्य सामानों की चोरी कर ली. घटना की सूचना पुलिस को दी गई है. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने आर्थो ओपीडी समेत तीन कमरों को निशाना बनाया है. चोरों ने दो एसी, एक स्ट्रेचर नल, पाइप और अन्य महंगे उपकरण की चोरी की है. मामले को लेकर अधीक्षक रविन्द्र कुमार ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है. जानकारी मिलने पर वह मामले की जांच कराएंगे.

### ठेका मजदूरों की बंदी पर सशक्त संयुक्त मोर्चा ने की बैठक

**चाईबासा।** सशक्त संयुक्त मोर्चा ने शनिवार देर शाम को गुवा रामनगर स्थित बीएमएस कार्यालय में बैठक की.बैठक की अध्यक्षता करते हुए गुवा चिड़िया खान श्रमिक संघ के महामंत्री विजय तियू ने कहा कि गुवा सेल प्रबंधन से वार्ता हुई,जिसमे प्रबंधन ने आश्वाशन दिया कि सप्लाई मजदूरों को मिलने वाली सुविधा में किसी भी तरह की कटौती नही होगी. सशक्त संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी आपस मे विचार किये और निर्णय लिया गया कि सप्लाई मजदूरों को अपने अपने विभाग में सकुशल ड्यूटी में जाना है. भविष्य में अगर प्रबंधन अपने वादे से मुकर कर कटौती करती है तो सशक्त संयुक्त मोर्चा इसका पुरजोर विरोध करेगा और आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा. इस बैठक में सशक्त संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी एवं सप्लाई मजदूर शामिल हुए. इसमें गुवा चिड़िया खान श्रमिक संघ के महामंत्री विजय तियू , झारखंड मोर्चा यूनियन के महामंत्री हेमराज सोनार, बोकारो वर्कर्स यूनियन इंटक के जोनल सेक्रेटरी तुफान घोष, मुकेश लाल, समीर पाठक, प्रकाश राउत आदि मौजूद थे।

## जयपुर में 34वीं अंचल स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन

# केंद्रीय स्कूल के 54 छात्र-5 शिक्षक जयपुर रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा जयपुर में 34वीं अंचल स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता- 2023-24 का आयोजन किया गया है. इसमें भाग लेने के लिये केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु के 54 छात्र-छात्राओं को लेकर 5 शिक्षकों का दल 3 दिसम्बर को बस से रवाना हुआ. इन विद्यार्थियों को विद्यालय के प्राचार्य डा आशीष कुमार, उप प्राचार्य रविशंकर चौधरी ने विधिवत पूजा-अर्चना व हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. प्राचार्य डा आशीष कुमार ने सारे बच्चों को सफल होकर लौटने की शुभकामनाएं और अनुशासन में रहने का निर्देश दिया. इस दौरान बच्चों के अभिभावक मौजूद थे. उल्लेखनीय है कि संसदीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की मार्गदर्शिका व रूपरेखा अनुसार



केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा 34वीं अंचल स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता जयपुर के केन्द्रीय विद्यालय-1 स्कूल में 5 एवं 6 दिसम्बर को आयोजित होगा. इस प्रतियोगिता में पश्चिमी अंचल के अहमदाबाद, जयपुर, मुम्बई, आगरा एवं रांची संभाग की टीम भाग लेगी. केन्द्रीय विद्यालय रांची संभाग की विभिन्न स्कूलों के बीच पिछले दिनों हुए मुकाबले में केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु की टीम विजेता हुई थी. इसलिए मेघाहातुबुरु की टीम जयपुर प्रतियोगिता में भाग लेने जा रही है. केवी मेघाहातुबुरु से रविवार की सुबह लगभग 9 बजे बस से सारे छात्र-छात्राएं व शिक्षक-शिक्षिकायें रांची के लिये रवाना हुये. रांची से शाम में राजधानी एक्सप्रेस से दिल्ली जायेंगे और दिल्ली से डबल डेकर ट्रेन से 4 दिसम्बर को जयपुर के लिये रवाना होंगे. इन विद्यार्थियों के साथ शिक्षक दीपक कुमार, सुधीर कुमार, राई बानरा, स्वाति कुमारी, सरिता गौंड गए हैं.

## भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न, बांटी मिठाई

**जमशेदपुर।** तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों में भाजपा ने मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में दमदार वापसी की है. मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में भाजपा की ऐतिहासिक एवं प्रचंड जीत पर भाजपा जमशेदपुर महानगर के कार्यकताओं में जश्न का माहौल है. रविवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में शहर के हजारों कार्यकर्ताओं ने साकची स्थित जिला कार्यालय के समक्ष ढोल-नगाड़ों की धुन पर जमकर नृत्य किया. तेज संगीत और जय श्री राम के ओजस्वी नारों के बीच कार्यकर्ताओं ने शानदार आतिशबाजी कर एवं एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर विजयोत्सव मनाया एवं जीत की खुशियां साझा कर बधाई दी.

# जुगसलाई में ट्रस्ट ने बांटे पांच हजार कंबल



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के एमई स्कूल रोड जुगसलाई स्थित श्री राजस्थान शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को आरबी सिंह मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से द्वितीय निःशुल्क कंबल वितरण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर की शुरूआत उनकी धर्मपत्नी विमला देवी सिंह समेत परिजनों ने स्व आरबी सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर की. शिविर में सुबह से ही लोगों की लंबी कतार लगी रही. सुबह शिविर के आरंभ से लेकर समापन तक करीब पांच हजार जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल एवं नास्ता का वितरण किया गया. वहीं 100 यूनिट से अधिक रक्त संग्रह किया गया. शिविर का आयोजन ट्रस्ट के संस्थापक सह स्वर्गीय आरबी सिंह के सुपुत्र शिवजी सिंह (गुड्डू) एवं श्याम सिंह के मार्गदर्शन में किया गया. इस आयोजन में ट्रस्ट के वोलेंटियर्स की सराहनीय भूमिका रही. शिविर में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, जमशेदपुर पूर्वी के सरयू राय, पूर्व विधायक व भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी आदि शामिल हुए.

# पुलिस ने दो दिन के अंदर हत्याकांड का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** बेरमो अनुमंडल के महुआटांड़ थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या मामले का पुलिस ने दो दिनों के अंदर उद्भेदन कर लिया. मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. इस संबंध में बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने अपने कार्यालय में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी. बता दें कि 30 दिसंबर को महुआटांड थाना अंतर्गत टीकाहारा टोला बुटगोड़वा के एक युवक सागेन सोरेन की हत्या तेज धारदार हथियार से कर दी गई थी. इसके बाद पत्थर से मारकर चुड़ीनबहियार में फेंक दिया गया था. घटना के बाद टिकाहारा टोला



बुटगोडवा के रामेश्वर मांझी (मृतक के पिता) के आवेदन पर महुआटांड़ थाना कांड संख्या 42/23 दर्ज किया गया. एसडीपीओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गोमिया अंचल पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की. जांच टीम ने मोबाइल पर बातचीत और लोकेशन के आधार पर संदिग्ध कुलदीप सोरेन एवं एक नाबालिग लड़के को हिरासत में लेकर पूछताछ की. पूछताछ में उक्त दोनों आरोपियों ने सागेन सोरेन की हत्या में अपनी संलिप्ता स्वीकार कर ली. कुलदीप सोरेन ने पुलिस को बताया कि उसका मृतक के साथ जमीन संबंधी विवाद था.

## उत्तराखंड से वापस लौटे मजदूरों से मिले सुबोधकांत सहाय

**रामगढ़।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी सुरंग में फंसे मजदूरों का रेस्क्यू होने के बाद ओरमांझी प्रखंड के 7 मजदूर अपने गांव खीराबेड़ा पहुंचे. रविवार को एक कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा ने मजदूरों का माल्यार्पण कर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. मौके पर पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय ने कहा कि हमलोग इस बात से काफी खुश हैं कि आप सभी का सुरंग से सफल रेस्क्यू हुआ और आप अपने परिजनों के पास सकुशल पहुंचे. कांग्रेस नेता ने कहा कि सुरंग से सफल रेस्क्यू से आपको नया जीवन मिला है.

# पिट्स मॉडर्न स्कूल में ओवरनाइट केजी कैंप का आयोजन, बच्चों ने की खूब मस्ती

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** पिट्स मॉडर्न स्कूल गोमिया का मुख्य आकर्षक कार्यक्रम ओवरनाइट केजी कैंप छोटे बच्चों की मस्ती व धूम-धड़ाके के साथ शुरू हुआ. इस कार्यक्रम में केजी क्लास के बच्चे अपने परिवार वालों से दूर स्कूल में ही ओवरनाइट कैंप पर रहे और सहपाठियों के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया. नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्कूल असेंबली की शानदार शुरूआत की. प्राचार्य मनोज कुमार उपाध्याय, उप प्राचार्या डॉ. विनीता पटनायक पाढ़ी और हेड मास्टर के.के.चंदा ने फ्रेंडली फुटबॉल मैच में बच्चों का उत्साहवर्धन किया. बच्चों को



नाश्ते के बाद पूरी सुरक्षा के बीच स्थानीय बैंक, पोस्ट ऑफिस, रेलवे स्टेशन का भ्रमण कराया गया और जागरुक किया गया. भ्रमण के बाद फोटो सेशन हुआ. इसके बाद शाम को बच्चों को मुख्य अतिथि अभिषेक विश्वास, वरिष्ठ प्रबंधक आई.ई.एल.गोमिया के आवास पर सुसज्जित वाहनों में ले जाया गया, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया. रात में बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम व कैंप फायर में खूब डांस और मस्ती की.

**लापरवाही की हद** | **धनबाद सदर अस्पताल का हाल**

# धूल फांक रहे 'जीवन रक्षक' उपकरण

## हार्ट-प्लस, ब्लड प्रेशर मशीन के साथ वार्मर और वेंटिलेटर भी कैद में

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** सदर अस्पताल के हाल में सुधार नहीं हो रहा है. यह हाल तब है जब सदर अस्पताल को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के रूप में खड़ा किया जाना था. सदर अस्पताल की शुरूआत होने का मकसद था कि किसी तरह से एसएनएमएमसीएच पर पड़ रहा एकतरफा भार कम किया जा सके, लेकिन सुविधाओं के अभाव में ऐसा हो नहीं रहा है. ऐसा नहीं है कि सदर अस्पताल में संसाधनों की कमी है. जितने संसाधन दिए गए प्रबंधन इसका उपयोग भी नहीं कर पा रही है. वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह प्रतीत होता है कि यहां के आला अधिकारियों और जिम्मेदारों को इसकी कोई फिक्र नहीं है. जीवन



रक्षक उपकरण आज भी अस्पताल में धूल फांक रहे हैं. हार्ट- पल्स और ब्लड प्रेशर जांचने वाली लाखों की मशीनें आज भी बंद दरवाजे के पीछे दिखती हैं. नवजात के लिए मंगवाए गए वार्मर और वेंटिलेटर भी दर्शनीय बनकर रह गए हैं. सदर अस्पताल में मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए कई महंगे अत्याधुनिक उपकरण खरीदे गए. ताकि मरीजों को निजी अस्पताल की भांति बेहतर इलाज मुहैया हो सके. परंतु अस्पताल के जिम्मेदारों की कार्य प्रणाली और निष्क्रियता ने इन महंगे अत्याधुनिक उपकरणों को कबाड़ बनाने की प्रक्रिया में डाल दिया है. लाखों रुपये की कीमत वाले कई जीवन रक्षक उपकरण धूल फांक रहे हैं. ऐसे में लाखों रुपये के मूल्य वाले अत्याधुनिक उपकरण बगैर उपयोग किये ही बर्बाद हो रहे हैं. जिन उपकरणों से मरीजों की जान बचाई जा सकती है, वह उपकरण ही मरीजों के काम नहीं आ रहे हैं. नतीजा सभी उपकरण गोदाम में बंद पड़े हैं. बताते चलें कि दर्जनों उपकरण सदर अस्पताल को कोविड काल में मिले थे. धूल फांक रहे कीमती व अत्याधुनिक उपकरण गंभीर मरीजों के स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग में वरदान साबित होता है.

# जयंती पर याद किए गए अमर शहीद खुदीराम बोस



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहीद खुदीराम बोस की जयंती रविवार को शहर के विभिन्न इलाकों में धूमधाम से मनाई गई. मानगो चौक में भी कई संगठनों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. हालांकि मानगो चौक पर उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया जब शहीद खुदीराम बोस की जयंती पर उन्हें माल्यार्पण करने छात्रों का कुछ समूह पहुंचा. शहीद की प्रतिमा के चारों ओर गंदगी का अंबार पड़ा हुआ था. प्रतिमा पर धूल जमी हुई थी. छात्रों ने माल्यार्पण रोककर मामले की जानकारी भाजपा नेता विकास सिंह को दी. सूचना मिलते ही विकास सिंह अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे. सभी ने मिलकर श्रमदान करते हुए प्रतिमा स्थल की सफाई की. सर्वप्रथम पूरे स्थल को शुद्ध जल से धोया इसके बाद शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा को दूध, दही, शहद एवं गंगाजल से शाही स्नान कराया. तत्पश्चात सभी ने मिलकर माल्यार्पण कर खुदीराम बोस को श्रद्धांजलि दी. इस दौरान पूरा क्षेत्र शहीद खुदी राम बोस अमर रहे के उद्घोष से गूंज उठा.

### भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

# तीन राज्यों में खिला कमल, फूटे पटाखे, बंटी मिठाइयां, लगे नारे



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ भाजपा की जीत की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बरही चौक पर पार्टी के पक्ष में जमकर नारेबाजी करते हुए आतिशबाजी किया. इस दौरान कुछ देर के लिए ट्रैफिक ठहर गया. सांसद प्रतिनिधि यादव ने बताया कि तीन राज्य की जीत तो अभी एकमात्र झांकी है, अभी तो लोकसभा चुनाव बाकी है. पीएम मोदी का पूरे देश सहित विश्व में जनाधार बढ़ा है. इनके नेतृत्व में देश समृद्ध, सशक्त और शक्तिशाली बना है. वही श्री पांडेय ने कहा कि तेलंगाना में भी बीजेपी ने अच्छा प्रदर्शन किया है. पार्टी का जनाधार बढ़ा है, सीटों की संख्या में इजाफा हुई है. लोगो का पीएम मोदी के प्रति विश्वास और अधिक बढ़ा है. इसका आगमी लोक सभा चुनाव में पूरा लाभ मिलेगा. आतिशबाजी करने वालो में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय, पूर्वी भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित साहू आदि सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे.

### बरकट्ठा में भाजपाइयों ने मनाया जश्न, बांटी मिठाई



**बरकट्ठा।** भाजपा की तीन राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में मिली प्रचंड बहुमत से खुश भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और जमकर आतिशबाजी की। जीत पर खुशी जताते हुए भाजपा महिला प्रदेश प्रवक्ता सह जिप सदस्या कुमकुम देवी ने कहा कि यह जीत महिलाओं का स्वाभिमान और लाडली बहनों की जीत है। वहीं प्रदेश किसान मोर्चा सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि केदार साव ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी की जीत है और 2024 में भी गारंटी जीत होगी।वहीं भाजपा नेता बटेश्वर मेहता ने कहा कि भाजपा के शासन काल में देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है तथा जनता ने यही आशा और विश्वास के साथ भाजपा को जिताया है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, भोला प्रसाद, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, राजकुमार मंडल, शंकर ठाकुर, मिथलेश भारती आदि मौजूद थे।

## भाजपा को बहुमत मिलने पर हजारीबाग सदर विधायक ने खुशी का इजहार किया



**हजारीबाग।** हिंदुस्तान के चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणाम रविवार को घोषित हुए। जिसमें तीन राज्यों में भाजपा को बहुमत मिलने पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने खुशी का इजहार किया। विधायक मनीष जायसवाल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने इस चुनाव के परिणाम की आकलन करने वाले राजनीतिक पंडितों और एग्जिट पोल को भी फेल कर दिया। ज्ञात होगी विधायक मनीष जायसवाल को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा शीर्ष नेतृत्व के द्वारा बड़ी जिम्मेवारी सौंप गई थी। उन्हें इस विधानसभा चुनाव में दो तरीके का प्रभार मिला था। जिसमें छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले का उन्हें प्रभारी बनाया गया था और इस जिले के एक विधानसभा क्षेत्र का भी उन्हें दायित्व सौंपा गया था। महासमुंद जिले में कुल चार विधानसभा सीटें थी जिसमें चारों सीटों पर कांग्रेस का कब्जा था। वर्तमान चुनाव परिणाम आने के बाद यहां की दो विधानसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशी की प्रचंड जीत हुई है। जिसमें से बसना विधानसभा क्षेत्र और महासमुंद विधानसभा क्षेत्र शामिल है। बसा के भाजपा प्रत्याशी 27,500 वोट से और महासमुंद के भाजपा प्रत्याशी 12,605 वोट के बड़े अंतर से जीते हैं। हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल को दायित्व मिलने के बाद हुए लगातार 22 दिनों तक छत्तीसगढ़ के प्रवास पर रहे और चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत और क्षमता झोंक दी। चारों विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव और घर-घर तक विधायक मनीष जायसवाल ने अपनी पहुंच बनाई और पार्टी के आईडियोलॉजी को पहुंचते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने का जनता से अपील किया। विधायक मनीष जायसवाल का उत्कृष्ट चुनाव प्रबंधन और चुनाव प्रचार की कार्यशैली से प्रभावित होकर दो विधानसभा क्षेत्र की जनता ने भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड मतों से जिताया। इससे पूर्व भी विधायक मनीष जायसवाल को बिहार विधानसभा और कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में भाजपा के सिर्फ नेतृत्व द्वारा बड़ी जिम्मेवारी सौंप गई थी और उनका प्रदर्शन बेहद अच्छा रहा था ।छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम के बाद विधायक मनीष जायसवाल ने खुशी जताते हुए छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक जीत के लिए संपूर्ण छत्तीसगढ़ की जनता के साथ सभी प्रत्याशियों और भाजपा के कार्यकताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रम

# दिव्यांगों के लिए विशेष सुविधा हो : रवि कुमार




नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** समाहरणालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के मौके पर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत दिव्यांगजनो को लोकतंत्र में भागीदारी, शतप्रतिशत मतदाता सूची में शामिल करने सहित आगामी चुनावों में अपने पसंद के उम्मीदवार को वोट करने की अपील मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने की। मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रवि कुमार हजारीबाग समाहरणालय भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय भी मौजूद रहीं। इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य हर मतदाताओ को मतदान प्रक्रिया से जोड़कर उन्हे मतदान के लिए प्रेरित करना था। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रवि कुमार ने अंतराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर शामिल होते हुए कहा कि लोकतंत्र में हर नागरिक को समान अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि इस बार चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने के लिए दिव्यांजनों के लिए विशेष ध्यान रखा गया है, साथ ही शत प्रतिशत चुनावी प्रक्रिया में हर नागरिको की भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए इस बार दिव्यांगजनों तथा 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओ के लिए विशेष सुविधा का ध्यान रखते हुए उन्हें उनके घरों में ही मतदान देने के व्यापक इंतजाम किए जायेंगे। उन्होंने कहा ऐसे प्रावधान वोटिंग प्रतिशत में इजाफा होने के साथ साथ शत प्रतिशत चुनावी लोकभागीदारी भी सुनिश्चित होगी। उन्होने कोई कोई मतदाता छूटे नहीं एवं मतदान है सबका अधिकार के तर्ज पर गंभीरता पूर्वक कार्य करने की नसीहत दी।

## एक नजर

### हजारीबाग में याद किए गए डॉ राजेंद्र प्रसाद

**हजारीबाग।** देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की रविवार को 139वीं जयंती चित्रगुप्त मंदिर में मनाई गई। मौके पर अधिवक्ता राज प्रकाश ने कहा कि देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद स्वभाव से काफी दयालु और निर्मल थे। भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद का जीवन और उच्च विचार हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। वहीं दीपक नाथ सहाय ने कहा कि देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगा जब हम उनके बताए रास्ते पर चलेंगे और उनके आदर्शों को आत्मसात करेंगे। मौके पर डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया एवं मिठाई बांटी गई।इसके साथ ही दीप प्रज्वलित भी किया गया। जयंती समारोह में चित्रांश मौजूद थे ।

### जदयू की बैठक में संगठन विस्तार समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**हजारीबाग।** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग महानगर की एक बैठक स्थानीय खिरगांव स्थित पटेल भवन में आहूत की गई।इस बैठक के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा थे। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष यासीन अंसारी एवं संचालन महानगर महासचिव नजराना परवीन ने किया। बैठक में सभी वार्डों एवं जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला कमेटी से जदयू के वरिष्ठ नेता चंद्र मोहन पटेल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव भूमि सलूजा, जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर, जिला सचिव सुजाता सिंह, जिला सचिव नजरुल्लाह अंसारी ने बैठक में उपस्थित होकर अपनी बातें रखी।वही अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष साबिर खान आदि ने शहर की विभिन्न समस्याओं को बैठक में रखकर महानगर अध्यक्ष से शीघ्र निपटारे की मांग रखी।

### प्रखंड और अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार

# बरकट्ठा में जनता विधायक की कार्य शैली से परेशान है : पूर्व विधायक



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के तूईयो पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लेवड़ा के प्रांगण में क्षेत्र में सरकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर तुईयो पंचायत के ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव और पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चन्दन देवी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता पंसस प्रतिनिधि सन्तोष शर्मा व संचालन काली यादव ने किया। वहीं ग्रामीणों ने सरकारी कार्यों में हो रही अनियमितता और अंचल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर पूर्व विधायक को अवगत कराया। मौके पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि जनता वर्तमान विधायक की कार्यशैली से परेशान हैं। अंचल और प्रखंड़ कार्यालय, थाना, राशन-किराशन सभी जगह दलाल फिट हैं। जो उन दलालों के माध्यम से काम कराएंगे उसका ही काम हो रहा है। बाकी लोग चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक के छत्र छाया में अधिकारी ,पदाधिकारी सब बेलगाम हो गये हैं। गरीबों की आवाज को सुनने वाला कोई नहीं है। अगर इसमें सुधार नहीं हुआ तो जनता इसका जवाब देने के लिए तैयार बैठी है। मौके पर पूर्व मुखिया दशरथ यादव, दशरथ यादव, अर्जुन राणा, मनोहर चौधरी, पूर्व पंसस प्रतिनिधि द्वारिका पासवान, बिरेन्द्र यादव, पंसस रेशमी देवी, चिंता देवी, परमेश्वर यादव, मथुरा यादव, उपेंद्र शर्मा, बिनोद यादव, किशुन राम, सुखदेव यादव, विनोद दास, फरीदा मिंया, कुदुस मिंया, संदीप मंडल, बिरेन्द्र ठाकुर, सुरेन्द्र यादव, रामेश्वर यादव, रामेश्वर महतो, अजय यादव, लालो यादव, मुरली यादव आदि मौजूद थे।

### बरही : शिव गुरु चर्चा में सैकड़ों गुरु भाई हुए शामिल

**बरही ।** बीते 30 नवंबर को महिला थाना से रिटायर्ड एसआई कामेश्वर सिंह पूरी तरह शिवमय हो चुके है. रविवार को प्रखंड मैदान में विशाल शिव गुरु चर्चा का आयोजन किया. जिसमे बरही, चौपारण, रांची, हजारीबाग, कोडरमा आदि स्थानों से सैकड़ों गुरु भाई शामिल हुए. जिसमे शिव गुरु रांची से आए वरिष्ठ गुरु भाई विकास चंद्र आजाद ने उपस्थित गुरु भाईयो को बताया कि शिव ही अपने गुरु थे, हैं और रहेंगे. उन्होंने बताया कि शिव ही एक मात्र गुरु है जो हम सबों को देने का काम किया है. यह ऐसे गुरु है जिन्होंने कभी भी नहीं लिया और न ही हमलोगो में उन्हे कुछ भी देने की शक्ति है. आज इस संसार में जो कुछ भी है सब उन्ही की कृपा से है और उन्ही में समाहत है. इसलिए शिव को अपना गुरु मानकर जीवन के कल्याणार्थ लग जाएं. इसके लिए उन्होंने याचना, चर्चा और अर्चना जैसे तीन सूत्र अपनाने की बात कही.

### विश्व दिव्यांग दिवस : दिव्यांग टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

# उद्घाटन मैच में झारखंड की टीम ने राजस्थान को किया पराजित



नवीन मेल संवाददाता


**रामगढ़।** विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर 3 दिसंबर को शहर के सिद्धू कान्हू स्टेडियम में प्रदेश की प्रतिबद्ध संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजन दो दिवसीय टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में मेजबान झारखंड की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मेहमान टीम राजस्थान को 106 रन से पराजित कर के जीत हासिल किया। मैच में झारखंड पहले बल्लेबाजी करते हुए 148 रन बनाये। जवाबी पारी खेलते हुए राजस्थान की टीम सिर्फ 42 रन बनाकर आउट हो गयी। मैच में झारखंड के कप्तान मुदस्सर खान ने सर्वाधिक 47 रन बनाया। टूर्नामेंट का दूसरा मैच झारखंड बनाम तमिलनाडु के बीच क्रिकेट मैंच खेला गया ।जिसमें तमिलनाडु ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पंद्रह ओवर में 146 रन का स्कोर खड़ा किया। समाचार लिखे जाने तक दूसरे मैच में झारखंड की टीम बल्लेबाजी कर रही थी। इससे पूर्व मुख्य अथिति टाटा स्टील वेस्ट बोकारो घाटोटांड के महाप्रबंधक अनुराग दीक्षित सहित अन्य अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के सचिव अतहर अली ने किया। वहीं, खिलाड़ियों ने भी महाप्रबंधक सहित सम्मानित अतिथि विजय मेवाड़ का स्वागत किया। महाप्रबंधक अनुराग दीक्षित, संरक्षक विजय मेवाड़ एवं अन्य अतिथियों ने विधिवत रूप से दीप प्रज्जवलित कर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि अनुराग दीक्षित ने दिव्यांगों का हौसला बढ़ाते हुए कहा की यह दिव्यांग भाई बहन हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं। दिव्यांग जनों की सक्रियता हमारे सभ्य समाज को एक ऊर्जा प्रदान करती है।

## हजारीबाग यूथ विंग ने किया गरीबों के बीच कंबल का वितरण



**हजारीबाग।** जिले के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जरूरतमंदों के दिलों में अपनी जगह को स्थापित कर रहे हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा निरंतर सेवा का कार्य भी किया जा रहा है। इसी क्रम मे रविवार को डिश टीवी ऑफिस बड़ा बाजार चौक के समीप जरूरतमंद, बिरहोर, रिक्शा चालकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इसके अलावा शहर के विभिन्न स्थानों पर घूम-घूम कर जरूरतमंद लोगों को कंबल उपलब्ध कराया गया, रविवार को 71 कंबल का वितरण किया गया। मौके पर संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा की फरवरी महीने तक यह सेवा निरंतर चलती रहेगी, गरीबों के लिए ठंड के समय में एक कंबल भी बहुत बड़ा सहारा बन सकता है।

## ब्रजकिशोर जायसवाल का कुशल क्षेम जानने मेडिका पहुंचे बाबूलाल एवं सांसद आदित्य साहू



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** पूर्व जिप अध्यक्ष और हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल के पिता ब्रजकिशोर जायसवाल की तबीयत पिछले गुरुवार अचानक बिगड़ गई थी। जिसके बाद उन्हें राजधानी रांची स्थित भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। रविवार को ब्रजकिशोर जायसवाल का कुशलक्षेम जानने झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह वर्तमान भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू सहित बीजेपी के कई नेता और उनके शुभचिंतक पहुंचे और आईसीयू में जाकर उनसे मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। बाबूलाल मरांडी और आदित्य साहू ने ईश्वर से जल्द ब्रजकिशोर जायसवाल के स्वास्थ्य होने की कामना भी की। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने बताया की ब्रजकिशोर जायसवाल हमारे पुराने राजनीतिक साथी रहें हैं और उनसे हमारा दिली लगाव हैं। आदित्य साहू ने भी बताया की बतौर अभिभावक उनसे भविष्य में भी मार्गदर्शन मिलता रहें इसीलिए उनका जल्द स्वास्थ्य होना बेहद जरूरी है। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साहू आदि मौजूद रहें।

### बरही में होगी देशभक्ति शॉर्ट मूवी तिरंगा हमारे दिल में, पार्ट-2 की शूटिंग

**बरही ।** राज आर्यन प्रोडक्शन के बैनर तले शीघ्र ही देशभक्ति शॉर्ट फिल्म तिरंगा हमारे दिल में पार्ट-2 का शूटिंग प्रारंभ होगा. उक्त जानकारी फिल्म निर्देशक राज आर्यन उर्फ छोटी ने दिया. उन्होंने बताया कि इस फिल्म में बरही के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का चित्रण किया जायेगा. इसका पार्ट - 1 काफी लोकप्रिय रहा. पार्ट-2 में एक बार फिर से देशभक्ति, पारिवारिक, एक्शन, ड्रामा, एवम भाईचारे का जबरदस्त संदेश देखने को मिलेगा. जो स्थानीय बरही क्षेत्र में फिल्माया जाएगा. इसके निर्माण में लगभग दो लाख रूपए के खर्च की संभावना है. इसके लिए सुनील कुमार बैठा उर्फ छोटू, टिंकू कुमार, सुजल कुमार मद्धेशिया, विकास विश्वास, सूरज गुप्ता, प्रख्यात कुमार आदि कुछ कलाकारों का चयन किया जा चुका है.

### बरकट्ठा में मांगों के लिए सहायक अध्यापकों ने विधायक प्रतिनिधि को सौंपा मांग पत्र

**बरकट्ठा।** झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा प्रखंड इकाई बरकट्ठा के सहायक अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने प्रदेश समिति के आदेशानुसार प्रखंड सचिव सुकर ठाकुर के नेतृत्व में वेतनमान के समर्थन में एक मांग पत्र विधायक अमित कुमार यादव की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि दुर्गानंद झा को सोंपा। सुकर ठाकुर ने कहा कि सरकार चुनाव के सभी रैलियों में यह कह रही थी कि यदि हमारी सरकार बनती है तो हम पहले कैबिनेट में ही प्रदेश के पारा शिक्षकों की समस्या, वेतनमान आदि का समाधान करूंगा। परंतु सरकार के 4 वर्ष पूर्ण हो गए हैं समस्या जैसे के तैसी पड़ी है। हम सभी एक बार पुनः ठगा महसूस कर रहे हैं। यदि हम लोगों का मांग पूरा नहीं हुआ तो हम लोग यथाशीघ्र उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे। जिसकी सारी जिम्मेवारी झारखंड सरकार की होगी।

### चेतावनी

### चौपारण प्रखंड के डीलर संघ ने काला बिल्ला लगाकर की बैठक

# मांगें पूरी नहीं हुईं तो एक जनवरी से हड़ताल



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** चौपारण प्रखंड के डीलर संघ ने रविवार को काला बिल्ला लगा कर बैठक की. इसकी अध्यक्षता डीलर संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार ने जबकि संचालन कुमार राहुल ने किया. डीलर संघ ने बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सरकार डीलरों की मांग को 31 दिसंबर तक पूरा नहीं किया तो एक जनवरी 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा. दिनेश कुमार ने कहा कि सरकार हमलोगों का कोरोना काल में पीएमजीकेवाई योजना का बकाया कमीशन अतिशीघ्र दे. कमीशन एक रुपया के स्थान पर तीन रुपया किया जाय, डीलर को प्रतिमाह 30 हजार मानदेय दिया जाय, अनुकंपा नियम को पुनः लागू की जाय. वही जिला उपाध्यक्ष अशोक राम चंद्रवंशी ने कहा कि केंद्रीय कमिटी के निर्देशन पर 4 से 15 तारीख तक सभी डीलर काला बिल्ला लगा कर काम करेंगे. 15 दिसंबर के बाद केंद्रीय कमिटी के निर्देश पर आगे का कार्य किया जाएगा. साथ ही कहा कि 31 दिसंबर तक सरकार डीलरो की मांग पूरी नहीं करती है तो जनवरी 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल होगी. मौके पर अध्यक्ष दिनेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष अशोक राम चंद्रवंशी, खाद्य आपूर्ति विधायक प्रतिनिधि नीरज सिंह, गणेश केशरी, मनोज दांगी, मोहम्मद वहाब, रामचंद्र रजक, अवध किशोर साव, भुवनेश्वर दांगी, बिनोद केशरी, कुमार राहुल, रिंकू देवी, रामाधीन सिंह, ब्रजेश्वर सिंह, उमेश यादव, बाबूलाल पासवान, जितेंद्र उर्फ मिठ्ठू राणा, संजय रजक, वीरेंद्र पांडेय, जावेद खान, हैदर अली, रामलखन केशरी, सुरेंद्र रजक, बासुदेव सिंह सहित प्रखंड के सभी डीलर उपस्थित थे.

### जरूरी दस्तावेज के साथ आज प्रखंड मुख्यालय पहुंचे दिव्यांगजन : प्रदीप



**बरकट्ठा।** भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम भुवनेश्वर के द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग महिला एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार एडीआईपी योजना के तहत बरकट्ठा प्रखंड में दिव्यांग जनों को जांचों प्रांत आवश्यक यंत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। जानकारी देते हुए 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप मंडल ने बताया कि इसके लिए प्रखंड क्षेत्र के दिव्यांगजन दिनांक 4 दिसंबर को दिन 11:00 बजे प्रखंड कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज के साथ प्रखंड मुख्यालय पहुंचे।

### चित्रांश परिवार ने मनाई डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती



**बरही ।** चित्रांश परिवार बरही की ओर से न्यू कॉलोनी स्थित चंदन कुमार कर्ण के आवास पर भारत के पहले राष्ट्रपति और चित्रांशों के सिरमौर डॉ राजेंद्र प्रसाद की 139वीं जयंती मनाई गई. कार्यक्रम की शुरूआत आराध्य देव चित्रगुप्त की स्तुति के साथ हुई इसके बाद उपस्थित सभी चित्रांशों ने बड़ी-बड़ी से प्रथम राष्ट्रपति के चित्र पर पुष्पांजलि किया. पुष्पांजलि सभा के बाद उपस्थित चित्रांशों ने डॉ प्रसाद की जीवनी और उनके कार्यों का पर चर्चा किया. खेत प्रकट करते हुए वरिष्ठ चित्रांश उपेंद्र प्रसाद ने कहा कि समाज की अग्रणी पंक्ति में रहने वाला कायस्थ समाज मतभिन्नता के कारण बिखरता नजर आ रहा है. शब्दों को एक और संगठित होने की आवश्यकता है. कार्यक्रम को अन्य चित्रांशों ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष मनोज घोष एवं संचालन सचिव आशुतोष कुमार सिन्हा ने किया.

### एमपी सहित तीन राज्यों में पार्टी की शानदार जीत पर जश्न

# रंग-गुलाल-ढोल-नगाड़ों संग जश्न में डूबे भाजपाई

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** मध्यप्रदेश राजस्थान छत्तीसगढ़ तीनो राज्यो में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपा सिमडेगा में रविवार को महावीर चौक में जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे के गाल पर अबीर गुलाल लगा कर लड्डू बांट कर जश्न मनाया। वही इस दौरान ढोल के ताल पर भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा जमकर नाचते हुए एक दूसरे को जीत की बधाई दी। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि देश की जनता को मोदी जी पर भरोसा है, मोदी जी की गारंटी पर तीनों राज्य की जनता ने भरोसा जताया। तीनों राज्यों के चुनाव परिणाम आने वाले 2024 के चुनाव का ट्रेलर है। लोग कांग्रेस को घोटालेबाज शासन से त्रस्त हो चुके थे इसीलिए जनता ने मोदी जी पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि आगामी झारखंड के विधानसभा चुनाव में भी भ्रष्टाचारी सरकार को जनता उखाड़ कर भाजपा की सरकार बनेगी ।इधर पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी पर लोगों का विश्वास है यह आने वाले लोकसभा चुनाव का रास्ता प्रशस्त करेगी आज देश में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन को मिल रहा है और देश के लोग राष्ट्रवादी विचारधारा को एवं भारतीय जनता पार्टी की सोच को अपनी सोच मानकर इस चुनाव में जनता ने मत दिया है और इस वजह से प्रचंड बहुमत साथ जीत हुई है। इधर केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीत ऐतिहासिक है जिस तरह से जनता ने कांग्रेस को चुनाव में आईना दिखाया है ये बताने के लिए काफी है कि 2024 में पुनः देश और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी ,साथ ही उन्होंने कहा कि देश की जनता जिस तरह से भाजपा को अपना मत देकर पूरे देश मे केसरिया लहरा रही है ये गर्व की अनुभूति कराता है ।भारतीय जनता पार्टी आज सिर्फ एक दल नहीं बल्कि विचारधारा बन चुकी है। यह जनमानस के विश्वास का प्रतीक बन चुकी है तीन राज्यो के परिणाम से कार्यकर्ता उत्साहित हैं और दो गुने जोश के साथ 2024 के चुनाव में उतरेंगे।जश्न मनाते हुए जिला महामंत्री दीपक पुरी ने कहा की तीन राज्यों के ऐतिहासिक जीत मोदी जी के नीति और काम पर जनता की मोहर है जनता पुनः मन बन चुकी है की 2024 में भी मोदी जी को गद्दी में बैठना है। इस मौके पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, श्री लाल शाह ,चंदन लाल ,नवीन सिंह, फनी भूषण शाह ,संजय ठाकुर ,दीप नारायण दास, पिंकी रानी सावित्री देवी हिंदू देवी फुल सुंदरी देवी शिखा अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।





**प्रखंडों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न**

इधर भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा के विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्षों की अगवाई में जमकर मिठाई एवं आतिशबाजी करते हुए जश्न मनाया गया एवं एक दूसरे को जीत की शुभकामना दी गई जिला के सभी मंडलों में कार्यकर्ता तीन राज्यों की जीत पर काफी खुश नजर आए। उन्होंने सभी एक स्वर में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुनामी के बीच कांग्रेस का नाव डूब गई और जनता जान चुकी है इसीलिए जनता ने जो जनादेश दिया है या आने वाले लोकसभा चुनाव में भी इसी प्रकार कांग्रेस को नकार कर भारतीय जनता पार्टी को सत्ता पर बैठाएगी।

## पुलिस-पब्लिक-मीडिया के बीच दोस्ताना संबंध होना चाहिए : थाना प्रभारी

**कोडरमा।** जयनगर थाना परिसर में थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार राणा ने प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि पुलिस,पब्लिक और मीडिया में मैत्री संबंध होना चाहिए. क्षेत्र में विधि व्यवस्था कायम रखने में सब की सहभागिता जरूरी है. राजेंद्र कुमार राणा ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा. साथ ही यातायात नियम पर जोर दिया जायेगा. सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए दो पहिया वाहन सवार हेलमेट और चार पहिया वाहन सवार सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी चलाएं, अन्यथा पकड़े जाने पर जुमार्ना सहित कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी. उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में अवैध शराब के कारोबार, अवैध खनन और बालू परिवहन के कारोबार को रोकना है. उन्होंने विधि व्यवस्था के संधारण में लोगों से सहयोग की अपील की. थाना प्रभारी ने बताया कि प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट के समय नो एंट्री लगाकर बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित किया जाएगा. वहीं लोग अपनी किसी भी समस्या के लिए सीधा उनसे संपर्क कर सकते हैं. मौके पर सभी समाचार पत्र के प्रतिनिधि सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे.

## एक नजर

### बानो में अवैध पिस्तौल के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार

**बानो।** बानो पुलिस ने दो अपराधियों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नरेंद्र सिंह एवं कुलदीप चेरवा के रूप में हुई। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी रंजीत कुमार महतो ने बताया कि 2 दिसंबर को बानो थाना क्षेत्र के साहूबेड़ा मोड़ के पास पुलिस द्वारा गश्ती अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्तियों पर संदेह हुआ तब जाकर पूछताछ एवं तलाशी किया गया जिसके बाद तलाशी के दौरान उनके पास अवैध पिस्तौल गोली एवं प्रतिबंधित संगठन का पर्चा एवं लवी की रसीद तथा मोटरसाइकिल को कब्जे में लेते हुए दोनों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी में एक आरोपी जिसका नाम नवेद्र सिंह है वो पूर्व से अपराधी प्रवृत्ति का रहा है। वह 2019 में हाटिंगहोडे में गाड़ी जलाने का काम कर चुका है।

### समर्थकों के साथ विधायक उमाशंकर अकेला ने दिया धरना

**कोडरमा।** बरही विधानसभा क्षेत्र के विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने सैकड़ों लोगों के साथ चंदवारा थाना गेट के समीप धरना दिया. उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन के सह पर चंदवारा थाना एवं तिलैया डैम ओपी थाना पुलिस द्वारा बालू एवं गिट्टी गाड़ियों पर भयादोहन किया जा रहा है. धरना सेपहले चंदवारा पुराना थाना से रैली निकाली गयी. इस दौरान प्रदर्शनकारी प्रशासन के खिलाफ नारा लगाते हुए चंदवारा थाना पहुंचे, जहां रैली एक सभा में तब्दील हो गई. सभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद वर्णवाल ने जबकि संचालन अज्जू सिंह ने किया. मौके पर विधायक अकेला यादव ने कहा कि प्रशासन यहा के पत्थर कारोबारियों को परेशान करना बंद करे, ट्रैक्टर एवं हाइवा गाड़ी को पकड़ना बंद करे. अन्यथा अगली बार वृहत पैमाने पर जनांदोलन किया जाएगा.

### पत्रकार स्वर्गीय हारून रशीद क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारियों के लिए बैठक आयोजित

## ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** ईदगाह मुहल्ला सिमडेगा में क्रिकेट की टीम आजाद हिंद क्लब के तत्वावधान में पत्रकार स्वर्गीय हारून रशीद क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। विधायक ने प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने एवं प्रतियोगिता को सफल बनाने में हर संभव सहयोग करने का भरोसा जताया। विधायक ने कहा कि क्रिक्रेट खेल का लोकप्रिय दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। ऐसे में जिले में भी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन जरूरी है। कमेटी द्वारा जिले में क्रिकेट खेल को एवं क्रिकेट खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की दिशा में किया गया प्रयास सराहनीय है। ऐसे आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को मंच मिलेगा। साथ ही उनकी खेल प्रतिभा में भी निखार आएगा। हमारे जिले के खिलाड़ी किसी भी खेल में पीछे नहीं है। अगर क्रिकेट खेल के लिए भी सुविधाएं उपलब्ध करा दिया जाए तो हमारे जिले के खिलाड़ी क्रिकेट खेल के माध्यम से दुनिया मे डंका बजा सकते हैं। मौके पर नगर विधायक प्रतिनिधि मो शकील अहमद, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज,अख्तर खान, जिला व्यापार संघ अध्यक्ष शहजाद अंसारी,कैथोलिक यूथ के समीर कुल्लू, जयवंत बारला, नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन , डॉक्टर इम्तियाज हुसैन, मो फिरोज, मो यासिर, मो रिजवान, मो इरफान, पंकज, मो अरमान के अलावे आयोजनकर्ता मो हारीश ,मो इरशाद ,मो दानिश , मो बासित, मन्नवार हुसैन, मो वसीम, मो जैद, मो उमराज, मो जियाउल, ऑटो चालक संघ के मेम्बर मो फिरोज, मो यासिर,मो रिजवान, मो इरफान, पंकज, मो जाकिर आदि उपस्थित थे।



### 55 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजली ऑफिस के पास किराए के मकान में रह रहे 55 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। व्यक्ति की पहचान पश्चिम बंगाल के मालदा निवासी रमेश मंडल के रूप में हुई जो विगत 30 वर्षों से कोलेबिरा में किराए के मकान में रहकर मछली की जाल बेचने का काम करता था ।प्राप्त जानकारी के अनुसार आत्महत्या का कारण फोन पर पत्नी से विवाद बताया गया ।वहीं कोलेबिरा पुलिस को सूचना मिलने पर कोलेबिरा थाना प्रभारी अंशु कुमार घटनास्थल पहुंचकर मृतक रमेश मंडल के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया जहां पर पुलिस की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम हुआ जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया। वही साथियों ने बताया कि उसका शव पश्चिम बंगाल के मालदा निजी वाहन के माध्यम से अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया ।इधर पुलिस आत्महत्या के सभी पहलुओं पर छानबीन कर रही है।

### बानो के गिरदा में नये गिरजाघर का उद्घाटन

## कलीसिया और समाज की मजबूती में सहयोगी बनें: बिशप

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** बानो प्रखंड के गिरदा में शहीद फादर हेरमन रास्कर्ट के नाम पर नया गिरजाघर का उद्घाटन किया गया। जिसमें सिमडेगा डायसिस के बिशप स्वामी विसेंट बरवा, खूंटी डायसिस के बिशप स्वामी विनय कंडुलना एवं हजारीबाग डायसिस के बिशप स्वामी आनंद जोजो मिस्सा पूजा के मुख्य अनुष्ठाता रहे। विभिन्न जगहों से फादरों एव धर्म बहनों के साथ साथ मसीही समुदायों ने भी भाग लिया। मौके पर बिशप स्वामी ने कहा प्रभु ईसा मसीह हमारे जीवन के उद्धार करता है इसलिए हमलोगो को चाहिए कि प्रभु के बताए मार्ग पर चले ईसा मसीह ने हमेशा दूसरों की सेवा किया है इसीलिए हमें झूठ एवं फरेब का सहारा ना लेते हुए, लोगों की सेवा करनी चाहिए। ताकि ईश्वर के बताएं मार्ग पर चलकर हमारा जीवन धन्य हो सके उन्होंने कहा गिरदा में प्रभु की स्तुति के लिए नए गिरजाघर का उद्घाटन किया गया। यह हमारे मसीही भाइयों के लिये गौरव की बात है। मौके पर पूर्व विधायक तोरपा पौलुस सुरीन भी उपस्थित रहे उन्होंने सभी विश्व स्वामियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए पौधा देकर सम्मानित किया साथ उन्होंने कहा कि क्षेत्र में ईश्वर की आराधना करने के लिए नया गिरजाघर का बना ,अपने आप में एक सराहनीय कदम है।



## जीईएल चर्च बुधराटोली में मना नवाखानी पर्व, विधायक हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। शहर के जीईएल चर्च बुधराटोली में रविवार को नवाखानी पर्व धूमधाम से मनाया गया। मौके पर आराधना विधि पादरी जेम्स जोजो, पादरी जातोम टेटे की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उन्होंने फसल की अच्छी उपज के लिए ईश्वर के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि नावाखानी का पर्व प्रभु येसु को अच्छी फसल की उपज के लिए धन्यवाद देने का दिन है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भूषण बाड़ा व जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी शामिल हुए। विधायक ने सभी को नवाखानी पर्व की बधाई दी। साथ ही अपने खेतों में उपज फसल का थोड़ा हिस्सा गरीबों एवं असहायों में दान करें। गरीबों एवं असहाय लोगों में किया गया दान सीधे ईश्वर को प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि नवाखानी का यह पर्व अच्छी फसल की उपज के लिए ईश्वर को धन्यवाद देने का दिन है। हम सभी पर्व के माध्यम से ईश्वर के प्रति आभार प्रकट करें। साथ ही यह प्रार्थना करें कि आने वाले वर्षों में भी परम पिता परमेश्वर अच्छी फसल की उपज कराए। जोसिमा ने कहा कि ईश्वर कृपा से ही खेतों में लगाये गए फसलों की उपज अच्छी होती है। हम सभी को अपने अन्न का कुछ हिस्सा गरीबों के लिए भी निकाल कर रखना चाहिए। मौके पर कंडीदात अभय डुंगडुंग, एलिसा सोरेंग आदि उपस्थित थे।



### ऑटो पलटने से बच्चा घायल, बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर

**बानो।** महाबुवांग थाना क्षेत्र जामटोली में बीती रात आयोजित मेला में खिलौना खरीद रहे बच्चे के ऊपर टेम्पो पलटने से बच्चा घायल हो गया घायल को इलाज हेतु बानो अस्पताल ले जाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह जामटोली में सड़क किनारे लगे खिलौने की दुकान पर 10 वर्षीय रामचंद्र नायक खिलौना ले रहा था ।तभी टेंट का सामान लेकर मेला से टेम्पो जा रहा था ।परन्तु टेम्पू पर ओभरलोड होने के कारण टेम्पो हल्की चढ़ान नही चढ़ पाया और पलट गया इधर टेम्पो के पलटने से चोरबान्दू निवासी भोषा नायक का पुत्र रामचंद्र नायक दब गया टेम्पो के पलटने से मेला में अफरा तफरी मच गया। और स्थानीय लोगों के सहयोग से टेंपो को सिद्ध करते हुए बच्चे को निकाला गया।

## भाजपा की जीत पर आतिशबाजी



नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बहुमत हासिल कर लिया है. भाजपा की सफलता से उत्साहित कोडरमा में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया. मौके पर आतिशबाजी की गई और मिठाईयां बांटी गई. भाजपा नेता ने पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व की जीत बताया. वहीं विधायक डॉ नीरा यादव ने भी अपने आवास पर मिठाइयां बाँटी. जिले के डोमचांच और जयनगर प्रखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाला. भाजपा के जिला अध्यक्ष नीतीश चंद्रवंशी ने कहा कि नेतृत्वकर्ता के रूप में नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी ने पूरे देश में मोदी लहर पैदा कर दी है. तीन राज्यों में भाजपा की जीत साबित करता है कि भाजपा की परे देश में लहर है. सारे एग्जिट पोल को धत्ता बताते हुए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं की मेहनत और पीएम मोदी के नेतृत्व में प्रचंड जीत मिली. वहीं जिला महामंत्री अनूप जोशी ने कहा कि तीनों विधानसभा की जीत ने पूरे देश में पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह भर दी है. यह साबित हो गया कि पूरे देश के सर्वमान्य नेता मोदी जी हैं. तीनों विधानसभा का चुनाव पीएम मोदी के चेहरे पर लड़ा गया था और वहां की जनता ने विधानसभा में प्रचंड बहुमत देकर यह साबित कर दिया कि जनता पीएम मोदी के कार्यो से खुश है. अब यही नारा है अबकी बार 400 पार.

### रंगारंग कार्यक्रम | बानो के जामटोली में इंद मेले का आयोजन

## नागपुरी कलाकारों ने बांधा समा, झूमे श्रोता

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखंड के जामटोली में इंद मेला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा नेता अजित तोपनो के द्वारा फीता काटकर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होना भी अपने आप में सराहनीय है क्योंकि गीत संगीत और विलुप्त होती परंपरा को बचाना हम सभी का कर्तव्य है। मेला का आनन्द ले। भगवान इंद्र की पूजा अच्छी फसल की कामना को लेकर हम लोगों के द्वारा किया जाता है, ताकि आने वाले समय में भगवान की कृपा इस क्षेत्र के किसानों पर बनी रहे और अच्छी फसल होता रहे एवं किसान खुशहाल बने रहे । जब फसल तैयार हो जाती है तब हम उसी के लिए भगवान को धन्यवाद हेतु कार्यक्रम करते हैं।आप अपने बच्चों को विद्यालय जरूर भेजे आज सरकार कई तरह की योजना चला रखी है उसका लाभ ले कार्यक्रम में रात भर नागपुरी गीतों से लोग झूमे मौके पर आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष सितन बड़ाईक,गंदूरा बडाईक,दीपक बडाईक, नारायण बडाईक, प्रमोद साहू, नारायण सिंह, संतोष सिंह, रामचरण बडाईक, चंद्रभान सिंह, बलराम सिंह, विक्रम नायक, बैसाखू सिंह, चंद्रकांत सिंह,कलेश भोकता, राजेश साहू,देवलाल मांझी, विनोद कश्यप , संजय बड़ाइक एवं समिति के सदस्यों का योगदान रहा।



## विश्व दिव्यांग दिवस पर डीसी ने दिव्यांगों को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर रविवार को बांसजोर प्रखंड का भ्रमण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि समाज एवं विकास के प्रत्येक स्तर पर दिव्यांग लोगों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए हर साल 3 दिसंबर के दिन विश्व दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। इसे अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के नाम से भी जाना जाता है ।मौके पर उपायुक्त ने बांसजोर में कई दिव्यांग को पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं शोल ओढ़कर सम्मानित किया। प्रखंड के दिव्यांग जनों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। साथ ही दिव्यांगों को सशक्त बनाने पर बल दिया है। उन्होंने उन्होंने ने कहा कि दिव्यांगजनों का संघर्ष और उनकी उपलब्धियां लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं ।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी बांसजोर एवं अन्य उपस्थित थे।



## एक नजर

### बाईक पलटने से सवार घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के टाउनशिप के दुलहर पुलिया के समीप रविवार की दोपहर में बाइक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक सिंदुरिया निवासी संतोष बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां सीएचओ इन्द्रकिशोर विश्वकर्मा की देखरेख में इलाज जारी है। सीएचओ ने बताया कि स्थिति देखने के बाद रेफर किया जाएगा। बताया कि संतोष टाउनशिप से बाइक से आ रहे थे कि दुलहर पुलिया के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो को देखकर हड़बड़ा गये और टेम्पों से बचने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई।

### चांद रेडिमेड वस्त्रालय का शुभारंभ

**केतार।** केतार बाजार के कपुर्री गेट के समीप रविवार को चांद रेडीमेड वस्त्रालय का शुभारंभ स्थानीय मुखिया प्रमोद कुमार ने किया। इस दौरान केतार प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद, मुकुंदपुर पंचायत के बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज अंसारी उपस्थित थे। इस मौके पर चांद रेडीमेड वस्त्रालय के प्रोपराइटर मौलाना नसीम अहमद के द्वारा प्रबुद्ध लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर इकबाल अंसारी, जयंत विश्वकर्मा, शमीम अंसारी, गुलजान अंसारी आदि मौजूद थे।

### किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण

**भवनाथपुर।** प्रखंड के कैलान पंचायत सचिवालय में रविवार को किसान मित्र प्रेम यादव की अध्यक्षता में किसानों के बीच बीज एवं कीटनाशक आदि का वितरण किया गया। बीटीएम राकेश रजक, झामूमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, कैलान पंचायत मुखिया सुकनी देवी एवं समाज सेवी राजमोहन यादव ने 135 किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण किया। बीटीएम ने किसानों को सरसों की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं दवा उपयोग करने के तरीका बताया। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि सरकार ने किसानों को सरसों बीज उपलब्ध कराया है।

### राजद प्रदेश कोषाध्यक्ष सह पूर्व प्रत्याशी का स्वागत

**बालूमाथ।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कोषाध्यक्ष सह पूर्व चतरा लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी सुभाष यादव का गढ़वा पैर पूजाई कार्यक्रम में जाने के दौरान रविवार को सुबह बालूमाथ पांकी मोड़ में राजद कार्यकर्ताओं ने राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव के नेतृत्व में पूरे गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। जिला कोषाध्यक्ष सह भावी प्रत्याशी लातेहार विस सुरेश राम सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनकर प्रदेश कोषाध्यक्ष का स्वागत किया गया। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कोषाध्यक्ष के साथ काफिले में शामिल होकर गढ़वा कार्यक्रम के लिए प्रस्थान किए। इस दौरान दलित प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष तुलसीराम, युवा मंडल अध्यक्ष दीपक यादव, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष शोभा देवी, युवा जिला सचिव विवेक यादव, राजेश रजक, निरंजन यादव, हरिहर यादव, अनुज यादव, तौफीक अंसारी, विवेक कुमार, विजय यादव, दशरथ यादव, उमेश उरांव, जलंदर गंझू, राजेश कुशवाहा सहित कार्यकर्ता महजूद रहे।

# जामताड़ा में साइबर ठगी के चार आरोपित गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। जामताड़ा**

एसपी अनिमेष नैथानी को मिली गुप्त सूचना के आधार रविवार को जामताड़ा साइबर थाना की पुलिस ने करमाटांड़ थाना क्षेत्र के सुब्दीडीह और मुरलीपहाड़ी गांव में छापेमारी की। इस दौरान चार साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपितों के पास से 15 मोबाइल, 31 सिम व 03 बाइक जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपितों में गिरीडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी पियारी मंडल है, जो मुरलीडीह गांव छठियारी का निमंत्रण देने पहुंचा था। पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध गिरीडीह थाना कांड संख्या-17/23 के तहत साइबर अपराध का मामला दर्ज है, जिसमें वह फरार चल रहा था। साथ ही सुब्दीडीह गांव से इजहार अंसारी, मोजाहिद अंसारी और सफाउल अंसारी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सफाउल अंसारी नारायणपुर थाना क्षेत्र के मानपुर गांव का रहने वाला है। उसके विरुद्ध साल 2017 में नारायणपुर थाना में साइबर अपराध का कांड दर्ज है। मामले में पुलिस की ओर से न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया गया है। इन सभी आरोपितों के खिलाफ जामताड़ा साइबर अपराध थाना में मामला दर्ज किया गया है। साइबर डीएसपी मन्जरूल होदा और थाना प्रभारी मनोज कुमार ने रविवार को जामताड़ा साइबर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार आरोपितों ने साइबर ठगी का नया तरीका ढूंढ लिया था। खासकर गुजराज और राजस्थान के लोगों से साइबर ठगी करते थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों ने स्वीकार किया है कि गूगल सर्च इंजन पर एनिमल प्रोटेक्शन के नाम पर हेल्पलाइन नंबर जारी किया था, जिस हेल्पलाइन पर संपर्क करने वाले सड़क व गली-मुहल्लों में विचरण करने वाले आवारा पशुओं को सुरक्षित रखने का भरोसा देते थे। साथ ही इसके एवज में संपर्क करने वाले व्यक्ति को प्रोसेसिंग चार्ज के रूप में 10 रुपये जमा करने को कहते थे और ठगी का शिकार बना लेते थे।

### किसी रोजगार सेवक ने स्थानांतरित पंचायत में नहीं दिया योगदान

**डंडई।** प्रखंड के रोजगार सेवकों का ट्रांसफार्मर हुए लगभग महीना दिन का समय बीत गया लेकिन अभी तक उनके द्वारा स्थानांतरित पंचायत में योगदान देने का काम नहीं किया गया है, जबकि उन्हें पत्र जारी होते ही तुरंत स्थानांतरित पंचायत में योगदान कर पंचायत के कार्यों को संभालने का बीडीओ की ओर से सख्त निर्देश दिया गया था। जिन रोजगार सेवकों की बदली की गई है उनमें दिनेश कुमार रवि, दामोदर कुमार, प्रमोद कुमार प्रजापति, अशोक राम, संजीव कुमार, विनय चौबे, बृजमोहन कुमार, अनिल केरकेट्टा के साथ-साथ सुनील प्रसाद शामिल हैं। मालूम हों कि इससे पहले भी तात्कालिक बीडीओ सोमा उरांव ने प्रखंड के कई रोजगार सेवकों का तबादला किया था, लेकिन एक भी रोजगार सेवक ने स्थानांतरित पंचायत में आज तक योगदान नहीं दिया। सभी रोजगार सेवक पुरानी पंचायत में ही आज तक काम कर रहे हैं। बीडीओ की तबादला चिट्ठी सिर्फ कागज बनकर रह गई थी।

# मुखिया की पहल : दर्जनों गांव से कटा संपर्क जुड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**

जिले में इस वर्ष हुए भारी बरसात से फुलवरिया गांव से डबरा सहित आधा दर्जन गांवों को जोड़ने वाली सड़क मार्ग के बीच एक पुल के पूरी तरह कट जाने के बाद बंद हुए सड़क मार्ग को आखिरकार मुखिया को भरवाना पड़ा। लोगों के लगातार मांग के बाद सरकारी योजना से कार्य में विलंब होने के कारण मुखिया ने यह कदम उठाया है। मामला बोआरीजोर प्रखंड के लीलातरी एक पंचायत का है। मोहनपुर से भलगोड़ा डुमरिया जाने वाले रास्ते के बीच फुलवरिया गांव के पास से तकरीबन आधा दर्जन पहाड़िया गांव को जोड़ने वाली यह सड़क करीब चार माह से पूरी तरह से चार चक्के वाले वाहनों के लिए बंद हो गई थी। मामले को लेकर पंचायत के मुखिया ने ग्रामीणों की शिकायत के बाद इस संबंध में जिला प्रशासन को इस मार्ग को बनवाने के लिए पत्र लिखा था पर अब तक सड़क को दुरुस्त नहीं कराया जा सका था। पंचायत की मुखिया ललिता किस्कू ने बताया कि पहाड़िया गांव के लोग लगातार मुझे इस संबंध में शिकायत कर रहे थे। बताया कि इस सड़क से डबरा, गोपाली, तेलोधुनी, मादगीगोड़ा, दिग्घी, विशडूबा आदि गांवों को जाने के लिए महज साइकिल या मोटरसाइकिल ही एकमात्र साधन बन चुका था, जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। जल्द इस संबंध में कोई कार्य नहीं होने के कारण तत्काल रूप से मिट्टी भरवा कर सड़क को चालू करने का प्रयास कर रही हूं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने मुखिया की इस पहल की काफी सराहना की है।

# पुलिस ने किया ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, आरोपी प्रेमी गिरफ्तार

## करीब एक माह पहले हुई तीन बच्चों की मां की हत्या में प्रयुक्त खून लगा पत्थर बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया (चतरा)**

पुलिस ने लावालौग थाना क्षेत्र में हुए ब्लाइंड मर्डर का उद्भेदन करने में सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार प्रियदर्शी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 29 अक्टूबर को कुकुर मरवा घाटी से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया था। कांड के उद्वेदन के लिए मेरे नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया और एसआईटी द्वारा मृतका की पहचान खामडीह निवासी चिंता देवी, पति अनिल मेहता के रूप में करते हुए जांच के क्रम में हत्या के अभियुक्त ग्राम दारुडीह थाना लेसलीगंज निवासी 26 वर्षीय नीरज कुमार मेहता को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आगे बताया कि हत्यारा एवं महिला के बीच 2 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला तीन बच्चों की मां थी और अभियुक्त पर बार-बार शादी करने का दबाव बना रही थी। महिला ने अभियुक्त को महिला मंडल से 60000 रुपये उठा कर दिए थे और उस पैसे की मांग कर रही थी। इसके कारण गिरफ्तार अभियुक्त अपने साथियों के साथ मिलकर कुकुर मरवा घाटी के घने जंगल में महिला को ले जाकर पत्थर से चेहरा कुचलकर हत्या कर दी ताकि इसकी पहचान ना हो सके। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून लगा पत्थर बरामद कर लिया गया है। छापामारी दल में लावालौंग थाना प्रभारी अविनाश कुमार, पुअनी रामाशीष शुक्ला और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### मारपीट के दो आरोपी भेजे गए जेल

**गिद्धौर।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत द्वारी गांव में दो गुटों में हुए मारपीट के दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल भेजे गये आरोपियों में द्वारी निवासी कुलेश्वर भुइंयां व सनु भुइंयां का शामिल है। मालूम हो कि आपसी विवाद में दो गुटों में जमकर मार पीट हुई थी।

### 'राजनीतिक द्वेष से रोका बागेश्वर महाराज का कार्यक्रम'

**खरौंधी।** राजनीतिक द्वेष से या सनातनियों और हिंदुत्व की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए बागेश्वर महाराज के कार्यक्रम को रोकने का प्रयास किया गया। उक्त बातें शनिवार को विधायक भानु प्रताप शाही ने चंदनी में प्रेसवार्ता के दौरान कहीं। साथ ही शाही ने कहा कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री का पलामू में कार्यक्रम 10 से 12 दिसंबर को प्रस्तावित था। कार्यक्रम का समय भी निर्धारित हो गया था। सरकारी प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई थी। एसडीओ ने अनापति प्रमाण पत्र भी दे दिया था। हनुमत कथा समिति के लोग कार्यक्रम की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच, राजनीतिक द्वेष से या सनातनियों में हिंदुत्व की बढ़ती हुई लोकप्रियता को देखकर बागेश्वर महाराज के कार्यक्रम को रोकने का प्रयास किया गया। एसडीओ ने अनापत्ति दी और डीसी ने आपत्ति लगाई कि नदी किनारे जो कचरा इकट्ठा होगा उसका क्या होगा? इको सिस्टम का क्या होगा?

### तीन राज्यों में जीत के बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय में जश्न

# खूब उड़े अबीर गुलाल, मांदर की थाप पर झूमे लोग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

तीन राज्यों में बीजेपी की जीत से उत्साहित झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। पार्टी कार्यालय के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मांदर की थाप पर झूमते हुए अबीर गुलाल उड़ाते हुए नारे लगा रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाईं और मांदर की थाप पर खूब झूमे लोग। क्रिकेट वर्ल्ड कप के दौरान फाइनल में भारत की हार के बाद जिस तरह पीएम मोदी को लेकर पनौती शब्द ट्रेंड में आया और राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार में इसका इस्तेमाल किया। मंच से पनौती की बात हो रही थी, जिसका जवाब आज झारखंड बीजेपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी से दिया। झारखंड प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका तिलक लगाकर स्वागत किया। पार्टी कार्यालय के बाहर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी भी किया।

### बीडीओ-सीओ के सहारे जैसे-तैसे चल रहा आपूर्ति विभाग

# जिले में एक भी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नहीं



**बिट्टू सिंह। केतार**

सरकार ने पूरे राज्य में खाद्य आपूर्ति को लेकर कई योजनाएं संचालित की हैं ताकि आम आवाम और जरूरतमंद लोगों को आसानी से खाद्य सामग्री गांव में ही जनवितरण प्रणाली की दुकान में डीलरों के माध्यम से सुगमता पूर्वक ससमय मिल सके। साथ ही साथ जरूरतमंद लोगों को आसानी से प्रखंड स्तर पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के माध्यम से राशनकार्ड बनवाया या उसमें सुधार कराया जा सकें।

चूंकि राज्य सरकार ने प्रतिदिन डीलरों की क्रिया कलापों की देखरेख के लिए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) को ही अधिकृत किया है। लेकिन गढ़वा जिला में खाद्य आपूर्ति विभाग का दम घुटता हुआ नजर आ रहा है। इसका कारण यह है कि गढ़वा जिले में 20 प्रखंड हैं। लेकिन यहां पर स्थायी तौर पर किसी भी प्रखंड में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पदस्थापित नहीं हैं। सभी प्रखंडों में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के स्थान पर बीडीओ और सीओ प्रभार में काम कर रहे हैं। इस वजह से पिछले कई महीनों से जिले के विभिन्न प्रखंडों से राशनकार्ड धारियों को राशन नहीं मिलने और डीलर द्वारा राशन की कालाबाजरी करने की शिकायत संबंधित प्रखंड के बीडीओ, जिला उपायुक्त और जिला आपूर्ति पदाधिकारी से लाभुकों द्वारा की जाती रही है। प्रखंडों में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की पदस्थापना नहीं होने से आपूर्ति विभाग बीडीओ - सीओ के माध्यम से जैसे तैसे चल रहा है। ज्ञात हो कि किसी भी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी के पास अपने ही विभाग से संबंधित इतने काम होते हैं कि अतिरिक्त प्रभार वाले कामों पर इनका ध्यान ही नहीं जाता है। इस कारण खाद्य आपूर्ति विभाग के कार्यों में शिथिलता देखने को मिलती है।

### मां देवी की प्राण प्रतिष्ठा व यज्ञ के लिये कमेटी गठित

**मझिआंव।** स्थानीय राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में बाबा केशव नारायण दास की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मझिआंव ब्रह्म स्थल के बगल में स्थित देवी धाम माता मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा एवं यज्ञ किया जाएगा। इसके लिए कमेटी का चयन किया गया, जिसमें यज्ञ कर्ता संरक्षक बाबा केशव नारायण दास, मारुति नंदन सोनी, अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी, उपाध्यक्ष उमेश यादव, कृष्णा सिंह, परशुराम सिंह, महासचिव यश देव तिवारी, सचिव लखन देव तिवारी, पवन जायसवाल, जगरनाथ शाह, वीरेंद्र सैंडिक, कोषाध्यक्ष नागेंद्र साहू एवं शैलेंद्र दुबे, व्यवस्थापक नागेंद्र सिंह, डॉ रजनीकांत वर्मा, नीतीश चंद्रवंशी, वीरेंद्र पाठक, जितेंद्र पाठक, धीरेंद्र उर्फ पंटू, राहुल चंद्रवंशी, प्रदुमनशाह, मनु ठाकुर एवं विपेश चंद्रवंशी को चाहन किया गया। वहीं कार्यकारिणी में पंकज चंद्रवंशी, प्रीतम, शिवम, नागेंद्र पाठक, निर्मल शाह, गोविंद शाह, अंकेश, हिमांशु कुमार, सुधीर कुमार, मुकेश कुमार, चिंटू कुमार एवं मिथिलेश कुमार को चयन किया गया।

# ग्रामीणों ने डोल बाजार में शराब व मुर्गा की बिक्री पर लगाई रोक



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

थाना क्षेत्र के डोल गांव में रविवार को ग्रामीणों की एक आपातकालीन बैठक बुलाई गई, जिसकी अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्य नागेंद्र सिंह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि डोल बाजार में अवैध रूप से शराब की बिक्री व मुर्गा भूजने वालों पर पूरी तरीके से प्रतिबंध रहेगा। ग्रामीणों ने बताया कि डोल गांव में रविवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में मुर्गा भुज कर बेचने व शराब की भारी भरकम बिक्री की जाती है, जिसका खामियाजा पंचायत सहित अन्य गांवों के लोगों को भी उठाना पड़ रहा है। शराब पीने से लोगों की जान भी जा रही है। हमारे गांव में दो दिन पहले ही दो लोगों की मौत शराब पीने की वजह से मोटरसाइकिल दुर्घटना में हुई है। अगर वे शराब के नशे में नहीं होते तो बड़ी दुर्घटना नहीं होती। इसलिए ग्रामीणों ने यह निर्णय लिया है कि बाजार में मुर्गा भुज कर की जा रही बिक्री व शराब की बिक्री पर पूरी तरीके से प्रतिबंध रहेगा ताकि शराब की वजह से कोई और घर बर्बाद ना हो और लोगों की जान नहीं जाए। यह नियम रविवार से ही लागू होगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य नागेंद्र सिंह, भरत सिंह, बबलू पासवान, दामोदर शाह, उपेंद्र शाह,अकलेश शाह, संजय राम, संजीवन कोरवा, आनंद बिश्वकरमा सोनू शाह आदि मौजूद थे।

### तीन राज्यों में प्रचंड जीत पर भारतीय जनता पार्टी ने निकाला विजय जुलूस

**श्री बंशीधर नगर।** देश के चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों में भाजपा को मिली प्रचंड बहुमत की खुशी में रविवार को विधायक भानु प्रताप शाही के नेतृत्व में श्री बंशीधर नगर में ढोल नगाड़े के साथ विजय जुलूस निकाला गया। राजस्थान, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत हासिल होने पर भाजपाइयों ने बम पटाखा फोड़ व मिठाइयां बांटकर अपनी खुशियों का जमकर इजहार किया। विजय जुलूस बस स्टैंड से प्रारंभ होकर राष्ट्रीय राजमार्ग 75 से अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय तक जाकर वापसी में थाना के सामने आकर समाप्त हुआ। जुलूस में शामिल भाजपाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जिंदाबाद, भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद आदि नारे लगा रहे थे।

**राजनीति** राजद नेता ने कहा-राम की परिभाषा नहीं जानते भाजपा के लोग, झारखंड में जातिगत आरक्षण जरूरी

# संविधान बचाना है तो 2024 में राजद का दें साथ : सुभाष यादव



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झारखंड में जातिगत आरक्षण जरूरी है। क्योंकि जब तक आरक्षण जातिगत आरक्षण नहीं होगा तब तक जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी सुनिश्चित नहीं हो पाएगा। उक्त बातें राजद की ओर से गोविंद हाई स्कूल के मैदान में आयोजित जनता के पांव पूजाई कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सुभाष यादव ने कहीं। उन्होंने कहा कि 2024 का समय आने वाला है। आप अगर एकजुट नहीं हुए तो आने वाले दिनों में संविधान को खत्म करने के लिए भाजपा लगी हुई है। राम रहीम के नाम पर कुछ लोग देश को बांटने का काम कर रहे हैं। इसे उनके मकसद में कामयाब नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने देश के अत्यंत पिछड़े, गरीब, असहाय, दलित लोगों को उनका हक दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में राजद का गढ़ कहे जाने वाले पलामू, चतरा और कोडरमा की सीट पर लोकसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारेंगे। वहीं विधानसभा में भी हमारे इस इलाके में अपना दबदबा बनाने के लिए पुनः अपने प्रत्याशी उतारेंगे।

उन्होंने कहा कि आज देश में राम मंदिर बनाने के नाम पर तरह-तरह के पाखंड अपना रहे हैं, लेकिन भाजपा के लोग भगवान राम की परिभाषा तक नहीं जानते। वैसे लोगों के पाखंड से आज हम लोगों को बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिहार में राजद गठबंधन की सरकार ने 5 लाख लोगों को नौकरी देने का काम किया है। इसमें झारखंड के 12 हजार अभ्यर्थी भी शामिल हैं। आज हम लोग झारखंड में बिछड़े हुए लोगों को एक साथ एक मंच पर लाने का कार्य कर रहे हैं। देश में लोकतंत्र बचाने के लिए, संविधान बचाने के लिए तमाम जनमानस को एकजुटता का परिचय देना होगा। उन्होंने कहा कि देश में जनता मालिक है। लेकिन आज कुछ ऐसे नेता हैं जो जनता के वोट से जीत कर खुद को घमंड में चूर हो जाते हैं। देवता रूपी जनता को भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाला समय में वैसे नेताओं को मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि अब तक जनता के पांव पुजाई कार्यक्रम चतरा और कोडरमा में हो चुके हैं। रविवार को गढ़वा में किया गया है। पूर्व सांसद घूरन राम ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव जन-जन के विचार हैं। आज भी हर वर्ग के लोगों के दिलों पर राज करते हैं। इंजीनियर श्याम दास सिंह यादव ने कहा कि पलामू राजद का गढ़ रहा है और यहां के लोग हमेशा से आशीर्वाद राजद को देते रहे हैं। आने वाले दिनों में पलामू प्रमंडल की जनता राजद को भरपूर आशीर्वाद देगी। मौके पर राजद जिला अध्यक्ष सूरज सिंह, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, प्रदेश महासचिव फैजल हक, पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनीता यादव, विजय राम, जमरूद्दीन अंसारी, फरीद खान, डॉक्टर मकबूल आलम, युवा राजद के सोनू यादव, धर्मराज राम, वीरेंद्र यादव, पारसनाथ विश्वकर्मा, मुजीबु रहमान, मुनेश्वर सिंह, कामेश्वर यादव, सीमा यादव उपस्थित थे।

### धोती-साड़ी को लेकर हुई मारामारी

राजद की ओर से जनता के पांव पुजाई कार्यक्रम के दौरान साड़ी धोती वितरण के दौरान भगदड़ मच गई। लोग साड़ी धोती लूंगी लेने के लिए धक्का मुक्की करने लगे। इसी बीच कई लोग जख्मी भी हो गए। वहीं जनता के पांव पुजाई कार्यक्रम के दौरान गढ़वा डंडा रामकंडा रंका चिनिया मेराल से सैकड़ो लोग भाजपा और झारखंड मुक्ति मोर्चा को छोड़कर राजद में शामिल हुए।

### पाचाडुमर में मैजिक चालक को पीटा, घायल

**केतार।** थाना क्षेत्र के पाचाडुमर गांव में रविवार को मामूली विवाद में गांव के ही चंद्रकांत मेहता और उसकी मां ने मुकुन्दपुर गांव निवासी मैजिक चालक सतीश सिंह को मारपीट कर घायल कर दिया। घायलावस्था में युवक को इलाज के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। युवक ने बताया कि मैजिक गाड़ी लेकर डेकोरेशन का समान लेने पाचाडुमर गांव गया था, साइड लेने के क्रम में मैजिक वाहन का उपरी हिस्सा मिट्टी के खपरैल घर में लग गया। इस पर मकान मालिक बसंत मेहता का पुत्र चंद्रकांत मेहता और उसकी पत्नी ने गाली गलौज करते हुए लाठी, डंडे और टांगी से मारपीट कर घायल कर दिया और पैकेट से 700 रुपये भी निकाल लिया। गांव के लोगों ने बीच-बचाव कर मुझे इलाज के लिए भवनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया।

# नक्सलवाद व सरकार

***बीएसएफ*** के स्थापना दिवस के मौके पर हजारीबाग में पिछले दिनों केंद्रीय गृह मंत्री ने जल्द ही नक्सली खात्मे की बात कही है। झारखंड दौरे पर पिछले दिनों आये प्रधानमंत्री ने भी यही बातें दुहराई। इससे साफ पता चलता है कि उग्रवाद के दिन आने वाले कुछ वर्ष में कल की बात हो जायेगी। ऐसे देखा जाये तो नक्सलवाद हाल के दिनों में समाप्ति की ओर है। पुलिस ने बहुत हद तक काबू पा लिया है। राज्य के बड़े नक्सली या तो मारे जा रहे हैं या जान बचाने के लिए भाग रहे हैं। मुख्यधारा में शामिल करने की योजना पर भी काम जारी है। ऐसे देखा जाये तो किसी समस्या का समाधान बंदूक की नाली से निकलने वाली गोली नहीं हो सकती है। राज्य के सारंडा से लेकर बूढ़ा पहाड़ तक कानून का राज्य स्थापित हो चुका है। या होने वाला है। ऐसे में गृहमंत्री और प्रधानमंत्री के बयान से स्पष्ट हो गया है कि विकास के रास्ते में रोड़ा अटकाने वालों की अब खैर नहीं है। किसी भी बात को कानून के दायरे में सुलझाया जा सकता है। आने वाले दिनों में नक्सलियों के खात्मे के बाद विकास का दायरा बढ़ेगा,इस बात में कोई संशय नहीं है। देखा जाये तो अपने कर्तव्य की खातिर पुलिस ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया है। नक्सली घटनाओं में हजारो ने बलिदान दिया है। दूसरी तरफ देश की सीमाओं की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति के रूप में बीएसएफ ने जिस तरह से देश की दुर्गम सीमाओं की सुरक्षा की है, उस पर पूरा देश गर्व करता है। जिस देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं होतीं, वो देश कभी विकसित और समृद्ध नहीं हो सकता। ऐसे में बीएसएफ के स्थापना दिवस की गूंज पूरा देश आज सुन रहा है। समाज में शांति स्थापित कर ही विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सकता है। लेकिन हाल के वर्षों में हमारे आंगन में नक्सलवाद ने खून की होली खेलकर यहां की समरसता को खराब कर दिया है। अभी भी अरबन नक्सली आग में घी डालने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में एसी कमरे में बैठकर खून बहाने की बात करने वालों की शिनाख्त आवश्यक है। समाज में हिंसा की कोई जगह नहीं है। ऐसे तत्व किसी के नहीं हैं। बहरहाल अब वह दिन दूर नहीं है जब देश वामपंथी उग्रवाद से पूर्णतया मुक्त हो जायेगा। सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप हिंसा की घटनाओं में 52 प्रतिशत, मृत्यु की घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी यह दर्शाने के लिए काफी है कि वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिले 96 से घटकर 45 रह गये हैं। वामपंथी उग्रवाद अब सिमटता जा रहा है और अब इस पर एक नये हौंसले और जोश के साथ अंतिम प्रहार करने के लिए सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी तैयार है। उग्रवाद प्रभावित इलाकों में सुरक्षा वैक्यूम को भरने के लिए कई नये शिविर खोले गये हैं। इसी का परिणाम है कि बूढ़ा पहाड़ और चकरबंदा जैसे दुर्गम क्षेत्रों को आज पूरी तरह से वामपंथी उग्रवाद से मुक्त हो गये हैं। कोल्हान और झारखंड के कुछ क्षेत्रों में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ अभी अंतिम लड़ाई जारी है और यह लड़ाई भी जीत के कगार पर है।

**राज्य के बड़े नक्सली या तो मारे जा रहे हैं या जान बचाने के लिए भाग रहे हैं। मुख्यधारा में शामिल करने की योजना पर भी काम जारी है। ऐसे देखा जाये तो किसी समस्या का समाधान बंदूक की नाली से निकलने वाली गोली नहीं हो सकती है। राज्य के सारंडा से लेकर बूढ़ा पहाड़ तक कानून का राज्य स्थापित हो चुका है। या होने वाला है। ऐसे में गृहमंत्री और प्रधानमंत्री के बयान से स्पष्ट हो गया है कि विकास के रास्ते में रोड़ा अटकाने वालों की अब खैर नहीं है। किसी भी बात को कानून के दायरे में सुलझाया जा सकता है।**

इन दिनों

# बढ़ रही भारतीय नौसेना की ताकत




योगेश कुमार गोयल

***प्रतिवर्ष*** 04 दिसंबर को भारतीय नौसेना के जांबाजों को याद करते हुए भारतीय नौसेना दिवस मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 03 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान की सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तान की नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिये गये थे। भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया था और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा था। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तानी नौसेना की कमर टूट गई थी। भारतीय नौसेना द्वारा किये गये हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 4 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई। नौसेना दिवस हर साल एक खास थीम के साथ मनाया जाता है और 2023 के नौसेना दिवस का विषय है 'समुद्री क्षेत्र में परिचालन दक्षता, तत्परता और मिशन उपलब्धि', जो समुद्री क्षेत्र में परिचालन दक्षता, तैयारियों और मिशन की उपलब्धि को बनाये रखने, देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने और समुद्री खतरों के खिलाफ सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय नौसेना के समर्पण पर प्रकाश डालता है। नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरूआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रूप से तीन भागों (वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड) में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में, ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है 'शं नो वरूणः' अर्थात जल के देवता वरुण हमारे लिए मंगलकारी रहें। भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए 'ईस्ट इंडिया कम्पनी मरीन' के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम 'ईस्ट इंडिया मरीन' से बदलकर 'बॉम्बे मरीन' कर दिया गया, जिसने मराठा, सिंधी युद्ध के साथ-साथ वर्ष 1824 में बर्मा युद्ध में भी हिस्सा लिया था।

**भारतीय नौसेना द्वारा किये गये हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 4 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई। नौसेना दिवस हर साल एक खास थीम के साथ मनाया जाता है और 2023 के नौसेना दिवस का विषय है 'समुद्री क्षेत्र में परिचालन दक्षता, तत्परता और मिशन उपलब्धि', जो समुद्री क्षेत्र में परिचालन दक्षता, तैयारियों और मिशन की उपलब्धि को बनाये रखने, देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने और समुद्री खतरों के खिलाफ सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय नौसेना के समर्पण पर प्रकाश डालता है। नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरूआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रूप से तीन भागों (वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड) में बंटी है।**

## आप की बात

### *बाजार हटने से परेशानी*

चान्हो, रांची के साप्ताहिक बाजार को हटा कर हुटार बिजुपारा ले जाने से किसानों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है ।छोटे किसानों का कहना है कि सब्जियों को शुक्रवार बाजार चान्हो में बेचने पर रोक के कारण हुटार ले जाने से हमें किराया भी लगता हैं जिससे हमें बचत नही हो पाती है और उचित दाम भी नही मिलता है ।किसानो की सब्जियां को ले जाने के लिए रास्ता भी नहीं बना हुआ है । हुटार बाजार सब्जियां पहुंचाने मे भी काफी समय लगता है लोकल बाजार चान्हो पूर्व की तरह चालू होता है तो हम सभी किसान सही समय में बाजार पहुंच पाएंगे ।

**इरफान अंसारी, चान्हो**

### जरूरतमंदों की आस

मेदिनीनगर में समृद्धि संस्था की रोटी जरूरतमंदों की आस बन चुकी है। संस्था की पूरी टीम निःस्वार्थ व निष्ठा भाव से अपने अभियान को अंजाम देने में जुटे हैं। उनके कार्य की सराहना शहरवासी ही नहीं अपितु यहां आने वाले बाहर के लोग भी कर रहे हैं। शहर में दोना-पत्तल, दातून बेचने वालों सहित शनि मंदिर परिसर में बैठे वृद्ध व शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के लिए तो संस्था भगवान का स्वरूप बना हुआ है। उन्हें प्रतिदिन सदस्यों का इंतजार रहता है। अन्य समय चाहे वे कहीं भी रहें। नियत समय पर वे शनि मंदिर पहुंच ही जाते हैं। आलम यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों से लोग आना शुरू कर दिये हैं। इस कार्य में बैजन्ती गुप्ता, रंजीता, शिल्पी, ऋषि के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

**विक्की कुमार, डालटनगंज**

प्रकृति


# भारत व अमेरिका के बीच सहयोग के नये युग की आधारशिला


किशन भावनानी गोंदिया

***वैश्विक*** स्तरपर भारत और अमेरिका की यारी से दुनियां बहुत भौचकी होकर कह रही है, जहां दो यार मिल जाय वही सफलताओं की बरसात निश्चित है, और हो भी क्यों ना, क्योंकि आसमान से धरती तक और सुई से हवाई जहाज तक हर क्षेत्र की प्रौद्योगिकी में भारत औरअमेरिका एक दूसरे का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से साथ दे रहा है जो दोनों देशों के समकक्ष उच्च नेतृत्व की उच्च प्रगाढ़यता का परिणाम है जो एक और एक ग्यारह वाले मुहावरे का संजीदिगी से काम कर रहे हैं। दोनों देशों का साथ-साथ और तालमेल इसी बात पर इसी तरह बना रहा तो सफलताओं की बुलंदियां दोनों देशों के कदमों में होगी। परंतु बहुत हद तक दोनों देशों में होने वाले 2024 के आम चुनाव के बाद नेतृत्व पर भी कुछ निर्भर करता है, चूंकि भारतीय वाणिज्य मंत्री 13-16 नवंबर 2023 को अपने अमेरिका यात्रा के सफल परिणाम लाये हैं, इसीलिए आज हम मीडिया पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत अमेरिका के गतिशील स्टार्टअप तंत्र और उभरती प्रौद्योगिकियों को जोड़ने आशय पत्र पर हस्ताक्षर से दूरगामी बुलंद परिणाम निश्चित है। साथियों बात अगर हम भारतीय वाणिज्य मंत्री के 13-16 नवंबर 2023 के अमेरिका दौरे की करें तो, सोमवार को वह सैनफ्रांसिस्को पहुंचे, जहां वह एशिया पैसिफिक इकॉनोमिक कॉपरेशन (एपीईसी) की बैठक में हिस्सा लिया। सैन फ्रांसिस्को में अमेरिका की कॉमर्स सेक्रेटरी (वाणिज्य मंत्री) जीना रेमंडो से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं की बैठक में भारत और अमेरिका के बीच व्यापार बाधाओं को पहचानने, उन्हें दूर करने, निवेश बढ़ाने और तकनीक और इनोवेशन के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर बात हुई ।वाणिज्य मंत्री विभिन्न कंपनियों के सीईओ से भी मुलाकात की। सिलिकॉन वैली और अमेरिकी कंपनियों को भारतमें इलेक्ट्रॉनिक्स सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी और फिनटेक आदि के क्षेत्र में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। इससे पहले उन्होंने सिंगापुर के वाणिज्य मंत्री से भी मुलाकात की।

**साथियों बात अगर हम भारतीय वाणिज्य मंत्री के 13-16 नवंबर 2023 के अमेरिका दौरे की करें तो, सोमवार को वह सैनफ्रांसिस्को पहुंचे, जहां वह एशिया पैसिफिक इकॉनोमिक कॉपरेशन (एपीईसी) की बैठक में हिस्सा लिया।**

## फेसबुक वॉल से



## X - से

मन में आशंकाओं से घिरे न रहें। अपने दिल में सपनों का नेतृत्व करें।

अपने पत्र हमें इमेंल कर सकत हैं-article.rnmail@gmail.com

# खलिस्तान समर्थकों की हताशा से उपजी अभद्रता


ललित गर्ग

***अमेरिका*** के न्यूयार्क में लांग आइलैंड क्षेत्र में गुरुपर्व के मौके पर गुरुद्वारे में माथा टेकने गये भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू से खालिस्तान समर्थकों की धक्का-मुक्की और शर्मनाक व्यवहार न केवल निन्दनीय है बल्कि सिख धर्म की पवित्र, मयार्दामय एवं शांतिप्रिय परम्परा को धुंधलाने का कुत्सित प्रयास है। सिखधर्म के संस्थापक, मानवीय मूल्यों के प्रेरक एवं राष्ट्रीयता के सुदृढ़ आधार महान धर्मगुरु के जन्मोत्सव-गुरुपर्व जैसे पवित्र एवं पावन अवसर पर ऐसी हरकत करने वाले सच्चे सिख कैसे हो सकते हैं? ऐसे खालिस्तान समर्थकों ने आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए राजदूत संधू को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके विरुद्ध नारेबाजी-धक्कामुक्की करना एवं अपने गुरुद्वारे की चौखट पर माथा टेकने आये इस विशिष्ट अतिथि एवं साधर्मिक पर हत्या की साजिश का आरोप लगाना हर दृष्टिकोण से तीव्र भर्त्सनापूर्ण है। कनाड़ा एवं अमेरिका में बढ़ रही हिन्दू विरोधी घटनाएं के पीछे छिपी दोनों देशों की मंशा एवं नियत की अनदेखी करना भारी भूल होगा क्योंकि इससे भारतीय संदर्भों में नई जटिलताएं खड़ी हो सकती है और इसका असर द्विपक्षीय संबंधों पर भी पड़ेगा। जिस तरह दुनिया में मुस्लिम आतंकवाद चिन्ता का विषय है, ठीक उसी तरह खालिस्तानी आतंकवाद भी भारत सहित दुनिया के लिये एक बड़ा संकट बन रहा है। अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये कनाड़ा, अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया में कुछ खालिस्तान समर्थकों को संरक्षण मिलना, एक चिनगारी को आग बनाने एवं दुनिया में अशांति, हिंसा एवं आतंक के लिये उर्वरा भूमि तैयार करना है। कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो की लोकप्रियता महंगाई और बेरोजगारी तथा लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था के चलते घट चुकी है और वह जैसे-तैसे अपना पद बचाने के लिए जुगाड़ में लगे हैं और इसके लिये खालिस्तान समर्थकों की अलगाववादी गतिविधियों को बल दे रहे हैं या इन गतिविधियों से इतने अनजान हो जाते हैं कि वे चाहे-अनचाहे उनकी राह आसान कर देते हैं।

**कनाड़ा एवं अमेरिका में बढ़ रही हिन्दू विरोधी घटनाएं के पीछे छिपी दोनों देशों की मंशा एवं नियत की अनदेखी करना भारी भूल होगा क्योंकि इससे भारतीय संदर्भों में नई जटिलताएं खड़ी हो सकती है।**


बोधि वृक्ष

## *आइये सुने ऋषि जमदग्नि की कथा*

***सफेद*** वस्त्र पहनना स्वयं को याद दिलाने के लिए है) चेतना के सभी स्तरों पर अत्यधिक सावधानी)। उस दिन गीली रेत घड़े का आकार नहीं ले पा रही थी और उन्हें खाली हाथ आश्रम लौटना पड़ा। उसे अपनी गलती का एहसास हुआ और यद्यपि वह अपना जीवन वहीं समाप्त करना चाहती थी, एक पतिव्रता के रूप में, उसे लगा कि उसके शरीर, मन और आत्मा पर उसका कोई व्यक्तिगत अधिकार नहीं है और वह अपने पति, अपने स्वामी, अपने गुरु को अनुमति देने के लिए आश्रम लौट आई। अपनी इच्छानुसार स्थिति से निपटने के लिए। यही सच्ची निरहंकारिता, सच्चा समर्पण, सच्चा पतिव्रत्य है। (एक धोबी की ऐसी ही कहानी, जो कुरुपुरम में श्री गुरु (श्री पाद वल्लभ) की सेवा कर रहा था, उसने एक मुस्लिम नवाब को नदी में अपनी रानियों के साथ खेल खेलते हुए देखा और इस प्रकार उसके मन में समान सुखों का आनंद लेने की इच्छा के बीज पैदा हुए, जिसे श्री गुरु ने जन्म लेने का आशीर्वाद दिया। अगले जन्म में एक मुस्लिम शासक के रूप में मन में आता है। वहाँ श्री गुरु हमें बताते हैं कि इच्छा के बीज या तो जला दिया जाना चाहिए या बढ़ने और फल देने की अनुमति दी जानी चाहिए। कर्म मन, वाणी और कार्यों से किया जाता है और कर्म फल का आनंद तब तक लेना होता है सच्ची वैराग्य की उस अवस्था तक पहुँच जाता है।) जैसा कि हम नीचे देखेंगे, रेणुका को अव्यक्त इच्छा के बीज के कारण अपने आभा प्रदूषण के कड़वे फलों का 'आनंद' लेना पड़ा। जमदग्नि ने अपनी दिव्य दृष्टि से देखा कि क्या हुआ था और उन्होंने सजा के तौर पर अपने बेटों से उसका सिर काटने को कहा। दण्ड स्वीकार करने से मनुष्य शुद्ध हो जाता है। जितना ऊँचा पद, उतनी ही बड़ी सजा का नियम था। **(क्रमशः)**

टेक वर्ल्ड

## *दुनिया के सबसे बेहतरीन पासवर्ड मैनेजर्स*

पासवर्ड मैनेजर्स का प्रमुख लक्ष्य होता है उपयोगकर्ताओं को एक सुरक्षित और मजबूत पासवर्ड निर्माण करने में मदद करना। कुछ उत्कृष्ट पासवर्ड मैनेजर्स उपयोगकर्ताओं को विभिन्न डिवाइसों और प्लेटफॉर्म्स पर अपने पासवर्ड को सिंक करने की सुविधा भी प्रदान करते हैं। आजकल इंटरनेट उपयोग बढ़ रहा है और हम सभी अनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर लॉग इन करते हैं, जैसे कि ईमेल, सोशल मीडिया, बैंकिंग और विभिन्न अन्य सेवाएं। इससे पासर्वडों की सुरक्षा महत्वपूर्ण हो गई है। पासवर्ड मैनेजर्स इस समस्या को हल करने के लिए एक अच्छा उपाय हैं। ये उपयोगकर्ताओ को सुरक्षित रूप से उनके पासवड्र्स को स्टोर और एक्सेस करने में मदद करते हैं। वर्तमान डिजिटल युग में नेटवर्क और ऑनलाइन सुरक्षा ने अद्भुत महत्त्व प्राप्त किया है। इंटरनेट पर अपनी गोपनीयता और सुरक्षा को संरक्षित रखने के लिए सुरक्षित पासवर्ड का उपयोग करना बहुत आवश्यक है। पासवर्ड मैनेजर्स इस चुनौतीपूर्ण कार्य को सरल बनाने में मदद करते हैं। ये सॉफ्टवेयर आपको अद्भुत सुरक्षा और सुविधाओं के साथ अपने पासवड्र्स को सुरक्षित रखने में मदद करते हैं। पासवर्ड मैनेजर्स का प्रमुख लक्ष्य होता है उपयोगकर्ताओं को एक सुरक्षित और मजबूत पासवर्ड निर्माण करने में मदद करना। कुछ उत्कृष्ट पासवर्ड मैनेजर्स उपयोगकर्ताओ को विभिन्न डिवाइसों और प्लेटफॉर्म्स पर अपने पासवर्ड को सिंक करने की सुविधा भी प्रदान करते हैं।



■ **अनिमेष शर्मा**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### अब महाकाल परिसर की शोभा बढ़ाएंगे बिल्व पत्र और रुद्राक्ष के वृक्ष



**उज्जैन।** महाकाल लोक परिसर का वैभव यहां लगी मूर्तियों और श्लोकों से तो है ही लेकिन इसकी सुंदरता और प्राचीन महत्व आने वाले दिनों में यहां लगाए जा रह पेड़-पौधों से भी होगी। अब महाकाल लोक सुंदर और अलग-अलग किस्म के फूलों की खुशबू से महकेगा। मंदिर प्रशासन इंदौर के कुछ चुनिंदा नर्सरी संचालक तथा दानदाताओं के सहयोग से महालोक में फूलों के करीब पांच हजार पौधों का रोपण करा रहा है। महाकाल मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जुनवाल ने बताया कि महालोक की भव्यता फूलों की सुंदरता और खुशबू से और निखार जाएगी।

### मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान तो झांकी है, अब बिहार बाकी है : सम्राट चौधरी

**पटना।** राज्यस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत पर बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि मोदी की गारंटी को पूरे देश की जनता ने मान लिया है। इस देश में एक ही गारंटी चलेगी और उसका नाम है मोदी गारंटी। साथ ही कहा कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान झांकी है। अब बिहार बाकी है। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सभी कार्यकताओं और जनता को ढेरों बधाई। सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि कांग्रेस तेरे पाप समाप्त नहीं होंगे, जबतक कांग्रेस समाप्त नहीं होगी। तीन दिसंबर, 1984 को भोपाल में भीषण गैस कांड हुआ था। इस घटना में हजारों लोगों की मृत्यु हुई थी लेकिन कांग्रेस ने हत्यारे एंडरसन को सजा-ए-मौत न देकर भागने के लिए फ्लाइट दिया।

### किशोरियों की खरीद-फरोख्त में चतुर्भुज के कई लोग शामिल पुलिस ने तेज की तलाश

**मुजफ्फरपुर/शेखपुरा।** किशोरी को अपहरण कर उसे बेचने वाले गिरोह के तस्करों से आजाद के साथ चतुर्भुज स्थान इलाके के कई लोगों का संपर्क हैं। इन सभी के बारे में पुलिस को जानकारी मिल गई है। इसमें चतुर्भुज स्थान की एक महिला समेत अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं। उनके मोबाइल नंबर को रडार पर लिया गया है। शेखपुरा पुलिस का कहना है कि नाबालिग व किशोरियों को अगवा करके उनसे अनैतिक कार्य कराने वाले बड़े गिरोह से आजाद का संपर्क है। आजाद के पूछताछ पर किशोरी को अगवा करने वाले शेखपुरा जिले के धारी गांव के मानव तस्कर को गिरफ्तार करने के लिए एक दर्जन से अधिक स्थानों पर छापेमारी की गई, लेकिन वह नहीं पकड़ा जा सका। पुलिस ने अभी उसका नाम गुप्त रखा है। करंडे थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने बताया कि धारी गांव के मानव तस्कर ने इस किशोरी को डेढ़ लाख रुपये में मुजफ्फरपुर के मो. आजाद के हाथों बेचा था। वह अनैतिक काम करा रहा था।

---

### सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को दिया आदेश

# गंगा के निकट कोई और निर्माण न हो



**एजेंसी। पटना**

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि गंगा नदी के किनारे, खासकर पटना और उसके आसपास, कोई नया निर्माण न हो। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और ऑगस्टीन जॉर्ज मासी की पीठ ने निर्देश दिया, 'राज्य एक हलफनामा दायर करके इस अदालत को अनधिकृत संरचनाओं को हटाने में प्रगति की रिपोर्ट दे। ऐसा हलफनामा बिहार के मुख्य सचिव द्वारा दायर किया जाएगा। पीठ ने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने पटना और उसके आसपास गंगा नदी से सटे 213 अनधिकृत निमार्णों की पहचान की है और इन अतिक्रमणों या निर्माणों को हटाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

**अगली सुनवाई 5 फरवरी को होगी :** मामले की अगली सुनवाई 5 फरवरी को होगी। पटना के एक निवासी द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि बाढ़ वाले कई क्षेत्रों में सभी आवासीय भवन और घर संबंधित अधिकारियों की अनुमति या अनुमोदन के बिना बोरवेल खोद रहे हैं। याचिका में कहा गया है कि राज्य एजेंसियां ऐसे अवैध निर्माणों और अतिक्रमणों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय उन्हें बिजली कनेक्शन प्रदान कर रही हैं।

**गांवा की स्वच्छता महत्वपूर्ण व आवश्यक :** अधिवक्ता आकाश वशिष्ठ के माध्यम से दायर विशेष अनुमति याचिका में कहा गया है कि 'पटना में नौजेर घाट से नूरपुर घाट तक फैले पारिस्थितिकी के लिहाज से संवेदनशील गंगा बाढ़ के विशाल 520 एकड़ से अधिक क्षेत्र को हड़प लिया गया है, इसमें कहा गया है कि गंगा की स्वच्छ गंगा महत्वपूर्ण और आवश्यक है। पटना की 55 लाख आबादी को पेयजल और घरेलू पानी की जरूरत है। इससे पहले, राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने अपीलकर्ता के आवेदन को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि इसमें उल्लंघनों और उल्लंघनकर्ताओं के विवरण नहीं हैं।

---

# पटना के फतुहा रेलवे स्टेशन पर युवक की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी। पटना**

राजधानी पटना से सटे फतुहा रेलवे स्टेशन के पांच नंबर प्लेटफार्म के पश्चिमी छोर पर रविवार (तीन दिसंबर) सुबह 8:30 बजे के करीब एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या की घटना से पूरे स्टेशन परिसर में सनसनी फैल गई और अफरा तफरी का माहौल हो गया। मौके पर जीआरपी और आरपीएफ की पुलिस पहुंची। लेकिन तब तक अपराधी फरार हो चुके थे। मृतक की पहचान बख्तियारपुर स्थित सालिमपुर थाना क्षेत्र के मंझौली निवासी कृष्णनंदन सिंह का पुत्र 35 वर्षीय फगु यादव वर्ष के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि फगु यादव दूध का व्यवसाय करता था और प्रतिदिन मंझौली से ट्रेन पर दूध लेकर फतुहा दूध मंडी में आता था। आज भी राजगीर दानापुर पैसेंजर ट्रेन से वह दूध लेकर फतुहा स्टेशन उतरा। ट्रेन तीन नंबर पर प्लेटफार्म पर लगी। फगु दूध का गैलन को अपोजिट साइड चार नंबर

**स्टेशन परिसर में सनसनी और अफरा तफरी**

प्लेटफार्म पर रखकर वह दूध मंडी की ओर जा रहा था। इस दौरान उसने कुछ लोग को देखकर भागने लगा। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार फगु भागने लगा और पीछे दो की संख्या में आए अपराधी उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दी। फगु को चार से पांच गोलियां मारी गई, जिससे उसकी घटनास्थल पड़ी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों अपराधी को बाइक से आए थे और छह नंबर प्लेटफार्म के पास बाइक लगाए हुए थे। अपराधी घटना को अंजाम देकर तुरंत बाइक से फरार हो गए। प्रथम द्दष्टया घटना का कारण आपसी रंजिश बताया जा रहा है। हालांकि जीआरपी और आरपीएफ के अधिकारी अभी इस मामले पर कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है।

---

### बंगाल के डीजीपी का फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट खोलने वाला राजस्थान से गिरफ्तार



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक मनोज मालवीय का फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट खोलकर कथित तौर पर लोगों को ठगने का प्रयास करने वाले एक व्यक्ति को राजस्थान में कोलाटा की बिधाननगर सिटी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। धोखेबाज की पहचान पश्चिम बंगाल के अलवर जिले के रहने वाले रशिम खान के रूप में हुई है। सूत्रों ने बताया कि डीजीपी की फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर सबसे पहले बिधाननगर सिटी पुलिस की नजर पड़ी। प्रोफाइल की विस्तार से जांच करने पर इसकी प्रामाणिकता पर संदेह हुआ। इसलिए डीजीपी के कार्यालय से संपर्क किया गया और उन्होंने प्रोफाइल के फर्जी होने की पुष्टि की।

### बर्फबारी के बाद हिमाचल की वादियां हुई मनोरम क्रिसमस, न्यू ईयर के लिए बुकिंग शुरू




**शिमला।** प्रदेश में हुई ताजा बर्फबारी से पर्यटन उद्योग को संजीवनी मिली है। बर्फबारी के बाद सैलानियों ने प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर फोन करके इंक्वायरी करनी शुरू कर दी है। क्रिसमस और न्यू ईयर के लिए होटलों में कमरों की बुकिंग भी शुरू हो गई है। शिमला, कुल्लू-मनाली, डलहौजी और किन्नौर के लिए अधिक इंक्वायरी हो रही है। पर्यटन व्यवसायियों को बर्फबारी के बाद कारोबार में तेजी आने की उम्मीद है। अटल टनल रोहतांग, मनाली, लाहौल-स्पीति में हुई बर्फबारी के बाद सैलानी हिमाचल के पर्यटन स्थलों का रुख करने वाले हैं। 15 दिसंबर से शुरू होने वाले विंटर टूरिस्ट सीजन के लिए पिछले दिनों तक इंक्वायरी और बुकिंग न आने से पर्यटन कारोबारी निराश थे, लेकिन बर्फबारी के बाद हिमाचल के पर्यटन स्थलों के प्रति सैलानियों का रुझान बढ़ा है। ट्रेवल एजेंट्स एसोसिएशन के महासचिव मनु सूद का कहना है कि बर्फ सैलानियों को आकर्षित करती है। ताजा बर्फबारी के बाद विंटर सीजन के लिए इंक्वायरी और एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है।

### रायपुर राजभवन में मनाया गया असम व नागालैंड का स्थापना दिवस



**रायपुर।** राजभवन में आज रविवार को असम और नागालैंड राज्यों का स्थापना दिवस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने इस अवसर पर कहा कि हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग संस्कृति एवं परंपराए है। इनमे विविधता होते भी हम एक हैं और दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दे रहे हैं। केन्द्र सरकार के एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक दूसरे का स्थापना दिवस मनाते है। इसी कड़ी में राजभवन में असम एवं नागालैंड राज्यों का स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर इन राज्यों के लोगों को बधाई दी। राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इन दो अद्भुत राज्यों के स्थापना दिवस के अवसर पर, हमारे लिए उनके समृद्ध इतिहास, अद्भुत संस्कृति और उनकी आशाओं और सपनों के बारे में अधिक जानना महत्वपूर्ण है।

---

## अधूरी सुरंगों से चार गांवों में धंस रही जमीन

# क्षेत्र के कई मकानों में पड़ रही दरारें



**एजेंसी। उत्तरकाशी**

तीन दिन पहले सिल्क्यारा सुरंग हादसे से उबरे उत्तरकाशी जनपद में आधा-अधूरी बनीं सुरंगें चार गांवों के लिए खतरा बनी हुई हैं। जमीन के नीचे से गुजरने वाली इन सुरंगों के कारण गांवों में जमीन धंस रही हैं। जिसके चलते नए व पुराने हर मकान पर दरारें पड़ रही हैं। सुरंगे लोहारी नाग पाला जल विद्युत परियोजना के लिए बनाई जा रही थी। जो कि वर्ष 2010 में पर्यावरण बनाम विकास के मुद्दे पर 60 प्रतिशत तक काम पूरा होने के बाद बंद कर दी गई। भटवाड़ी ब्लाक में आधी-अधूरी तीन से चार यह सुरंगे तिहार, कुज्जन, भंगेली व सुनगर गांवों के नीचे से गुजरती हैं।ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार जिला प्रशासन से भूगर्भीय सर्वे कराने की मांग की, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दरअसल यह सुरंगे लोहारी नाग पाला जल विद्युत परियोजना के लिए बनाई जा रही थी। जो कि वर्ष 2010 में पर्यावरण बनाम विकास के मुद्दे पर 60 प्रतिशत तक काम पूरा होने के बाद बंद कर दी गई। भटवाड़ी ब्लाक में आधी-अधूरी तीन से चार यह सुरंगे तिहार, कुज्जन, भंगेली व सुनगर गांवों के नीचे से गुजरती हैं। भंगेली गांव के प्रधान प्रवीन प्रज्ञान का कहना है कि इन सुरंगों के कारण उनके गांवों में नए व पुराने हर मकान में दरारें पड़ रही हैं। जिनके हर पल दरकने का खतरा बना रहता है। बताया कि सुरंग निर्माण के दौरान जब ब्लास्ट किए जाते थे तो उनका पूरा गांव हिल जाता था। आज भी यह सुरंगे उनके लिए खतरे का सबब बनी हुई हैं। बताया कि वह कमरे में टाइलें भी लगाते हैं तो टाइलें भी फट जाती हैं।

**600 मेगावाट की थी परियोजना :** 600 मेगावाट की लोहारीनाग पाला परियोजना का निर्माण एनटीपीसी ने वर्ष 2005 में शुरू हुआ था। लेकिन इसका निर्माण शुरू होने के साथ ही विवादों में आ गई थी। पर्यावरणविद् प्रो.जीडी अग्रवाल ने परियोजना निर्माण से पर्यावरण को खतरा बताते हुए इसका विरोध किया। जिसके चलते इसे वर्ष 2010 में बंद कर दिया गया। परियोजना के लिए आधी-अधूरी बनी सुरंगों को ऐसे ही छोड़ दिया गया। आधा-अधूरी बनीं सुरंगे बड़ा खतरा हो सकती हैं। भूकंप के दौरान ऐसी सुरंगें धंसने से जान-माल का नुकसान हो सकता है।

**इस तरह की सुरंगों का ट्रीटमेंट किया जाना चाहिए : डॉ.सुशील कुमार**

निमार्णाधीन सिल्क्यारा सुरंग में काम करने वाले संतोष व बॉबी सिल्क्यारा सुरंग हादसे के बाद हिम्मत हार चुके हैं। इस हादसे के बाद सुरंग में फंसे संतोष ने जहां 17 दिन तक जिंदगी के लिए जद्दोजहद की। वहीं बॉबी ने सुरंग में फंसे अपने छोटे भाई संतोष को बचाने के लिए सुरंग के बाहर संघर्ष किया। अब दोनों भाइयों ने दोबारा सिल्क्यारा वापस नहीं आने का फैसला किया है। उत्तर प्रदेश के मोतीपुर श्रावस्ती निवासी संतोष कुमार भी सुरंग के अंदर फंस गए थे। संतोष के बड़ा भाई बॉबी दिन की शिफ्ट में होने के चलते सुरंग से बाहर ही थे। संतोष का कहना है कि शुरूआत में उन्हें लगा कि वह यहां से कभी बाहर नहीं निकल पाएंगे। लेकिन जब उन्हें पाइपलाइन से खाना मिला तो उम्मीद बंधी कि उन्हें बचाने के प्रयास हो रहे हैं। दोनों ही भाई अब गांव लौट चुके हैं। बॉबी का कहना है कि वह दोनों अब कभी सिलक्यारा नहीं लौटेंगे। वह दोबारा उस सुरंग में नहीं जाएंगे। वह ऐसा काम चुनेंगे जहां जान का जोखिम नहीं होगा।

---

## उमेश पाल हत्याकांड : अशरफ की पत्नी जैनब का घर पुलिस ने किया कुर्क



**एजेंसी। प्रयागराज**

उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी माफिया अशरफ की पत्नी जैनब के घर की रविवार को कुर्की की गई। बड़ी संख्या में फोर्स के साथ धूमनगंज के हटवा पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने जैनब के घर की कुर्की की। उमेश पाल हत्याकांड के बाद से अशरफ की पत्नी फरार है। हाल ही में जैनब सहित उसके घर वालों पर वक्फ की प्रॉपर्टी बेचने को लेकर मुकदमा दर्ज किया गया है।उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी बमबाज गुड्डू उर्फ गुड्डू मुस्लिम और शूटर साबिर के घर की कुर्की पुलिस ने शनिवार को किया था। गुड्डू मुस्लिम के चकिया स्थित चकनिरातुल और धूमनगंज के मरियाडीह स्थित साबिर के घर की कुर्की की गई थी। यह कार्रवाई अदालत के आदेश पर की गई। विधायक राजू पाल की हत्या के मामले में मुख्य गवाह उमेश पाल और उसके दो सुरक्षा कर्मियों की दिनदहाड़े गोली मारकर 24 फरवरी को हत्या कर दी गई थी। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। जिसमें माफिया अतीक अहमद का बेटा असद के साथ ही गुड्डू मुस्लिम, गुलाम हसन, साबिर और अरमान भी नजर आए थे। असद और गुलाम हसन को पुलिस ने झांसी में एनकाउंटर में मार गिराया था। गुड्डू मुस्लिम, अरमान और अरमान फरार चल रहे हैं। तीनों के ऊपर पुलिस ने पांच लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया है। अतीक और अशरफ की 15 अप्रैल, 2023 को मेडिकल जांच के लिए ले जाते समय काल्विन अस्पताल के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दरअसल रात में अतीक अहमद और अशरफ को प्रयागराज में मेडिकल कॉलेज के पास मेडिकल के लिए ले जाया जा रहा था। अतीक और अशरफ मीडिया से बात कर रहे थे। तभी मीडियाकर्मी बनकर पहुंचे हमलावरों ने अतीक के सिर के पास गन सटाकर गोली मार दी थी। इस दौरान हमलावरों ने कई राउंड फायरिंग की थी। गोली लगते ही अतीक और उसका भाई अशरफ जमीन पर गिर पड़े थे और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

### बाबा बनकर पांच लाख की ठगी करने वाला आरोपी दरभंगा से गिरफ्तार

**गया।** पुलिस ने बाबा बनकर प्रेत आत्मा का झूठा हवाला देकर उससे मुक्त कराने का झांसा देकर 5 लाख 75 हजार 1 रुपये की ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी एसएसपी आशीष भारती ने प्रेस वार्ता में दी। एसएसपी ने कहा कि बीते 28 सितंबर को बोधगया थाना क्षेत्र के रहने वाले गोपाल प्रसाद द्वारा गया साइबर थाना में लिखित आवेदन दिया गया था कि उनके घर पर 19 सितंबर को एक बाबा आए और बोलने लगने कि इनके ऊपर प्रेत आत्मा भटक रही है, जो मारने का प्रयास कर रहा है। बाबा ने कहा कि मेरे पास एक ऐसी विधि है जिससे हम उन्हें बचा सकते है। इसके बाद वादी से बाबा ने 5 लाख 75 हजार 1 रुपये का डिमांड किया। बाबा द्वारा फोन पे का नंबर भेजा गया। जिस पर भेजने को कहा गया। वादी ने फोन पे के माध्यम से बाबा को रुपये भेज दिया। उसके बाद बाबा से प्रेत आत्मा से बचा लेने को कहां गया तो कुछ जवाब नहीं दिया गया।

---

## मुख्यमंत्री योगी ने 242 युवाओं को दिया नियुक्ति पत्र, बोले-

# अधिकार से अधिक कर्तव्य महत्वपूर्ण




**एजेंसी। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाने वालों के लिए अवसर है लेकिन हमें जिम्मेदारियां भी समझनी होगी। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि अधिकार की बात हर कोई करता है, लेकिन कर्तव्य के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। अधिकार से अधिक कर्तव्य महत्वपूर्ण है, कर्तव्य का निर्वहन करेंगे तो अधिकार सुरक्षित हो जाएगा। जब समाज अधिकारों की बात करता है और कर्तव्यों की बात नहीं करता तो वह स्वयं को धोखा देता है। कर्तव्य किया तो बिना सिफारिश, बिना भेदभाव आपका चयन हुआ। पारदर्शी प्रक्रिया के तहत राज्य में साढ़े छह वर्ष में छह लाख लोगों को नौकरी मिली। सीएम ने कहा कि हमारा परिश्रम ही सबसे बड़ा सर्टिफिकेट है। परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए आपको यूपी के सर्वांगीण विकास में योगदान देना चाहिए। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा आयोग द्वारा चयनित 242 सहायक बोरिंग टेक्नीशियन को रविवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरण करते हुए कहीं। सीएम ने नवचयनितों को पीएम मोदी के पंच प्रण की भी याद दिलाई। सीएम ने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था, केंद्र-प्रदेश सरकार की योजनाओं व स्वतः रोजगार के जरिए करोड़ों लोगों को रोजगार से जोड़ने में सफलता पाई। हमारी मंशा है कि युवाओं के साथ भेदभाव न हो। जिन्हें विकास अच्छा नहीं लगता, वे हर मुद्दे का राजनीतिकरण करने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोग नहीं चाहते कि विकास की प्रक्रिया में यूपी को आगे बढ़ा सकें। 2017 के पहले जिस राज्य को अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में होना चाहिए, वह पिछड़ता गया।

---

## मिले भगवान | भोजपुर में बालू खनन के दौरान मिले भगवान तो लगने लगे जयकारे

# जांच के लिए पुरातात्विक विभाग को लिखी गई चिट्ठी

**एजेंसी। आरा**

भोजपुर जिले के अजीमाबाद थाना क्षेत्र स्थित नारायणागढ़ बालू घाट से भगवान श्रीराम (विष्णु) की मूर्ति मिलते ही क्षेत्र में आस्था की लहर दौड़ गई। थाने में जैसे ही भगवान बिराजे तो जयकारे से वातावरण भक्तिमय हो गया। लोगों ने भगवान को चुनरी ओढ़ा कर पूजा-अर्चना शुरू कर दी। महिलाएं भी आरती उतारने थाने जा पहुंची। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया बरामद मूर्ति का वजन दो किलो 461 ग्राम है। लंबाई करीब 11इंच है। बरामद मूर्ति कहां से चुराई गई है पता लगाया जा रहा है। जहां से मूर्ति मिली है वहां अन्य मूर्तियों की भी खोज की जा रही है । अभी बरामद मूर्ति को थाने की निगरानी में रखा जाएगा। आपको बताते चलें कि नारायागढ़ बालू घाट पर जेसीबी सेबालू खनन के दौरान मूर्ति मिली थी। ट्रक पर लोडिंग के दौरान नजर पड़ी। देखते ही देखते इसकी चर्चा क्षेत्र में आग की तरफ फैल गई। बालू घाट पर कार्य कर रहें मजदूरों और अन्य कर्मियों के द्वारा इस प्रतिमा को छुपाने का प्रयास किया गया, तब तक इसकी भनक स्थानीय थाने के साथ-साथ पीरो के डीएसपी को मिल गई। मामले पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने बालू घाट के संचालक को अविलंब मूर्ति को सौंपने का निर्देश दिया। जिसके बाद घाट संचालक ने रविवार की सुबह थाने के समक्ष मूर्ति को प्रस्तुत कर दिया। मूर्ति बरामद होने की खबर क्षेत्र में फैलते ही लोग थाने पहुंच गए और थानाध्यक्ष के टेबल पर बिराजे भगवान की पूजा अर्चना शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मूर्ति देखने से भगवान नारायण -श्रीयराम की प्रतीत होती है। देखने से यह अष्टधातुकी बनी हुई लगती है। मूर्ति का दाहिने हाथ की अंगुली टूटी हुई प्रतीक हो रही है, इसके अलावे अन्य सभी शरीर के पार्ट पूरी तरह सही हैं। माथे के ऊपर चोटी देखकर कई लोग इसे भगवान विष्णु और श्रीराम का बता रहे थे।



**पुरातत्व विभाग को पत्र लिख मूर्ति की धातु के बारे में लगाया जाएगा पता**

इस संबंध में पीरो डीएसपी राहुल सिंह ने बताया कि देखते ही मूर्ति प्राचीन लग रही है। पुरातत्व विभाग को भी इस संबंध में पत्र लिखते हुए बरामद प्रतिमा की जांच कराई जाएगी। इसके बाद ही पता चल पाएगा कि यह किस भगवान की मूर्ति है और किस धातु से बनी है। क्षेत्र में मूर्ति को लेकर तरह-तरह की चर्चा लोग कर रहे हैं। मालूम हो बालू खनन के दौरान इस तरह भगवान की मूर्ति के मिलने का सिलसिला जिले में पहले से चला आ रहा है। पूर्व में कोईलवर के खनगांवसोन नदी के किनारे से भगवान की मूर्ति मिली थी।

---

**अब मोदी की जीत सुनिश्चित**

### लोकसभा चुनाव में 400 सीटों पर जीतेगी भाजपा : शाहनवाज

**भागलपुर।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनावों में प्रचंड जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के हर एक सिपाही ने देशवासियों के खिदमत में कोई कसर नहीं छोड़ी है। पूरे देश में भाजपा का जनाधार लगातार बढ़ा है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में विपक्ष का एक भी प्रपंच काम नहीं आया और भाजपा की जीत सुनिश्चित हुई। तेलंगाना में भी भाजपा का जनाधार काफी बढ़ा है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी को जितना निशाना बनाया, देश की जनता ने उतना ही ज्यादा प्यार प्रधानमंत्री मोदी को दिया। प्रधानमंत्री मोदी देश के विकास की गारंटी हैं, गरीबों के उत्थान की गारंटी हैं, गांव गांव में विकास के नए प्रतिमान गढ़ने की गारंटी हैं।

# बिहार में 50 मदरसों की मान्यता रद्द दरभंगा में सबसे ज्यादा 32 पर एक्शन

**एजेंसी। सिंहवाड़ा (दरभंगा)**

दरभंगा जिले के 32 समेत सूबे के 50 सरकारी मदरसों की मान्यता रद्द कर दी गई है। माध्यमिक शिक्षा के विशेष निदेशक ने बिहार मदरसा शिक्षा बोर्ड के सचिव को पत्र भेजा है। यह कार्रवाई उच्च न्यायालय के निर्देश पर गठित त्रिसदस्यीय समिति के प्रतिवेदन के आधार पर हुई है। समिति ने 142 मदरसों की जांच की थी। इसमें किशनगंज, पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर व दरभंगा के 50 सरकारी मदरसा की मान्यता रद्द करने का आदेश दिया गया है। इसमें सर्वाधिक 32 मदरसा दरभंगा जिले के हैं। विशेष निदेशक ने अपने पत्र में कहा है कि पटना उच्च न्यायालय द्वारा 24 जनवरी, 2023 को पारित आदेश के आलोक में राज्य के अराजकीय प्रस्वीकृत 2459 प्लस एक कोटि के मदरसा अंतर्गत अनुदानित 205 कोटि के मदरसा की जिला स्तर पर गठित त्रिसदस्यीय समिति का जांच प्रतिवेदन नौ फरवरी 2023 को मांगी गई थी। इस आलोक में जिलों से जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। विभागीय स्तर पर गठित समिति द्वारा राज्य के 142 मदरसों की जांच 26 सितंबर एवं विभिन्न तिथियों को की गई। समिति की अनुशंसा के आलोक में मान्यता की शर्तों में कतिपय मदरसों में आधारभूत संरचना, भूमि, समान स्तर के मदरसों से दूरी आदि की कमी पाई गई है। ऐसे 50 मदरसों को चिह्नित करते हुए उनकी मान्यता रद्द करने की अनुशंसा समिति ने की थी, जिसके बाद तत्काल इनका वेतनानुदान स्थगित कर दिया गया है।

**दरभंगा जिले के इन मदरसों पर कार्रवाई** दरभंगा जिले के जिन 32 मदरसों की मान्यता रद्द की गई है, उनमें सिंहवाड़ा प्रखंड के रामपुरा मदरसतुल बनात सखावतिया व अज्ञासपुर में मदरसा सैफुल इस्लाम, जाले में नरौछ धाम के मदरसा दारूल बनात व जहांगीर टोला में मदरसा इस्लामिया बहरूल उलूम, सदर प्रखंड के बड़ी भलनी में मदरसतुल सालेहाल व भलनी में मदरसा तालिमुल इस्लाम, मदरसतुल बनात फारूकिया, लोआम में मदरसतुल सालेहात पर कार्रवाई हुई है।

## एक नजर

### पैट कमिंस मेरी उम्मीदों से कहीं आगे निकल गए हैं : इयान चैपल

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर इयान चैपल ने कहा कि तेज गेंदबाज पैट कमिंस एक कप्तान के रूप में उनकी उम्मीदों से आगे निकल गए हैं। उन्होंने कहा कि वह न केवल टेस्ट क्रिकेट में, बल्कि 50 ओवर के प्रारूप में भी सफल साबित हुए हैं। यह कमिंस के लिए एक उल्लेखनीय वर्ष रहा है, जहां उनके नेतृत्व में, ऑस्ट्रेलिया ने एशेज बरकरार रखी और इंग्लैंड में अपनी पहली विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप गदा जीती और भारत में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप खिताब जीतकर और अधिक गौरव बढ़ाया, जिसमें पहले दो मैच हारने के बाद लगातार आठ मैच जीते। कमिंस हमेशा एक अच्छे कप्तान बनने वाले थे। चैपल ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो के लिए अपने कॉलम में लिखा, कमिंस ने न केवल खुद को एक योग्य टेस्ट कप्तान साबित किया है, उनका नेतृत्व अब विस्तारित हो गया है और वह 50 ओवर के क्रिकेट में भी सफल हैं।

### प्रीमियर लीग में आर्सेनल शीर्ष पर,न्यूकैसल ने मैनचेस्टर को हराया

**लंदन।** पहले 13 मिनट में दो गोल से आर्सेनल ने घरेलू मैदान पर वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स को 2-1 से हरा दिया, जिससे वह प्रीमियर लीग में शीर्ष पर बना हुआ है। बुकायो साका ने छठे मिनट में स्कोरिंग की शुरूआत की और प्रभावशाली मार्टिन ओडेगार्ड ने सात मिनट बाद बढ़त दोगुनी कर दी, जबकि आर्सेनल आगे बढ़ता दिख रहा था। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि, वॉल्व्स ने दिखाया कि वे कोच गैरी ओ'नील के नेतृत्व में अच्छी तरह से संगठित हैं और पेनल्टी क्षेत्र के मध्य से मैथियस कुन्हा के 86वें मिनट के प्रयास ने एमिरेट्स स्टेडियम में कुछ घबराहट वाले समापन मिनट सुनिश्चित किए। कीरन ट्रिप्पियर के क्रॉस पर एंथोनी गॉर्डन के 55वें मिनट के गोल ने न्यूकैसल यूनाइटेड को मैनचेस्टर यूनाइटेड पर 1-0 की घरेलू जीत दिला दी।

### फातिमा, शवाल ने पाक को न्यूजीलैंड पर महिला टी20 में जीत दिलाई

**डुनेडिन।** तेज गेंदबाज फातिमा सना के शानदार 3-18 और शवाल जुल्फिकार के 41 रनों की बदौलत पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज का पहला मैच सात विकेट से जीत लिया। इस परिणाम का मतलब यह भी है कि पाकिस्तान को न्यूजीलैंड पर पहली महिला टी20 जीत मिली है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम फातिमा की बेहतरीन गेंदबाजी के कारण 127/6 पर सिमट गई। फातिमा, जो चोट के कारण बांग्लादेश दौरे से चूक गईं, ने बादल छाए रहने की स्थिति का फायदा उठाते हुए 3-18 का शानदार स्पैल डाला, जिसमें बर्नडाइन बेजुइडेनहाउट, केट एंडरसन और सूजी बेट्स के विकेट शामिल थे। कप्तान निदा डार, डायना बेग और आलिया रियाज ने नियमित अंतराल पर एक-एक विकेट लेकर न्यूजीलैंड की पारी को फिर से बनाने के काम को नुकसान पहुंचाया। मैडी ग्रीन सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं, उन्होंने 28 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से नाबाद 43 रन बनाए और न्यूजीलैंड को 120 के पार पहुंचाया।

## मैक्ग्रा और जेस का ध्यान अब भारत दौरे की तैयारी पर



**एजेंसी। एडिलेड**

महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के नौवें सीजन के खत्म होने के साथ, तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर ताहलिया मैक्ग्रा और बाएं हाथ की स्पिनर जेस जोनासन का ध्यान अब भारत के सभी प्रारूपों के दौरे की तैयारी पर केंद्रित हो गया है जिसकी शुरूआत एक टेस्ट मैच से होनी है, उसके बाद तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच होने हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम 13 दिसंबर को मुंबई के लिए रवाना होगी और 21 दिसंबर को वानखेड़े स्टेडियम में चार दिवसीय टेस्ट मैच के साथ अपने भारत दौरे की शुरूआत करेगी। ताहलिया ने स्वीकार किया कि उनके लिए डब्ल्यूबीबीएल 2023 जीतने के लिए एडिलेड स्ट्राइकर्स की कप्तानी करते हुए भारत दौरे पर नजर रखना कठिन था। यह कठिन रहा है। खेल के बाद मैंने काफी गेंदबाजी की है, यह सुनिश्चित करने में काफी मेहनत की है कि मेरे पास सही मीटर और जिम सत्र हैं। भारतीय परिस्थितियों में टेस्ट मैच खेलना कुछ ऐसा है जो जरूरी नहीं है। यह बहुत बार आता है और मैं वास्तव में इसके लिए उत्साहित हूं। क्रिकेट.कॉम.एयू ने ताहलिया के हवाले से कहा, यह अब काम करने के बारे में है, सभी ऑस्ट्रेलियाई लड़कियां भी ऐसा ही कर रही हैं, इसलिए हमारा शरीर भारत में काफी व्यस्त कार्यक्रम से निपटने में सक्षम है। जेस के लिए, जिनकी टीम ब्रिस्बेन हीट उपविजेता रही, यह भारत दौरे की तैयारी शुरू करने से पहले कुछ दिन आराम करने के बारे में है, जहां ऑस्ट्रेलिया 1984 के बाद पहली बार टेस्ट मैच खेलेगा। मुझे यह कहना अच्छा लगेगा कि मैं छुट्टी ले रही हूं, लेकिन मुझे फिटनेस परीक्षण करना है, इसलिए यह पूरी तरह से आनंददायक नहीं है।

### डेविड वार्नर करियर के अच्छे अंत की उम्मीद न करें : अफरीदी

**कैनबरा।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने डेविड वार्नर को अपनी आखिरी टेस्ट सीरीज खेलने के लिए तैयार होने के लिए शुभकामनाएं दीं, लेकिन प्रतिस्पर्धी भावना का संकेत देते हुए कहा कि बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज का उनकी टीम के खिलाफ अपने रेड-बॉल करियर में अंत अच्छा नहीं होगा। वार्नर ने पहले इच्छा व्यक्त की थी कि जब जनवरी 2024 में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के तीसरे और अंतिम मैच में पाकिस्तान का सामना करेगा तो वह अपना टेस्ट करियर समाप्त कर देंगे। हालाँकि वार्नर सफेद गेंद वाले क्रिकेट में असाधारण फॉर्म में हैं, उन्होंने 2020 की शुरूआत से केवल 31.79 की औसत से रन बनाए हैं और इस साल पांच एशेज टेस्ट में 28.50 की औसत से केवल 285 रन बनाए हैं। टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ उनका औसत 83.53 का है। हम उन्हें शुभकामनाएं देंगे लेकिन हमारे खिलाफ डेविड वार्नर की आखिरी टेस्ट सीरीज में अच्छे अंत की उम्मीद नहीं करेंगे।

## पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

**एजेंसी। पर्थ**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए 14 सदस्यीय स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। सीरीज का पहला मैच 14 से 18 दिसंबर तक पर्थ में खेला जाएगा। पहले टेस्ट मैच के लिए घोषित टीम में बल्लेबाज के रूप में डेविड वॉर्नर, उस्मान ख्वाजा, ट्रेविस हेड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ जैसे अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं। तेज गेंदबाजों में कप्तान पैट कमिंस के साथ जोश हेजलवुड, मिचेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड और अनकैप्ड लांस मॉरिस को भी टीम में चुना गया है। टीम में स्पिनर नाथन लियोन की चोट से रिकवरी के बाद वापसी हुई है। ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन और मिचेल मार्श भी टीम का हिस्सा हैं। एलेक्स कैरी बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज टीम में चुने गए हैं। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच 14 से 18 दिसंबर को पर्थ में पहला टेस्ट मैच खेल जाएगा। इसके बाद 26 से 30 दिसंबर को मेलबर्न में दूसरा टेस्ट और 3-7 जनवरी, 2024 को सिडनी में आखिरी टेस्ट खेला जाएगा।





### ऑस्ट्रेलिया टीम

पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, लांस मॉरिस, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, डेविड वार्नर।

### पाकिस्तान की टीम

शान मसूद (कप्तान), आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन अली, इमाम-उल-हक, खुर्रम शहजाद, मीर हमजा, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम, नोमान अली, सैम अयुब, सलमान अली आगा, सरफराज अहमद (विकेटकीपर), सऊद शकील और शाहीन अफरीदी।

## भारत ने 4-1 से जीती सीरीज

### 5वें टी-20 में ऑस्ट्रेलिया को 6 रन से हराया, मुकेश कुमार ने झटके 3 विकेट

**अर्शदीप सिंह और रवि बिश्नोई को 2-2 विकेट लिए**

**टीम इंडिया ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 160 रन बनाए**



**एजेंसी। बेंगलुरु**

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को रोमांचक 5वें टी-20 मुकाबले में 6 रन से हरा दिया। बेंगलुरु में टीम इंडिया के अर्शदीप सिंह ने आखिरी 6 गेंदों पर 10 रन डिफेंड किया। उन्होंने शुरूआती 3 गेंदों पर कोई रन नहीं दिया और कप्तान मैथ्यू वेड का विकेट भी लिया। टीम आखिरी ओवर में 3 रन ही बना सकी। भारत के लिए मुकेश कुमार ने 3 विकेट लिए। जबकि अर्शदीप सिंह और रवि बिश्नोई को 2-2 विकेट लिए। श्रेयस अय्यर ने 53 रन बनाए। 5वें टी-20 में जीत के साथ टीम इंडिया सीरीज 4-1 के अंतर से अपने नाम कर ली। चिन्नास्वामी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। टीम इंडिया ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 160 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया 8 विकेट पर 154 रन ही बना सका। बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया पहली बार टी-20 मुकाबला हारा, यहां टीम ने 3 टी-20 जीते हैं। 161 रन का टारगेट चेज करने उतरे कंगारू ओपनर्स ने तेज शुरूआत की। ट्रैविस हेड ने अर्शदीप सिंह की पहली 3 बॉल पर लगातार 3 चौके जमाए। इस ओवर में 14 रन बनाए। पारी का तीसरा ओवर लेकर आए मुकेश कुमार ने जोश फिलिप (4 रन) को बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिलाई। उसके बाद रवि बिश्नोई ने अपने ही ओवर में ट्रैविस हेड को बोल्ड करके कंगारू ओपनर्स को पवेलियन भेजा। 6 ओवर में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 50/2 रहा। श्रेयस अय्यर ने 53 रन की पारी खेली। उन्होंने टी-20 करियर की 8वीं फिफ्टी जमाई। अय्यर के अलावा, जितेश शर्मा ने 24 और अक्षर पटेल ने 31 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया से बेन ड्वारशस और जेसन बेहरनडर्फ को 2-2 विकेट मिले। टीम इंडिया सीरीज में 3-1 की बढ़त बनाए हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया आज का मैच जीतकर भी सीरीज नहीं जीत सकता, लेकिन टारगेट हासिल कर वनडे की वर्ल्ड चैंपियन कंगारू टीम सीरीज का नतीजा 3-2 कर अपनी लाज बचा सकती है। भारतीय की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पावरप्ले में 42 रन बनाने में यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड के विकेट गंवा दिए। इस जोड़ी ने धीमी शुरूआत की। ऐसे में जायसवाल ने कुछ बड़े शॉट खेले, लेकिन ज्यादा देर तक बल्लेबाजी नहीं कर सके। वे 21 रन के निजी स्कोर पर जेसन बेहरनडर्फ का शिकार बने, अगले ही ओवर में बेन ड्वारशस ने ऋतुराज गायकवाड को भी चलता कर दिया। पावरप्ले में ओपनर्स के आउट होने के बाद तीसरे नंबर पर खेलने उतरे श्रेयस अय्यर ने टिकाऊ पारी खेली, लेकिन दूसरी ओर से विकेट गिरते रहे। कप्तान सूर्यकुमार यादव 5 और रिंकू सिंह 6 रन बनाकर आउट हुए। 55 पर 4 विकेट गंवाने के बाद अय्यर और जितेश शर्मा की जोड़ी ने भारतीय पारी को संभला। दोनों ने 5वें विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को आरोन हार्डी ने जितेश (24 रन) को आउट कर तोड़ा। 7 से 16 ओवर के बीच टीम इंडिया ने 73 रन बनाने में 3 विकेट गंवाए। 16 ओवर के बाद टीम का स्कोर 115/5 रहा। 17 से 20 ओवर के बीच भारत 35 रन ही बना सका। इस फेज में टीम ने श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल जैसे सेट बैटर्स के विकेट गंवाए। श्रेयस ने 53 और अक्षर ने 31 रन की अहम पारियां खेल टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया। आखिरी बॉल पर रवि बिश्नोई भी रन आउट हो गए और ऑस्ट्रेलिया को 161 रन का टारगेट मिला।

## प्रोफेसर सीताराम शर्मा मेमोरियल ट्रॉफी





**रांची ।** फैकल्टी क्रिकेट लीग, बीआईटी मेसरा का 12 संस्करण
फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स का सामना कंप्यूटर सुपर किंग्स से होगा
आज के आखिरी लीग मैच रॉयल एडमिन और रॉयल चैलेंजर्स द्वारा जीते गए थे।

**मैच-1 रॉयल एडमिन बनाम मैकेनिकल चैलेंजर्स**

मेकेनिकल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।
मेकेनिकल ने 12 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 73 रन बनाए। धीमान ने 25 और मृणाल जाना ने 16 रन बनाए। जवाब में रॉयल एडमिन्स ने 10.2 ओवर में 3 विकेट खोकर 75 रन बना लिए। आशुतोष ने 25 और नंदलाल ने 25 रन बनाए और नॉट आउट रहे। एडमिन 7 विकेट से जीता और नंदलाल को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

**मैच-2 रॉयल एडमिन्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स**

एडमिन ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया।
रॉयल चैलेंजर्स ने 12 ओवर में 9 विकेट खोकर 92 रन बनाए। अजय ने 7 चौकों की मदद से धमाकेदार 31 रन बनाए। एडमिन बी. सरकार ने 4 विकेट लिए।जवाब में एडमिन की टीम 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 72 रन ही बना सकी। आशुतोष ने 23 रन बनाए। बाकी बल्लेबाज ज्यादा कुछ नहीं कर पाए और एडमिन्स 20 रन से मैच हार गए। रॉयल चैलेंजर्स ने 20 रन से जीत दर्ज की और वे सभी लीग मैच जीतकर पहले ही फाइनल में पहुंच चुके हैं। अजय को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। फाइनल 9 दिसंबर को दोपहर 1.00 बजे से होगा

### केंद्रीय अनुबंध पाने के लिए विंडीज वनडे

## फ्रेंचाइजी क्रिकेट की तलाश में इंग्लैंड के विल जैक



**एजेंसी। लंदन**

केंद्रीय अनुबंध तय करते समय इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा नजरअंदाज किए गए इंग्लैंड के युवा ऑलराउंडर विल जैक नॉर्थ साउंड में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला को स्थायी रूप से टीम में जगह बनाने और अगले साल केंद्रीय अनुबंध सूची में शामिल होने के अवसर के रूप में देख रहे हैं। इसके अलावा, विल जैक्स अगले साल के आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में जगह पक्की करने के लिए अपने भविष्य के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाना चाह रहे हैं। 25 वर्षीय ऑलराउंडर ने अपने शुरूआती करियर में तीन प्रारूपों में प्रदर्शन किया है और उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला में सलामी बल्लेबाज की भूमिका सौंपी गई है। रविवार को पहले मैच की पूर्व संध्या पर जैक्स ने कहा, यह हमेशा महत्वपूर्ण है कि आपको यह विश्वास दिया जाए कि चाहे कुछ भी हो आप टीम में बने रहेंगे। भले ही मैं रविवार को असफल हो जाऊं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा, मेरे पास जाने का एक और मौका होगा और आखिरी दो मैचों में सफलता हासिल करूंगा।'उन सभी के लिए जो उस आक्रामक शैली को खेलना चाहते हैं, आपको इसकी आवश्यकता है। यदि आप असफलता का डर मन में लाते हैं या इस बात की चिंता करते हैं कि आप खेलेंगे या नहीं, तो जाहिर तौर पर यह आपके प्रदर्शन में बाधा डालता है, और आप 100% आत्मविश्वास के साथ नहीं खेल पाएंगे।

### मरांग गोमके फुटबॉल प्रतियोगिता 3 जनवरी से

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति की बैठक रविवार को सरना टोली हातमा में हुआ। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पहान जगलाल पहान एवं संचालन केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने किया। बैठक में तीन जनवरी को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जंयती के अवसर पर तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम कचहरी रोड में कराने पर चर्चा हुई। इस फुटबॉल प्रतियोगिता का खेल प्रभारी मंगल मिंज को मनोनीत किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एक लाखरुपए, द्वितीय पुरस्कार पाचस हजार रुपए, तृतीय एवं चतुर्थ को भी पुरस्कार दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खेल प्रभारी मंगल मिंज संपर्क किया जा सकता है। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष श्री बबलू मुंडा, मुख्य पहान श्री जगलाल पहान, कार्यकारी अध्यक्ष शोभा कच्छप, जगरनाथ तिर्की, किरण तिर्की, अनीता गाड़ी,कमिश्नर सरोज नाथ महतो, संजय कुजूर, आदि उपस्थित थे।

## अभिनव ने पुरुष रैपिड-फायर पिस्टल में जीता स्वर्ण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राजस्थान के अभिनव चौधरी ने भोपाल में चल रही 66वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता (एनएससीसी) रविवार को एमपी राज्य शूटिंग अकादमी रेंज में पिस्टल स्पर्धा में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) का खिताब जीता। अभिनव ने फाइनल में 30 का स्कोर बनाकर उत्तर प्रदेश के अंकुर गोयल को पछाड़ दिया, जिन्होंने 26 हिट अपने नाम किए। दिल्ली के अर्पित गोयल 21 के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अभिनव ने इससे पहले क्वालीफिकेशन में 584 के स्कोर के साथ शीर्ष छह निशानेबाजों के फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया था, जो अग्रणी स्कोर भी था। जूनियर पुरुष आरएफपी में, विजयवीर सिद्धू ने फाइनल में 28 हिट के साथ स्वर्ण पदक जीता, और हरियाणा के पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता अनीश भनवाला से बेहतर प्रदर्शन किया, जिनके पास 25 थे। पंजाब ने इस स्पर्धा में स्वर्ण और कांस्य जीता जब राजकंवर सिंह संधू ने 20 का स्कोर करके कांस्य पदक जीता। हालाँकि, अनीश (578) ने पुरुष आरएफपी में समीर (578) और आदर्श सिंह (571) के साथ मिलकर 1727 के संयुक्त प्रयास से टीम स्पर्धा जीती। विजयवीर ने राजकंवर और जुड़वां भाई उदयवीर के साथ जूनियर टीम का स्वर्ण जीता।

### भारत जूनियर महिला विश्व कप से बाहर

**सैंटियागो।** एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप के चौथे दिन ने कुछ टीमों के भाग्य का फैसला कर दिया है क्योंकि भारत और दक्षिण अफ्रीका प्रतियोगिता से बाहर हो गए हैं, जबकि पूल ए और सी की चार अन्य टीमें - नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम और जर्मनी - ने शीर्ष 8 में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। बेल्जियम ने पूल सी में तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए रोमांचक मुकाबले में भारत पर 3-2 से जीत हासिल की, जबकि जर्मनी ने पूल सी में दूसरा स्थान हासिल करने के लिए कनाडा पर बड़ी जीत दर्ज की।

### टेनिस — 57 दिनों के अंतराल में अपना तीसरा आईटीएफ खिताब जीता

## रामकुमार रामनाथन ने जीता कालाबुरागी ओपन





**एजेंसी। कालबुर्गी (कर्नाटक)**

रामकुमार रामनाथन ने रविवार को यहां चंद्रशेखर पाटिल स्टेडियम में आईटीएफ कालाबुरागी ओपन जीतकर 57 दिनों के अंतराल में अपना तीसरा आईटीएफ खिताब जीता। लगभग एकतरफा फाइनल में, रामकुमार ने अपने ऑस्ट्रियाई प्रतिद्वंद्वी डेविड पिचलर की चुनौती को 64 मिनट में सीधे सेटों में 6-2, 6-1 से ध्वस्त कर दिया। भारतीय डेविस कप खिलाड़ी को विजेता का चेक 3200 अमेरिकी डॉलर और 25 कीमती एटीपी अंक मिले, जबकि उपविजेता को 2120 अमेरिकी डॉलर और 16 एटीपी अंक मिले। रामकुमार ने पिछले सप्ताह आईटीएफ मुंबई ओपन जीता था। जीत के बाद रामकुमार ने कहा, लगातार खिताब जीतना बहुत अच्छा लग रहा है। मेरा खेल अच्छा चल रहा है। मैंने पिछले दो हफ्तों में अपना कुछ सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेला है। यहां के कोर्ट शुरू में मेरे खेल के अनुकूल नहीं थे , लेकिन मैंने उनसे बहुत जल्दी सामंजस्य बिठा लिया। खचाखच भरे स्टेडियम में घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए, रामकुमार का पहली सर्विस से पहले ही मनोबल बढ़ गया था। पहले पांच गेम तक दोनों खिलाड़ियों ने अपनी सर्विस बरकरार रखी थी, इसके बाद रामकुमार ने छठे गेम में पिचलर की सर्विस तोड़कर पहला सेंध लगाया और कुछ शानदार विनर्स लगाकर बाकी गेम अपने नाम कर सेट 6-2 से जीत लिया। दूसरे सेट में डेविड को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, जब उन्होंने केवल एक अंक गंवाकर अपनी सर्विस बरकरार रखी, लेकिन रामकुमार की योजना कुछ और थी। बड़ी दृढ़ता के साथ आगे बढ़ते हुए, उन्होंने पिचलर को गलतियाँ करने के लिए मजबूर किया और खुद कुछ क्रॉसकोर्ट विनर्स के साथ आए, जिससे भीड़ में खुशी की लहर दौड़ गई, जिसे एक मील दूर तक सुना जा सकता था। एकमात्र गेम जिसमें रामकुमार को अपनी सर्विस बरकरार रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा वह 5वें गेम में था जहां भारतीय डेविस कप टीम के सदस्य को पिचलर के डाउन-द-लाइन विनर्स का जवाब नहीं मिला। चौथे और छठे गेम में दो ब्रेक के साथ, रामकुमार ने एक ऐस के साथ अपने प्रतिद्वंद्वी को 6-1 से हरा दिया और ताज जीत लिया।

### मेदजेदोविच ने फिल्स को हराकर नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब जीता

**जेद्दाह।** हमाद मेदजेदोविच ने नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स ट्रॉफी जीतकर अपने सफल सीजन का समापन किया, जहां उन्होंने आर्थर फिल्स के खिलाफ चौथे सेट में दो मैच प्वाइंट गंवाने के बाद टूनार्मेंट के इतिहास में पहला पांच सेट का फाइनल जीता। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार सर्बियाई ने गेंद पर बड़े शॉट लगाए, अपनी पहली सर्विस पर 88 प्रतिशत (61/69) अंक जीते और अपने तीसरे मैच प्वाइंट को बदलकर 19 वर्षीय फ्रांसीसी को दो घंटे 11 मिनट के बाद 3-4(6), 4-1 , 4-2, 3-4(9), 4-1 से हरा दिया। इस महीने की शुरूआत में नोवाक जोकोविच द्वारा ट्यूरिन में रिकॉर्ड सातवां एटीपी फाइनल का खिताब जीतने के बाद सर्बिया के लिए सीजन का शानदार अंत हुआ। विश्व नंबर 1 इस सप्ताह मेदजेदोविच को समर्थन के संदेश भेज रहा है। मेदजेदोविच ने कहा, हममें से दो लोग सर्बिया से हैं।

## नमो कबड्डी का आयोजन 12 टीमों ने लिया हिस्सा



**एजेंसी। हजारीबाग**

चुरचू पंचायत स्थित आरजीएस हाई स्कूल एवं झारखंड बिरसा इंटर कॉलेज चुरचू के मैदान में भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर के निर्देश पर नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।इस प्रतिस्पर्धा में कुल 12 टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि प्रदेश संयोजक जैविक कृषि प्रकोष्ठ किसान मोर्चा झारखंड के अनूप भाई वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह समेत भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री आशीष कुमार सोनी,संजय कुमार पांडे उपस्थित हुए। श्री वर्मा ने बताया की कबड्डी एक सरल खेल है जिसमें बराबर के खिलाड़ियों के साथ खेल होता है और यह खेल बिना खर्चे पर आधारित है । विजेता और उपविजेता दोनों टीमें चूरचू प्रखंड की ही रहीं। मौके पर स्कूल एवं कॉलेज के निर्देशक चंद्रदेव कुमार शर्मा, कॉलेज के प्राचार्य डॉ महेंद्र कुमार सिंह, स्कूल प्राचार्य निर्मल कुमार कुशवाहा,मो आलम, किशोर कुमार, गंगाधर साव, कंचन कुमारी, दया मुनी हेमरोम, मनीषा कुमारी, श्वेता बरला, शैली रूण्डा, प्रीति कुमारी, प्रिया रूण्डा, साक्षी रूंडा एवं प्रियंका शर्मा उपस्थित थें।

## एक नजर

### 2023 में इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग में आया उछाल

**चेन्नई।** वर्ष 2023 में भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग में उछाल देखने को मिला है। उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि जहां उद्योग में अच्छी मात्रा में वृद्धि देखी गई, वहीं इसने कई सरकारी कार्रवाइयां भी देखीं, मुख्य रूप से दोपहिया वाहन उद्योग के इसका काला पक्ष को देखने को मिला। आनंद राठी इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के रिसर्च एनालिस्ट मुमुक्ष मंडलेशा ने आईएएनएस को बताया, "अप्रत्याशित फेम क्क (इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाना और विनिर्माण करना क्क) सब्सिडी कटौती, फेम के लिए इलेक्ट्रिक टू व्हीलर के गैर-अनुपालन के लिए जुमार्ना और ईबस के लिए भुगतान सुरक्षा तंत्र की कमी जैसी प्रतिकूल सरकारी कार्रवाइयों के बावजूद, ईवी उद्योग जारी है। टू व्हीलर, थ्री व्हीलर और यात्री वाहनों (पीवी) में लगभग 100 आधार अंक (बीपीएस) की अधिक पहुंच देखें, हालांकि साल की शुरूआत में यह उम्मीद से धीमी है।

### गुवाहाटी और बैंकॉक के बीच सीधी उड़ान शुरू

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी और बैंकॉक के बीच एक त्रि-साप्ताहिक सीधी उड़ान (डायरेक्ट फ्लाइट) शुरू की गई है जो थाई एयर एशिया द्वारा बुधवार, शुक्रवार और रविवार को बैंकॉक-गुवाहाटी मार्ग पर संचालित की जाएगी। पहली फ्लाइट कुल 56 यात्रियों के साथ शुक्रवार रात गुवाहाटी हवाई अड्डे पर उतरी और आधे घंटे बाद 97 यात्रियों के साथ बैंकॉक के लिए रवाना हो गई। फ्लाइट ने शुक्रवार रात 11.40 बजे गुवाहाटी से उड़ान भरी और थाईलैंड में भारतीय समयानुसार सुबह करीब 2.15 बजे लैंड किया। गुवाहाटी के मुख्य हवाई अड्डा अधिकारी उत्पल बरुआ ने शनिवार को कहा, "उम्मीद हैकि इस नई फ्लाइट से गुवाहाटी हवाई अड्डे को दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के लिए हवाई कनेक्टिविटी का केंद्र बनाने में काफी मदद मिलेगी। इससे पूर्वोत्तर में व्यापार और पर्यटनउद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

### एलोन मस्क के नेतृत्व में एक्स पर मंडरा रहा दिवालियापन का खतरा

**लंदन ।** एलोन मस्क ने ट्विटर (जिसे अब एक्स कहा जाता है) को खरीदने के लिए लगभग 13 बिलियन डॉलर का ऋण लिया था और सोशल मीडिया कंपनी को हर साल ब्याज भुगतान में लगभग 1.2 बिलियन डॉलर का भुगतान करना पड़ता है। बीबीसी ने रविवार को बताया कि चूंकि बड़े विज्ञापनदाताओं ने प्लेटफॉर्म छोड़ दिया और एक्स अपने ऋण पर ब्याज का भुगतान नहीं कर सकता या कर्मचारियों को भुगतान नहीं कर सकता, तो यह वास्तव में दिवालिया हो सकता है। लेकिन, यह एक चरम परिदृश्य होगा जिससे मस्क निश्चित रूप से बचना चाहेंगे। हालांकि, जिस कंपनी को उन्होंने 44 बिलियन डॉलर में खरीदा था, उसके लिए दिवालियापन अकल्पनीय लग सकता है, लेकिन यह संभव है। डिज्नी और एप्पल अब एक्स पर विज्ञापन नहीं दे रहे हैं। खुदरा दिग्गज वॉलमार्ट ने पुष्टि की है कि वह एक्स पर विज्ञापन नहीं दे रहा है।

### टॉप 9 कंपनियों का मार्केट कैप 1.30 लाख करोड़ बढ़ा

# रिलायंस को छोड़कर नौ कंपनियों में रही तेजी, सेंसेक्स 2.29% उछला

**एजेंसी। मुंबई**

देश की टॉप 10 वैल्यूड फर्म्स में से 9 का मार्केट वैल्यूएशन 1,30,391.96 करोड़ रुपए बढ़ गया। इसमें भारती एयरटेल और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) सबसे बड़े गेनर्स रहें। टॉप 10 में से केवल रिलायंस इंडस्ट्रीज रही जिसका मार्केट वैल्यूएशन नहीं बढ़ा। भारती एयरटेल का वैल्यूएशन 23,746.04 करोड़ बढ़कर 5,70,466.88 करोड़ हो गया। ळउर का मार्केट कैप 19,027.07 करोड़ बढ़कर 12,84,180.67 करोड़ पर पहुंच गया। वहीं मार्केट कैप बढ़ने के मामले में तीसरे नंबर पर लउ्रूढ बैंक रहा जिसका मार्केट




कैप 17,881.88 करोड़ बढ़ा। इस बढ़ोतरी के साथ उसका मार्केट वैल्यूएशन 11,80,588.59 करोड़ हो गया।

**रिलायंस इंडस्ट्रीज अभी भी सबसे वैल्यूएबल फर्म :** वहीं टॉप-10 कंपनियों की रैंकिंग में, रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सबसे वैल्यूएबल फर्म का खिताब बरकरार रखा। इसके बाद बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक और बजाज फाइनेंस रहे।

### 1 लाख करोड़ के मार्केट कैप वाली टाटा ग्रुप की 5वीं कंपनी बनी ट्रेंट

ट्रेंट लिमिटेड 1 लाख करोड़ रुपए के मार्केट कैप वाली टाटा ग्रुप की 5वीं कंपनी बन गई है। ट्रेंट के शेयर शुक्रवार के कारोबार के दौरान 2% की बढ़ोतरी के साथ 2,840 रुपए के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गए। इसी के साथ इसका मार्केट कैप 1,00,958 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। हालांकि, बाद में शेयरों में थोड़ी गिरावट आई और ये 1.27% ऊपर 2,822.40 रुपए पर बंद हुए।

### माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ को चकमा देकर ओपनएआई ने सैम ऑल्टमैन को निकाला

**सैन फ्रांसिस्को।** सैम ऑल्टमैन को ओपनएआई से बाहर करने के मामले में ताजा जानकारी सामने आई है, एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कंपनी के पुराने बोर्ड ने ऑल्टमैन को सीईओ पद से हटाने के लिए शुरूआत में वोटिंग करने के बाद जानबूझकर माइक्रोसॉफ्ट को बाहर रखा था। द न्यू यॉर्कर ने बताया कि ऑल्टमैन को बाहर करने के फैसले से अध्यक्ष और सीईओ सत्या नडेला सहित माइक्रोसॉफ्ट के अधिकारी हैरान थे। माइक्रोसॉफ्ट में कई लोगों ने ओपनएआई बोर्ड के निर्णय को मूर्खतापूर्ण बताया और दावा किया कि यह चैटजीपीटची डेवलपर को नष्ट कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है,ऑल्टमैन की बर्खास्तगी पर नडेला ने ओपनएआई बोर्ड के सदस्य एडम डी'एंजेलो को फोन किया और उन पर विवरण के लिए दबाव डाला। डी'एंजेलो ने उन्हें बताया कि ऑल्टमैन बोर्ड के साथ अपने कम्युनिकेशन में स्पष्ट नहीं थे। रिपोर्ट में कहा गया, "नडेला ने निराशा में फोन रख दिया।

### भाजपा की प्रचंड जीत स्टॉक मार्केट को करेगी मालामाल

# एक्सपर्ट बोले- शेयर बाजार जल्द बनाएगा नए रिकॉर्ड



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में से तीन में भारतीय जनता पार्टी (इखढ) प्रचंड बहुमत से सरकार बना रही है। राज्यों में बीजेपी की लहर ने 2024 में होने वाले आम चुनाव की तस्वीर साफ कर दी है। राजनीति पंडित भी अब मानने लगे हैं कि अगले साल आम चुनाव में बीजेपी का तोड़ किसी पार्टी के पास नहीं है। चुनावी जीत से जहां एक ओर बीजेपी के नेता और कार्यकर्ता गदगद हैं, वहीं दूसरी ओर स्टॉक मार्केट निवेशकों की चांदी होने वाली है। मार्केट एक्सपर्ट का मानना है कि बीजेपी को राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में प्रचंड बहुमत मिलना शेयर बाजार के लिए पॉजिटिव है। हालांकि, शेयर बाजार पहले से मानकर चल रहा था कि राजस्थान और मध्यप्रदेश में बीजेपी की सरकार बनेगी लेकिन छत्तीसगढ़ सरप्राइज पैकेज है। इसका असर सोमवार से खुलने वाले शेयर बाजार पर दिखाई देगा। शेयर बाजार में तेजी जारी रहेगी और बाजार नए रिकॉर्ड की ओर बढ़ेगा।

# ट्रैवल व टूरिज्म क्षेत्र में चीनी निवेश और डाटा सुरक्षा की हो जांच : कैट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने भारत के ट्रैवल एवं टूरिज्म क्षेत्र में कुछ बड़ी कंपनियों और चीन के निवेश को लेकर सवाल उठाने के साथ-साथ चिंता जताई है। कैट ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से ट्रैवल एवं टूरिज्म के क्षेत्र में काम करने वाली इन कंपनियों के बिजनेस मॉडल की जांच कराने की मांग की है। कैट ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि देश में ट्रैवल एवं टूरिज्म क्षेत्र में चंद बड़ी कंपनियों, जिनमें खासकर चीनी धन का निवेश के साथ-साथ नियंत्रण भी है, उन्होंने इस क्षेत्र में ट्रैवल एजेंटों के कारोबार को लगभग समाप्त कर दिया है। इनके द्वारा एकत्र डाटा की सुरक्षा भी खतरे में पड़ने की आशंका जताते हुए कैट ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और




वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से आग्रह किया है कि ट्रैवल एवं टूरिज्म के क्षेत्र में काम करने वाली इन बड़ी कंपनियों के बिजनेस मॉडल की जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि उनके द्वारा एकत्र डाटा का दुरुपयोग तो नहीं हो रहा है। इसके साथ ही यह भी देखा जाए कि इस क्षेत्र में अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा तो नहीं हो रही है। कारोबारी संगठन कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाते हुए कहा कि भारत में ट्रैवल एवं टूरिज्म व्यवसाय देशभर में फैले लगभग 10 लाख से अधिक ट्रैवल एजेंटों द्वारा किया जा रहा था, जो बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी दिया करते थे। पिछले कुछ सालों में चीनी एवं अन्य विदेशी निवेश के बल पर इस व्यवसाय पर कुछ चंद कंपनियों ने पूरा कब्जा कर लिया है। अब वो अपने पोर्टल के माध्यम से सारी बुकिंग करते हैं। उनकी कंपनी में बड़ी मात्रा में विदेशी धन का निवेश हुआ है।

### झारखंड में ब्लॉकबस्टर अल्ट्रा लेगर और स्ट्रांग बीयर हुआ लांच

**रांची।** अमेरिकन ब्रू क्राफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने झारखंड में ब्लॉकबस्टर अल्ट्रा लेगर और ब्लॉकबस्टर अल्ट्रा स्ट्रॉन्ग बीयर पेश किया है। ब्लॉकबस्टर अल्ट्रा लेगर हल्के और कुरकुरे स्वाद में एक आनंददायक पिल्सनर-शैली की रचना है। नए संस्करण में कैलोरी और काबोर्हाइड्रेट की मात्रा कम है, जो इसे हल्की बीयर के लिए एक लोकप्रिय विकल्प बनाती है। यह समृद्ध माल्टी नोट्स, कड़वाहट का सूक्ष्म स्पर्श और सामंजस्यपूर्ण रूप से संतुलित साइट्रस और पुष्प सुगंध का एक आकर्षक मिश्रण प्रदान करता है, जो एक अद्वितीय बियर अनुभव का वादा करता है। ब्लॉकबस्टर अल्ट्रा लेगर एक हल्का और ऊर्जावान संस्करण है जो पार्टियों, कार्यक्रमों या यहां तक कि भावपूर्ण रातों के लिए एक आदर्श साथी है। ब्लॉकबस्टर अल्ट्रा लेगर आपको एक बिल्कुल नए अलग अनुभव पर ले जाने के लिए तैयार है।

# अब टेलीग्राम मैसेजिंग में मिलेंगे ग्यारह नए फीचर्स

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम ने अपने 800 मिलियन से ज्यादा मंथली एक्टिव यूजर्स के लिए कम्युनिकेशन को सरल बनाने के लिए 11 नए फीचर्स शुरू किए हैं। अब यूजर्स के पास किसी चैनल से जुड़ने पर समान पब्लिक चैनलों की लिस्ट तक एक्सेस होगा। कंपनी ने एक अपडेट में कहा कि यह फीचर सब्सक्राइबर बेस में समानता के आधार पर ऑटोमैटिक सलेक्शन द्वारा संचालित होती है, जिससे यूजर्स के लिए उनकी रुचि के अनुरूप कंटेंट ढूंढना आसान हो जाता है। यूजर्स किसी चैनल की प्रोफाइल से समान चैनल तक भी पहुंच सकते हैं। टेलीग्राम ने कहा, "यूजर्स के पास अब केवल दो टैप से फ्रेंड्स और फेवरेट चैनलों की स्टोरीज की रीच बढ़ाने का पावर है। टेक्स्ट, ऑडियो



या वीडियो कमेंट्स जैसे अतिरिक्त कंटेंट जोड़ने का ऑप्शन स्टोरी कहने के एक्सपीरियंस को बढ़ाता है। प्राइवेसी प्रोटेक्शन सुनिश्चित करते हुए रीपोस्टिंग 'एव्रीवन' को दिखाई देने वाली स्टोरीज तक ही सीमित है।' कोई स्टोरी पोस्ट करते समय, अब आप कमेंट्री के लिए या केवल फेस बनाने के लिए एक वीडियो मैसेज जोड़ सकते हैं। इन मैसेज का साइज बदला जा सकता है, स्क्रीन के चारों ओर ले जाया जा सकता है, और टाइम एक्सिस के साथ रखा जा सकता है ।

### सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम व होमस्टे प्रतियोगिता शुरू

**ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा**

**नई दिल्ली।** पर्यटन मंत्रालय देशभर के गांवों के बीच सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम व सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण होमस्टे प्रतियोगिता शुरू की गई है। गांवों के बीच यह प्रतियोगिता ग्रामीण पर्यटन के प्रचार और विकास को बल प्रदान करने के लिए है। भारत में ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति द्वारा ग्रामीण होमस्टे को बढावा देने के लिए पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने व्यापक राष्ट्रीय रणनीति और रोडमैप शुरू किया है। पर्यटन मंत्रालय के मुताबिक उन्होंने भारतीय पर्यटन और यात्रा प्रबंधन संस्थान के सहयोग से राष्ट्रीय कार्यनीतियों के कार्यान्वयन की शुरूआत की है।

## विदेश

# पोप फ्रांसिस व ग्रैंड इमाम ने सीओपी 28 में मजबूत जलवायु कार्रवाई का आह्वान किया

**एजेंसी। दुबई**

पोप फ्रांसिस और अल-अजहर के शाही इमाम अहमद अल-तैयब ने तत्काल जलवायु कार्रवाई के लिए समर्थन की घोषणा पर हस्ताक्षर किए हैं। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी28) में एक वीडियो संदेश में उन्होंने मजबूत जलवायु कार्रवाई की तात्कालिकता और आशा पर जोर दिया। पोप ने कहा, आज दुनिया को ऐसे गठबंधन की जरूरत है जो किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि सभी के फायदे के लिए हो। यह अत्यावश्यक है कि धर्म, समन्वयवाद के जाल में फंसे बिना, एक साथ काम करके एक अच्छा उदाहरण स्थापित करें, अपने या किसी विशेष समूह के हितों के लिए नहीं, बल्कि हमारी दुनिया के हितों



के लिए। इनमें से, अभी सबसे महत्वपूर्ण शांति और जलवायु हैं। आइए, धार्मिक प्रतिनिधियों के रूप में, यह दिखाने के लिए एक उदाहरण स्थापित करें कि परिवर्तन संभव है। सम्मानजनक और टिकाऊ जीवनशैली का प्रदर्शन करें, और आइए हम राष्ट्रों के नेताओं से हमारे सामान्य घर को संरक्षित करने के लिए उत्साहपूर्वक कहें। पोप बीमारी के कारण व्यक्तिगत रूप से दुबई शिखर सम्मेलन में भाग नहीं ले सके। उन्होने कहा कि यह विशेष रूप से छोटे बच्चों और गरीबों द्वारा अनुरोध किया जाता है, जिनकी प्रार्थनाएँ परमपिता के सिंहासन तक पहुँचती हैं। उनके भविष्य और सभी के भविष्य के लिए, आइए हम सृष्टि की रक्षा करें और अपने सामान्य घर की रक्षा करें। आइए हम शांति से रहें और शांति को बढ़ावा दें। काहिरा में सुन्नी शिक्षा के एक हजार साल पुराने संस्थान अल-अजहर के शाही इमाम ने अपने संदेश में कहा ...आसन्न चुनौतियाँ, विशेषकर जलवायु परिवर्तन के बारे में धार्मिक नेताओं की आवाज सुनी जाये इसके लिए संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त अरब अमीरात के साथ सहयोग करना है। उन्होंने कहा, यह हमारे सामान्य पर्यावरण को आसन्न विनाश से बचाने के प्रयासों को बढ़ाने का एक अनमोल अवसर है, जो साल दर साल बड़ा होता जा रहा है।

## सांस्कृतिक लूट

### ऑनलाइन सर्वेक्षण में 81 फीसद लोगों की राय

# उपनिवेशों से लूटी कलाकृतियां वापस करे ब्रिटेन

**एजेंसी। बीजिंग**

सांस्कृतिक कलाकृतियों की पुनर्प्राप्ति को लेकर ब्रिटेन और ग्रीस के बीच विवाद अब भी जारी है। विश्व स्तर पर प्रसिद्ध संग्रहालय के रूप में, ब्रिटिश संग्रहालय हाल ही में एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में आया, क्योंकि इसके अधिकांश संग्रह औपनिवेशिक विस्तार और युद्ध लूटपाट से प्राप्त हुए हैं। सीजीटीएन द्वारा हाल ही में किए गए एक वैश्विक ऑनलाइन सर्वेक्षण के अनुसार, 80.8 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि ब्रिटिश संग्रहालय में इन लूटी गई कलाकृतियों का संग्रह पूरी तरह से अनुचित है, जबकि 90.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि उपनिवेशवाद की निरंतरता से बचने के लिए औपनिवेशिक विस्तार और युद्ध के माध्यम से लूटी गई सांस्कृतिक कलाकृतियों को जल्द से जल्द इनके मूल देश में वापस कर दिया जाना चाहिए। वहीं, इस अगस्त में पता चला कि ब्रिटिश संग्रहालय के संग्रह के लगभग 2,000 टुकड़े खो गए थे और उनमें से कुछ को इंटरनेट पर बिक्री के लिए भी रखा गया था। इस बात के प्रति, 88 प्रतिशत वैश्विक उत्तरदाता



सांस्कृतिक कलाकृतियों को संरक्षित करने के लिये ब्रिटिश संग्रहालय की क्षमता के बारे में गहराई से चिंतित हैं। उनका मानना है कि ब्रिटेन का ₹सांस्कृतिक कलाकृतियों की सुरक्षा व संरक्षण₹ का दावा पाखंडी है। जैसा कि सीजीटीएन नेटिजन ने कहा, ₹कुछ यूरोपीय देश अन्य देशों से चुराई गई सांस्कृतिक कलाकृतियों के लिए 'सुरक्षित घर' हैं। ये यूरोपीय देश सांस्कृतिक कलाकृतियों की सुरक्षा व संरक्षण की आड़ में चोरी करते हैं। साथ ही 91.1 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि ब्रिटिश संग्रहालय को इन चोरी हुई सांस्कृतिक कलाकृतियों के लिए मुआवजा और कानूनी जिम्मेदारी उठानी चाहिए।

### पिछले साल चीन की शिक्षा निधि 60 खरब युआन से अधिक रही

**बीजिंग।** चीन के शिक्षा मंत्रालय, राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो और वित्त मंत्रालय ने हाल में वर्ष 2022 में चीन में शिक्षा निधि के कार्यान्वयन पर सांख्यिकीय ज्ञापन जारी किया। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022 में पूरे चीन में कुल शिक्षा निधि 61 खरब 32 अरब 91 करोड़ 40 लाख युआन रही, जो पहली बार 60 खरब युआन से अधिक पहुंची और वर्ष 2021 की तुलना में 5.97 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं, राष्ट्रीय राजकोषीय शिक्षा वित्तपोषण 48 खरब 47 अरब 29 करोड़ 10 लाख युआन रहा, जो वर्ष 2021 से 5.75 फीसदी ज्यादा है। सकल घरेलू उत्पाद में इसका अनुपात 4.01 प्रतिशत दर्ज किया गया। उधर, राष्ट्रीय आम सार्वजनिक बजट शिक्षा निधि 39 खरब 25 अरब 69 करोड़ 60 लाख युआन रही, जो साल 2021 की तुलना में 4.79 प्रतिशत अधिक है। आम सार्वजनिक बजट व्यय में इसका अनुपात 15.07 फीसदी रहा।

## पेज एक के शेष

### आज की हैट्रिक ने...

लोगों को यह भरोसा हो गया है कि मोदी की गारंटी, गारंटी की भी गारंटी है और आपके सपने मेरा संकल्प है। प्रधानमंत्री ने तेलंगाना की जनता का भी धन्यवाद करते हुए कहा कि हर चुनाव के बाद तेलंगाना में भाजपा का ग्राफ बढ़ रहा है और वह तेलंगाना की जनता की सेवा करती रहेगी। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की तारीफ करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान उनके परिवार में दुखद घटना हुई, लेकिन फिर भी वह चुनाव अभियान में जुटे रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव में मेहनत करने वाले पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को भी बधाई दी।

### मप्र बन गया ...

से परवान चढ़ाया। संघ व भाजपा के कार्यकर्ता एकजुट हो हर तरह से लग गये। परिणाम सामने है। ऐसी जीत जिसके बारे में सोचा भी नहीं जा रहा था। संघ ने शिवराज के साथ खड़ा होकर साबित कर दिया कि आज की तारीख में भाजपा में सबसे विनम्र, मिलनसार व ज्यादा अनुभवी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हैं।वह पिछड़ी जाति के भी हैं। वह पक्ष - विपक्ष को विनम्रता पूर्वक साधते हुए और भी बड़ी ज़िम्मेदारी संभाल सकते हैं।शिवराज ने पहली बार 2 दिसंबर 2008 को भोपाल के जंबूरी मैदान में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी ,और उस पद पर 12 दिसम्बर 2018 तक रहे। कांग्रेस की कमलनाथ सरकार गिरने के बाद जुलाई 2020 से फिर मुख्य मंत्री बन गये। 64 साल के शिवराज सिंह चौहान का इस तरह लगभग 13 वर्ष 17 दिन मुख्यमंत्री पद पर हो गये हैं। संघ अब इसी तर्ज पर उप्र को इससे भी बड़ा मॉडल राज्य बनाने की योजना पर आगे बढ़ रहा है। इसकी दो वजहें हैं, 1- उप्र में अयोध्या , मथुरा , काशी तीनों ही है। अयोध्या से शुरू हुए रामलला जन्मभूमि आंदोलन ने ही संघ की जननी भाजपा को सत्ता पर पहुँचाया और परवान चढ़ाया। 2- सबसे ज्यादा 85 लोक सभा सीटें इसी राज्य में हैं।मप्र में तो 29 ही हैं, और गुजरात में तो 26 ही हैं। इन दोनों के योग 55 से भी 30 ज्यादा उप्र में हैं। इसीलिए उप्र बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है।

### गैंगस्टर अमन सिंह ...

रहे हैं कि आखिर जेल में पिस्टल कैसे आया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जेल के अधिकारियों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही साथ बाकी कैदियों से भी पूछताछ की जा रही है। कुछ दिन पहले ही डीसी के नेतृत्व में एसडीएम और पुलिस बल के द्वारा जेल के अंदर छापेमारी भी की गई थी। छापेमारी के दौरान एसडीएम ने यह दावा किया था कि जेल के अंदर कोई भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, अमन सिंह ने कुछ दिनों पहले ही अपने स्वास्थ्य का हवाला देकर किसी निजी अस्पताल में इलाज करने के लिए गुहार भी लगाई थी। बता दें कि पूर्व डिप्टी मेयर सह कांग्रेस नेता नीरज सिंह हत्याकांड मामले में अमन सिंह जेल में बंद था। गैंगवार की इस घटना के बाद प्रशासन पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

### मध्य प्रदेश, राजस्थान व ...

उनके सियासी राह में बाधा बन सकती है। बालकनाथ राजस्थान में बीजेपी के हिंदुत्व के पोस्टर बॉय हैं और सीएम पद के सर्वे में नंबर एक पर थे। बीजेपी ने जिस तरह से यूपी में सीएम की कुर्सी योगी आदित्यनाथ को सौंपी थी, उसी आधार पर अगर पार्टी फैसला करती है तो फिर महंत बालकनाथ के सितारे चमक सकते हैं। बीजेपी इस बार हिंदुत्व के पिच पर चुनावी मैदान में उतरी थी। सीएम पद के दावेदारों में केंद्रीय गजेंद्र सिंह शेखावत का नाम भी आता है. राजस्थान में अशोक गहलोत के खिलाफ सबसे ज्यादा मोर्चा खोलने वाले नेताओं में गजेंद्र सिंह शेखावत का नाम आगे है बीजेपी नेतृत्व के भी प्रिय नेताओं में गिने जाते हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री पद के रेस में शेखावत को भी माना जा रहा है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि बीजेपी ने वसुंधरा राजे को इग्नोर करके क्या दिया कुमारी, बालकनाथ या फिर गजेंद्र सिंह शेखावत को सीएम बनाने का काम करेगी ?

**छत्तीसगढ़ में कौन बनेगा मुख्यमंत्री ?**

छत्तीसगढ़ में भी अंतोगत्वा हुई जीत राजस्थान और मध्य प्रदेश से भी ज्यादा बड़ी मानी जा रही है, क्योंकि कांग्रेस बहुत की आत्मविश्वास से भरी थी और आरंभिक रुझानों से ऐसा लगा भी था। सीएम भूपेश बघेल का सामना करने के लिए पर्दे के पीछे पड़े डॉ रमन सिंह को बहुत बाद में लाना पड़ा था। बघेल सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर भी सार्वजनिक रूप से दिख नहीं रही थी। इसके बाद भी बीजेपी ने जिस तरह से जीत दर्ज की है उसका श्रेय पीएम मोदी को जाएगा। बीजेपी ने छत्तीसगढ़ में किसी भी नेता को सीएम पद का चेहरा घोषित नहीं किया गया था। अपने परंपरागत सीट से चुनाव जीतने वाले डॉ. रमन सिंह सीएम पद पर अपनी दावेदारी खुलकर पेश नहीं कर पा रहे थे पर जीत का श्रेय पीएम मोदी को दिया और साथ ही उन्होंने अपने 15 साल के कार्यकाल को जोड़कर सीएम पद की दावेदारी पेश कर दी है। छत्तीसगढ़ में रमन सिंह बीजेपी के सबसे कद्दावर नेताओं में है, पर उनकी 71 साल की उम्र सीएम की कुर्सी में बाधा बन सकती है बीजेपी की नजर लंबी रेस के घोड़े पर है । भूपेश बघेल के खिलाफ ओबीसी दांव खेला गया था और पार्टी संगठन की कमान सांसद अरुण साव को मिली थी। उन्हें भी सीएम के रेस में माना जा रहा है। साल 2003 में भी बीजेपी ने सीएम चेहरा घोषित नहीं किया था और चुनाव जीतने के बाद तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष रमन सिंह को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी थी। इस हिसाब से बीजेपी की सरकार बनती है तो मुख्यमंत्री पद पर प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का दावा मजबूत माना जा रहा है। सीएम पद के तीसरे दावेदारों में रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट से सात बार के विधायक बृजमोहन अग्रवाल का नाम आता है जो इस बार वह आठवीं बार चुनाव जीतने में सफल रहे। रमन सिंह सरकार में मंत्री रहे अग्रवाल स्वच्छ छवि के सरल-सहज नेता माने जाते हैं पर छत्तीसगढ़ के राजनीतिक समीकरण में फिट नहीं बैठते हैं। सीएम के लिए बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय का नाम भी रेस में शामिल माना जा रहा है। विजय बघेल और रेणुका सिंह को भी सीएम पद का दावेदार माना जा रहा था, लेकिन विजय बघेल चुनाव हार गए हैं रेणुका सिंह आदिवासी समुदाय से आती हैं, लेकिन क्या पार्टी उन्हें सीएम बनाएगी?इन सभी के निर्णय का असर अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव पर पड़ेगा इसलिए पार्टी फूंक -फूंककर कदम रखेगी ।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद को किया नमन



**नई दिल्ली।** देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को आज (रविवार) कृतज्ञ राष्ट्र ने 139वीं जयंती पर याद किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने एक्स पर लिखा-' हमारे इतिहास के महत्वपूर्ण क्षणों में डॉ. राजेंद्र प्रसाद की गहन बुद्धिमत्ता और दृढ़ नेतृत्व अत्यंत गर्व का विषय है। लोकतंत्र और एकता के विजेता के रूप में उनके प्रयास पीढ़ियों तक गूंजते रहेंगे। उनकी जयंती पर उन्हें शत-शत नमन।'

### संसद सदस्यों ने डा. राजेन्द्र प्रसाद को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल, संसद के सदस्यों, पूर्व सदस्यों और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने आज संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा और राज्यसभा के महासचिव क्रमशः उत्पल कुमार सिंह और पीसी मोदी ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित डा. राजेन्द्र प्रसाद के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई। डा. राजेन्द्र प्रसाद के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डा. एस. राधाकृष्णन ने 5 मई, 1964 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में किया था।

### 'मिचौंग' को लेकर पीएम ने की आंध्र के सीएम से बातचीत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी से टेलीफोन पर बातचीत कर चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' से जुड़ी तैयारियों की जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने राज्य को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इससे पहले शुक्रवार को बंगाल की खाड़ी में बनने वाले चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा के लिए कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में रविवार को राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति की बैठक हुई। मौसम विभाग के अनुसार चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए आज दोपहर तक दक्षिण आंध्र प्रदेश और आसपास के उत्तरी तमिलनाडु तटों के पास पहुंच जाएगा।

## राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ढहा कांग्रेस का किला, तेलंगाना ने लगाया 'मरहम'

# हिंदी पट्टी से पूरी तरह साफ हो गई कांग्रेस

### मध्य प्रदेश में फिर भाजपा सरकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले एक तरह से सेमी फाइनल माने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए हुए मतदान में रविवार को सुबह आठ बजे मतगणना शुरू हुआ। मिजोरम में मतों की गिनती सोमवार को होगी। देश में आम चुनाव में अब छह महीने से भी कम समय बचा है और ऐसे में इन राज्यों के विधानसभा चुनाव को सेमी फाइनल मुकाबले के रूप में देखा जा रहा है।

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में बीजेपी की शानदार जीत हुई है। वहीं तेलंगाना में कांग्रेस सरकार को बहुमत मिली है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में हार के साथा ही कांग्रेस हिंदी पट्टी से पूरी तरह साफ हो गई है। चुनाव के पूर्व राजस्थान व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी, जबकि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाण में भाजपा की सरकार थी। दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। अब राजस्थान व छत्तीसगढ़ में हारने के साथ कांग्रेस हिंदी पट्टी के किसी भी राज्य में सत्ता में नहीं है। हां बिहार में सत्तारूढ़ गठबंधन में वह जरूर है लेकिन वहां भी कांग्रेस की स्थिति बेहद कमजोर है। मालूम हो कि मध्य प्रदेश की 230 सीट, छत्तीसगढ़ की 90 सीट, तेलंगाना की 119 सीट और राजस्थान की 199 सीट के लिए रविवार को मतगणना हुई। यहां एक विधानसभा सीट पर उम्मीदवार की मृत्यु हो जाने के कारण चुनाव टाल दिया गया है।



### छत्तीसगढ़ महतारी की जय : जेपी नड्डा



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी की जीत पर कहा, छत्तीसगढ़ महतारी की जय! भारतीय जनता पार्टी को मिला यह जनादेश आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जनता के विश्वास की मुहर है। यह परिणाम दशार्ता है कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार, अराजकता, वादाखिलाफी और तुष्टिकरण के खिलाफ प्रदेश की जनता ने भाजपा के 'सबका-साथ, सबका-विकास, सबका-विश्वास, सबका-प्रयास' के मंत्र को समर्थन दिया है। भाजपा के 15 वर्ष के विकास रथ को प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने रोक रखा था, अब हम पीएम के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ को और गति के साथ विकास के पथ पर अग्रसर करेंगे। इस जीत के लिए छत्तीसगढ़ भाजपा के नेतृत्व और समस्त कर्मठ कार्यकर्ताओं को हृदय से बधाई देता हूं और प्रदेश की जनता को शुभकामनाएं।

### राजस्थान हारने के बाद सीएम योजनाओं में विफल रहें



राजस्थान के सीएम गहलोत ने अपनी हार स्वीकारते हुए ट्वीट किया, 'राजस्थान की जनता द्वारा दिए गए जनादेश को हम विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं। यह सभी के लिए एक अप्रत्याशित परिणाम है। यह हार दिखाती है कि हम अपनी योजनाओं, कानूनों और नवाचारों को जनता तक पहुंचाने में पूरी तरह कामयाब नहीं रहे। मैं नई सरकार को शुभकामनाएं देता हूं। मेरी उनको सलाह है कि हम काम करने के बावजूद कामयाब नहीं हुए इसका मतलब ये नहीं कि वो सरकार में आने के बाद काम ही ना करें। चिरंजीवी सहित तमाम योजनाएं एवं जो विकास की रफ्तार इन पांच सालों में राजस्थान को हमने दी है वो इसे आगे बढ़ाएं। मैं सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने इस चुनाव में पूरी मेहनत की एवं सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने हमारे ऊपर विश्वास किया। सीएम अशोक गहलोत ने रविवार शाम छह बजे राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

**राजस्थान में कल होगी विधायकों की बैठक :** राजस्थान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक कल को जयपुर में होगी।



### म.प्र परिवार, सबका स्नेह मिला : शिवराज

एमपी के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने हुए कहा कि हमें पता था कि बहुमत से जीतेंगे। मध्य प्रदेश परिवार है, सबका स्नेह मिला। हमने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मुस्लिम बहनों ने भी हमें वोट दिया है। जनता ने स्नेह से रिश्ता बनाया है, मध्य प्रदेश की जनता मेरी भगवान है। जनता का अभूतपूर्व विकास हुआ है। पीएम के नेतृत्व पर जनता को भरोसा है।

## सनातन का विरोध पार्टी को ले डूबा

### हार के बाद कांग्रेस नेता ने अपनी ही पार्टी पर निकाली भड़ास

### गांधी के बजाय कांग्रेस कार्ल मार्क्स के मार्ग पर चल रही है

मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में बीजेपी आगे निकल गई और तेलंगाना में केसीआर पिछड़ गई है। यहां कांग्रेस की सरकार बनने की संभावना है। कांग्रेस की पराजय को पर कांग्रेसी नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने टिप्पणी करते हुए कहा कि सनातन का श्राप कांग्रेस को ले डूबा। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस का शासन था और इन राज्यों में कांग्रेस पिछड़ रही है।



कांग्रेसी नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा है कि सनातन का विरोध देश में किसी को स्वीकार नहीं है. कांग्रेस यदि सनातन का विरोध करती रहेगी तो वह हारती रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सनातन धर्म का लगातार विरोध कर रही है। वह रणनीतिक रूप से हिंदू धर्म के खिलाफ चुनावी मैदान में थी। जातीय राजनीति को मुद्दा बनाया जा रहा है, जो देश के लोगों को स्वीकार नहीं है।

आचार्य प्रमोद ने कहा कि कांग्रेस यदि चुनाव जीतना चाहती है, तो उसे महात्मा गांधी के रास्ते पर चलना होगा, लेकिन कांग्रेस कार्ल मार्क्स के मार्ग पर चल रही है। इस परंपरा को बदलना होगा। महात्मा गांधी की बैठक की शुरूआत रघुपति राघव राजा राम के भजन से होती थी, लेकिन कुछ नेता सनातन का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यदि ऐसे नेताओं को पार्टी से नहीं निकाला, तो कांग्रेस की हालत एआईएमआईएम जैसी हो जाएगी। कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। सनातन का विरोध ने हमें ले डूबा है।

### राजस्थान विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी हारे



कांग्रेस नेता और राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष सीपी जोशी नाथद्वारा सीट से चुनाव हार गए हैं। इस हार के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'नाथद्वारा की जनता के निर्णय को मैं स्वीकार करता हूं। पूरे चुनाव के दौरान साथ देने वाले कार्यकर्ताओं और साथियों का मैं धन्यवाद करता हूं। मैं हमेशा की तरह नाथद्वारा की जनता के हितों की पैरवी करता रहूंगा।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने समर्थन के लिए तेलंगाना के लोगों को धन्यवाद दिया



**केंद्रीय** गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने विधानसभा चुनाव में उत्साहजनक समर्थन के लिए तेलंगाना के लोगों का आभार जताया। शाह ने एक्स पर एक ट्वीट में कहा, समर्थन को प्रोत्साहित करने के लिए तेलंगाना के लोगों का आभार। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा तेलंगाना के विकास के लिए काम करना जारी रखेगी। लोगों के सहयोग से हम निश्चित रूप से तेलंगाना को एक समृद्ध राज्य बनाएंगे। तेलंगाना भाजपा के कार्यकर्ताओं और प्रदेश अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी को उनके अथक प्रयासों के लिए हार्दिक धन्यवाद।"

### छग के पूर्व सीएम डा.रमन सिंह चुनाव जीते



छत्तीसगढ़ की राजनांदगाव सीट से भाजपा उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह चुनाव जीत गए है। डा.सिंह मतगणना पूरी होने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन को लगभग 35 हजार मतो से शिकस्त ही। भाजपा ने इस सीट पर कब्जा बरकरार रखा है। डा.सिंह लगातार चौथी बार इस सीट से निर्वाचित हुए है। उनकी अब तक की इस सीट पर सबसे बड़े अन्तर से जीत है।

### झालरापाटन सीट से जीतीं वसुंधरा राजे



राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता वसुंधरा राजे झालरापाटन विधानसभा सीट से चुनाव जीत गई हैं। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार, राजे ने 53,193 मतों से जीत दर्ज की।

### छग में हारे टीएस सिंह देव



कांग्रेस को छत्तीसगढ़ में एक और बड़ा झटका लगा है। राज्य में उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव 157 वोटों से हार गए हैं।

## जापान पहुंचा भारतीय नौसेना का जहाज 'आईएनएस कदमत्त'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना का जहाज 'आईएनएस कदमत्त' जापान पहुंचा है। रविवार को इस यात्रा की जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि आईएनएस कदमत्त एक पनडुब्बी रोधी लड़ाकू जलपोत है। यह जलपोत अत्याधुनिक हथियारों से लैस है। उत्तरी प्रशांत महासागर में लंबी दूरी की ऑपरेशनल तैनाती पर आईएनएस कदमत्त जापान पहुंचा है। इस यात्रा का मकसद भारत एवं जापान के बीच समुद्री सहयोग को और मजबूत करना है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक ऑपरेशनल टर्नअराउंड (ओटीआर) के लिए भारतीय नौसैनिक जहाज ने जापान के योकोसुका में प्रवेश किया है। इस प्रवास के दौरान पेशेवर संवाद और



सामुदायिक कल्याण की गतिविधियों सहित जहाज पर यात्राओं की योजना तैयार की गई हैं। जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेएमएसडीएफ) के साथ बातचीत में जहाजों पर परस्पर दौरा (क्रॉस-शिप विजिट), विचारों का पेशेवर आदान-प्रदान, संयुक्त योग शिविर और समुद्री साझेदारी अभ्यास (एमपीएक्स) के लिए समन्वय बैठक शामिल होगी। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि योकोसुका में यह जहाज जापान में भारतीय प्रवासियों की उपस्थिति में 4 दिसंबर 2023 को नौसेना दिवस मनाएगा। हाल ही में, आईएनएस कदमत्त ने दोनों नौसेनाओं के बीच हस्ताक्षरित आपूर्ति एवं सेवाओं के पारस्परिक प्रावधान (आरपीएसएस) के सिद्धांतों के तहत 28 नवंबर 2023 को ओकिनावा तट पर जेएमएसडीएफ फास्ट कॉम्बैट सपोर्ट शिप, जेएस टोवाडा के साथ ईंधन भरने का कार्य भी किया है। आईएनएस कदमत्त की जापान यात्रा और जेएमएसडीएफ के साथ बातचीत का उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र के बारे में दोनों देशों के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत एवं जापान के बीच समुद्री सहयोग को और मजबूत करना है।

### महाराष्ट्र : गढ़चिरौली जिले में नक्सलियों ने की ग्रामीण की हत्या

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सलियों ने 38 वर्षीय व्यक्ति की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि कोरची तालुका के मोरकुटी गांव निवासी चमरा मडावी को शनिवार देर रात नक्सलियों ने उसके घर से उठा लिया और गांव के बाहरी इलाके में उसकी हत्या कर दी। एसपी नीलोत्पल ने कहा कि मडावी प्रतिबंधित संगठन का समर्थक था और उसे पिछले साल पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में नक्सलियों को गोला-बारूद की आपूर्ति करने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि मडावी की बहन भी नक्सली है और उसकी शादी माओवादियों के डिविजनल कमेटी सदस्य मानसिंह होली से हुई है।




### 'एनिमल' में खलनायक का किरदार निभाने के लिए बॉबी देओल ने सीखी साइन लैंग्वेज



**नवीनतम** रिलीज 'एनिमल' में खतरनाक किरदार निभाने को लेकर अभिनेता बॉबी देओल बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि यह आसान नहीं था और इसके लिए उन्हें सांकेतिक भाषा (साइन लैंग्वेज) सीखनी पड़ी। यह पूछे जाने पर कि एक अराजक और खतरनाक मूक प्रतिपक्षी की भूमिका निभाने के लिए एक अभिनेता के रूप में उनकी कितनी परीक्षा हुई, बॉबी ने आईएएनएस को बताया, "मैं एक ऐसा किरदार निभाना चाहता था जो मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर हो। मैं चाहता हूं कि यह और अधिक चुनौतीपूर्ण हो क्योंकि यह एक व्यक्ति का सर्वश्रेष्ठ बाहर लाता है और मुझे लगता है कि मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ है।" उन्होंने कहा कि वह तब दंग रह गए जब निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने उन्हें बताया कि फिल्म में उनकी कोई लाइन नहीं है। बॉबी ने बताया, जब संदीप ने कहा कि आपका किरदार मूक है, तो मैंने कहा, क्या? मुझे बोलने की अनुमति नहीं है। मेरा मतलब है कि हर कोई मेरे बोलने के तरीके को पसंद करता है और उन्होंने कहा, हां, लेकिन मैं चाहता हूं कि यह किरदार मूक हो।" अभिनेता को फिल्म में उनके प्रदर्शन और उनकी बेहतरीन काया के लिए प्यार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वह घबराए हुए हैं।

### 'सैम बहादुर' में विक्की के अभिनय से बेहद प्रभावित हैं सचिन तेंदुलकर

**सचिन** तेंदुलकर के फिल्म 'सैम बहादुर' देखने को लेकर अभिनेता विक्की कौशल ने कहा कि वह अपने 'बचपन के हीरो' सचिन तेंदुलकर की फिल्?म को लेकर की गई प्रतिक्रिया को जीवन भर याद रखेंगे। 'सैम बहादुर' महान फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ पर आधारित है। फिल्म में फातिमा सना शेख और सान्या मल्होत्रा भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग के दौरान सचिन को एक वीडियो में पपराजी से यह कहते हुए देखा जा सकता है, बहुत अच्छी फिल्म है, जरूर देखियेगा। मैं विक्की के अभिनय से बहुत प्रभावित हुआ। देख के ऐसा लगा कि असल में फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ हमारे सामने हैं। बॉडी लैंग्वेज अविश्वसनीय थी। अगर आप हमारे देश का इतिहास जानना चाहते हैं तो आपको यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। यह हर पीढ़ी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

### अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस | राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

## अवसरों की समानता और सशक्तीकरण आवश्यक


**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिव्यांगों के प्रति समाज में सकारात्मक बदलाव पर खुशी जाहिर करते हुये रविवार को कहा कि अवसरों की समानता और सशक्तीकरण से दिव्यांगजन समानता और सम्मान के साथ जीवनयापन कर सकते हैं। राष्ट्रपति विज्ञान भवन में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर 2023 के लिए विकलांग व्यक्तियों के सशक्तीकरण के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रपति ने



कहा कि दिव्यांगों के सशक्तीकरण के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार एक सराहनीय माध्यम है क्योंकि व्यक्तिगत और संस्थागत कार्यों को सार्वजनिक मान्यता दिये जाने से सभी को प्रोत्साहन मिलता है। उन्हें जानकर खुशी हुई कि पिछले कुछ वर्षों में दिव्यांगजनों के प्रति समाज के दृष्टिकोण में बदलाव आया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उचित सुविधाओं, अवसरों और सशक्तीकरण प्रयासों की मदद से सभी दिव्यांगजन समानता और सम्मान के साथ जीवन जी सकेंगे। मुर्मू ने कहा कि जो दिव्यांगजन विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं, उन्हें अपनी क्षमता के अनुसार अन्य दिव्यांगजनों की मदद करनी चाहिये। राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व की कुल आबादी का लगभग 15 प्रतिशत दिव्यांगजन हैं और उनका सशक्तीकरण एक उच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि नये संसद भवन का हर हिस्सा दिव्यांगजनों के लिये सुविधाजनक है। उन्होंने सभी से इससे सीख लेने और शुरूआत से ही दिव्यांगजनों की जरूरतों को सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हमें नवीनीकरण के बजाय नवप्रवर्तन की सोच के साथ काम करना चाहिये। राष्ट्रपति ने कहा कि गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य और कल्याण, अच्छी शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छता और पेयजल आदि से संबंधित सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने से दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण को विशेष ताकत मिलती है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि भारत ने इन लक्ष्यों को उच्च प्राथमिकता दी है और उन्हें प्राप्त करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। श्रीमती मुर्मु ने एशियाई पैरा खेलों में भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का जिक्र करते हुये ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने अपनी अदम्य विजयी भावना के बल पर एक नया इतिहास रचा है।

### जब मुझे उस तरह की भूमिकाएं नहीं मिलती, जिसकी मैं हकदार हूं तो मैं उदास हो जाती हूं : इवांका दास



**एक्ट्रेस** और कोरियोग्राफर इवांका दास, जो 'बॉम्बे बेगम', 'हड्डी', 'घूमर' जैसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रही हैं, ने साझा किया कि कैसे एक ट्रांस अभिनेता होने के नाते, उन्हें अक्सर सीमित भूमिकाएं मिलती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए, और समान अवसर दिए जाने चाहिए। इवांका ने कहा, यह वास्तव में निराशाजनक होता है, जब मुझे अपनी प्रतिभा के अनुसार उस तरह की भूमिकाएं नहीं मिलती हैं, जिनकी मैं हकदार हूं और जिस तरह के अवसर मैं चाहती हूं। लेकिन, कहीं न कहीं मुझे खुद के लिए काम करना है और अपना घर चलाना है, बहुत सारे खर्चे हैं, जो मुझे देने पड़ते हैं, इसलिए मुझे जो काम मिलता है, वह करना पड़ता है। मैं अब भी उस तरह के काम के बारे में सोचने और छांटने की कोशिश करती हूं जो मेरे लिए उपयुक्त हो और मुझे आगे बढ़ने में मदद करे, क्योंकि अगर मैं कुछ भी ऐसा करूंगा जो मेरे रास्ते में आएगा, तो मैं शायद आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।" 'माजा मा' फेम ने कहा, लोग आपको वही काम देंगे जो आप अब तक करते आए हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि यह व्यक्ति इस तरह की भूमिकाएं कर रहा है, इसलिए बड़ी भूमिकाएं उपयुक्त नहीं होंगी। ये सब बहुत निराशाजनक हैं।